* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 32

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

अंबानी ने की ममता की तारीफ, 45 हजार करोड़ का निवेश



**FLORENCE Group of Institutions**
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharm
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177

## अब परिवार की सभी बच्चियों को मिलेगा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने विश्व बाल दिवस के अवसर पर बाल पत्रकारों से किया संवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ अब परिवार की सभी बच्चियों को मिलेगा। विश्व बाल दिवस-2023 के अवसर पर मंगलवार को यूनिसेफ के बाल पत्रकारों से संवाद के दौरान उन्होंने यह घोषणा की। पहले इस योजना में एक परिवार से सिर्फ दो बच्चियों को लाभ देने की सीमा तय की गयी थी। सीएम ने बच्चों से कहा कि आप पढ़ेंगे तो उचित-अनुचित का अंतर समझ सकेंगे। सोच का दायरा बढ़ेगा और सही निर्णय ले सकेंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने अभिभावकों से खुल कर किसी भी मुद्दे पर बात करें। अच्छे सहयोगी बनायें। स्वस्थ वातावरण में रहें। इससे आप मानसिक रूप से मजबूत बनेंगे। पढ़ाई से ही बेहतर भविष्य का रास्ता तय होता है। बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

रेल मंत्री पहुंचे रांची, मीडिया से बात की

## झारखंड का सपना हो रहा साकार : अश्विनी

**झारखंड में चल रही हैं 5271 करोड़ की रेल परियोजनाएं**

**राज्य के 57 स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची में जोश के साथ आपने स्वागत किया है। इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे को पूरी तरह से मॉडर्नाइज करने का बीड़ा उठाया है। अपने झारखंड की केवल बात करूं, तो आप देखें कि 2014 में जब भारत की जिम्मेदारी, देश के नेतृत्व की जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी जी को सौंपी गयी, उससे पहले जब यूपीए की सरकार थी, इतने महत्वपूर्ण प्रदेश को रेलवे के लिए क्या मिलता था। मात्र मिलते थे 2800 करोड़ रुपये। इतने बड़े प्रदेश के लिए 2800 करोड़ रुपये में क्या मिलता था। कभी दस मीटर की लाइन टूट गयी। कभी स्टेशन को पेंट कर दिया। बस इससे ज्यादा कुछ हो ही नहीं पाता था। आपको पता है कि नरेंद्र मोदी जी झारखंड को रेलवे के डेवलपमेंट के लिए क्या दे रहे हैं। आपका विकसित झारखंड बनाने का सपना साकार हो रहा है। 5271 करोड़ झारखंड में रेलवे के विकास के लिए नरेंद्र मोदी दे रहे हैं। उसी अनुपात में काम भी हो रहा है। झारखंड में कुल मिला कर आज की तारीख में रेलवे का इन्वेस्टमेंट होनेवाला है 43 हजार 211 करोड़। मोदी जी जब काम करते हैं, तो बड़ा ही काम करते हैं। छोटा काम नहीं करते। अब झारखंड के लिए 57 स्टेशन वर्ल्ड क्लास बनाने का संकल्प लिया है। बालसिरिंग, बानो, बरकाकाना, वासुकीनाथ, भागा, बोकारो स्टील, चाइबासा, चक्रधरपुर, चांडिल, चंद्रपुरा, डालटनगंज, देवघर, धनबाद, दुमका, गम्हरिया, गढ़वा, गढ़वा टाउन, गिरिडीह, घाटशिला, गोड्डा, गोविंदपुर, हटिया, हजारीबाग रोड, जामताड़ा, जपला, जसीडीह, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, मधुपुर, मनोहरपुर, मुरी जंक्शन, गोमो, नगर उंटारी, नामकुम, पाकुड़, पारसनाथ, पिस्का, खरसावां, राजमहल, रामगढ़ कैंट, रांची जंक्शन वर्ल्ड क्लास बनेंगे। और यह तो केवल पहली किस्त है। मोदी जी के थर्ड टर्म में अभी तेरह सौ स्टेशन हो रहे हैं। मोदी जी आगे डेढ़ हजार स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास बनाने का संकल्प लेनेवाले हैं। आनेवाले समय में 43211 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट होनेवाला है। इतने बड़े काम के लिए राज्य सरकार का कई तरह का सहयोग जरूरी है। नयी पटरी बिछाने के लिए जमीन चाहिए, फॉरेस्ट का क्लियरेंस चाहिए, उसके लिए राज्य सरकार के पास जाना होता है।

(शेष पेज 07 पर, पेज 03 भी देखें)

## चुटूपालू घाटी में बड़ा हादसा, तीन की मौत

**अनियंत्रित ट्रेलर ने दो कार और ट्रैक्टर को मारी टक्कर**

**मृतक के परिजनों ने छह घंटे तक की सड़क जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्य मार्ग पर मंगलवार को हुए बड़े हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि नौ अन्य घायल हो गये। यह हादसा उस समय हुआ, जब रामगढ़ की तरफ जा रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने दो कार और ट्रैक्टर को टक्कर मार दी और फिर चट्टान से जा टकराया। दुर्घटना में ट्रैक्टर सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि पलटे ट्रेलर में दबने से खलासी की मौत हो गयी। वहीं, ट्रेलर में दबे चालक को घायल अवस्था में सदर अस्पताल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे ट्रेलर स्टील का रोल लेकर जा रहा था। इस बीच चुटूपालू घाटी में वह अनियंत्रित हो गया। उसने आगे चल रही सेलेरियो और इनोवा कार को टक्कर मारने के बाद 50 मीटर आगे गिट्टी लदे ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद वह सड़क किनारे नाला में चट्टान से जा टकराया। इससे केबिन में दबने से खलासी की मौत हो गयी। ट्रैक्टर चालक और उस पर सवार युवक की भी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उनकी पहचान ओरमांझी के खीराबेड़ा के बसई टोला निवासी दिनेश बेदिया (24) और अखरा टोला निवासी शंकर बेदिया (28) के रूप में हुई है।

## मुस्कुराते दिखे टनल में फंसे मजदूर, खाया गर्म खाना

**उत्तरकाशी (आजाद सिपाही)। सिलक्यारा सुरंग में अंदर फंसे मजदूरों को बचाने के अभियान के 10वें दिन मंगलवार को सुकून भरी खबर मिली। एक एंडोस्कोपिक कैमरा मजदूरों तक पहुंचाया गया और पहली बार उन्हें देखा गया। सभी मजदूर सुरक्षित हैं और मुस्कुराते हुए दिखे। इससे पहले देर रात छह इंच के पाइप से उन तक खिचड़ी पहुंचाने में सफलता मिली और फिर वॉकी-टाकी के जरिये बात करने की कोशिश भी की गयी। कैमरे के सुरंग में भेजे जाने को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी ट्वीट कर जानकारी दी। बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों ने बताया कि उन्हें मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लेने का भरोसा है।**

### न्यूज रील्स

#### साहिबगंज एसपी से इडी की पूछताछ आज

रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से इडी की टीम बुधवार को पूछताछ करेगी। इडी ने 10 नवंबर को समन जारी कर एसपी नौशाद आलम को पूछताछ के लिए 22 नवंबर को रांची के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश दिया था। उनके खिलाफ साहिबगंज में अवैध खनन के गवाह विजय हांसदा को भड़काने का आरोप है। इसके साथ ही पंकज मिश्रा बनाम विजय हांसदा मामले में उन्हें दिल्ली भेजने के लिए टिकट की व्यवस्था कराने का भी आरोप है।

#### स्वदेशी एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय नौसेना और डीआरडीओ ने मंगलवार को स्वदेश में निर्मित नेवल एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण किया। सीकिंग 42बी हेलीकॉप्टर से यह परीक्षण किया गया। अहम मिसाइल तकनीक के मामले में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह परीक्षण बेहद अहम कदम है। परीक्षण के दौरान नौसेना और डीआरडीओ के शीर्ष अधिकारियों ने भी इस टेस्ट पर नजर बनाये रखी। नौसेना ने जो वीडियो जारी किया है, उसमें दिख रहा है कि महासागर के ऊपर उड़ रहे भारतीय नौसेना के हेलीकॉप्टर ने एंटी शिप मिसाइल फायर की, जिसने सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य को भेद दिया।

#### मोदी और योगी को धमकी देनेवाला गिरफ्तार

मुंबई (आजाद सिपाही)। दाऊद इब्राहिम गिरोह के नाम पर मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष में धमकी भरे कॉल करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसने दावा किया था कि गिरोह ने उसे पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की हत्या के लिए कहा था। फोन करनेवाले ने जेजे अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

## झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस आज

**उत्कृष्ट विधायक और कर्मियों को किया जायेगा सम्मानित**

**जावेद अली और कुमार सत्यम समेत कई कलाकार देंगे प्रस्तुति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस 22 नवंबर को है। दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर विधानसभा की ओर से तैयारी पूरी कर ली गयी है। 22 नवंबर को स्थापना दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक नलिन सोरेन समेत मंत्री और सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक मौजूद रहें। इस साल मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक के रूप में चुना गया है। उन्हें बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार के तहत मुख्यमंत्री के हाथों 51 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। समारोह में छह कर्मियों को भी सम्मानित किया जायेगा। इन कर्मियों को 21-21 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो दिया जायेगा। समारोह में नक्सली घटनाओं में मारे गये राज्य के शहीद जवानों के परिजनों, 10वीं और 12वीं के टॉपरों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों और चंद्रयान मिशन से जुड़े झारखंड के वैज्ञानिकों को विशेष तौर पर सम्मानित किया जायेगा।

23 नवंबर को शाम छह बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कलाकारों के लोक गायन और संगीत से होगी। कार्यक्रम में सिंगर जावेद अली लोगों को अपने गीतों पर झुमायेंगे। वहीं गजल गायक कुमार सत्यम के गजलों का लोग लुत्फ उठायेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के क्रम में हास्य कलाकार रविंद्र जॉनी के व्यंग के तीर भी चलेंगे।

## बिहार में अब 75 फीसदी आरक्षण

### नीतीश कुमार सरकार ने लागू किया अधिनियम

आजाद सिपाही संवाददाता



पटना। बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े आने के 50 दिनों के बाद अब राज्य में आरक्षण का संशोधित प्रावधान लागू कर दिया गया है। 21 नवंबर 2023 को बिहार गजट में प्रकाशन के साथ इसे तत्काल लागू कर दिया गया है। राज्यपाल ने रविवार को इसे मंजूरी दी थी। नये अधिनियम के तहत सीधी भर्ती के लिए, यानी रिक्तियों में अनुसूचित जातियों को 20 फीसदी, अनुसूचित जनजातियों को दो फीसदी, अत्यंत पिछड़ा वर्ग को 25 फीसदी, पिछड़ा वर्ग को 18 फीसदी और आर्थिक रूप से पिछड़ों को 10 फीसदी आरक्षण मिलेगा। प्रोन्नति के लिए अनुसूचित जातियों को 20 फीसदी और अनुसूचित जनजातियों को दो फीसदी आरक्षण मिलेगा। इसके अलावा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग या पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार अगर जाति के आधार पर आरक्षण नहीं लेकर प्रतिभा के आधार पर चुने जाते हैं, तो उनकी नियुक्ति शेष 35 प्रतिशत (आर्थिक आधार पर पिछड़ा 10 फीसदी और 25 फीसदी अनारक्षित पद) के तहत मानी जायेगी।

गजट प्रकाशन के साथ ही मुख्यमंत्री ने मंगलवार को ही 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' सभागार में संशोधित अधिनियम-2023 के प्रावधानों को लागू करने के लिए उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्गों की स्थिति को ध्यान में रखकर आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक किया गया। सभी विभाग इसे ध्यान में रखते हुए आरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को पूर्णतः लागू करें, ताकि लोगों को इसका तेजी से लाभ मिले।

आरक्षण में इस संशोधन के बाद विधेयक का नाम बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियां में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) (संशोधित) अधिनियम 2023 हो गया है। यह बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियां में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम 1991 (बिहार अधिनियम 03, 1992) का संशोधित रूप है। इस अधिनियम की धारा 4(1), 4(2) और 4 (3) में बदलाव किया गया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW
सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,900 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो
आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 22 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# चुनौतियों की कसौटी पर 23 साल की झारखंड विधानसभा

## ■ झारखंड की जनता को राज्य की सबसे बड़ी पंचायत से क्या मिला

## ■ इंदर सिंह नामधारी से रविंद्रनाथ महतो तक क्या-क्या बदला सदन में

आजाद सिपाही **विशेष**

**जब लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में संसदीय प्रणाली की परिकल्पना की गयी और फिर कालक्रम में उसे संघीय व्यवस्था में ढाला गया, तब शायद किसी ने विधानसभा जैसी संस्था की कल्पना नहीं की थी, लेकिन संघीय व्यवस्था की जरूरतों ने विधानसभा की परिकल्पना को साकार किया और आज विधानसभा नामक संस्था किसी भी राज्य की राजनीतिक पहचान को प्रतिबिंबित करती है। झारखंड की विधानसभा भी इस राज्य की पहचान है और प्रदेश की यह सबसे बड़ी पंचायत 23 साल की हो गयी है। किसी भी संस्था के लिए 23 वर्ष का कालखंड उसके कामकाज की समीक्षा के लिए काफी होता है और यही कारण है कि झारखंड विधानसभा के अब तक के सफरनामे पर एक दृष्टि डाली जाये। आम तौर पर कहा जा सकता है कि झारखंड विधानसभा राज्य की सवा तीन करोड़ आबादी की आकांक्षाओं पर यदि पूरी तरह खरी नहीं उतरी है, तो इसने झारखंड को निराश भी नहीं होने दिया है, हालांकि इसके साथ विवाद हमेशा जुड़े रहे। वर्ष 2000 में जब पहली विधानसभा अस्तित्व में आयी थी, तब से लेकर आज तक हर बार कोई न कोई विवादित मुद्दा इसके साथ जुड़ता रहा। चाहे वह विधानसभा की स्थापना से संबंधित विवाद हो या फिर कार्यवाही के दौरान विभिन्न पक्षों के व्यवहार का। इन विवादों के बावजूद सदन ने कई बार सकारात्मक और सार्थक चर्चा कर झारखंड के हित में महत्वपूर्ण फैसले लिये और ऐसी नीतियां बनायीं, जिन पर चल कर झारखंड को लाभ ही मिला। विधानसभा के पहले अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी से लेकर वर्तमान अध्यक्ष प्रो रविंद्रनाथ महतो तक के कार्यकाल में झारखंड विधानसभा कितनी बदली और इसने झारखंड की राजनीतिक पहचान को कहां तक पहुंचाया, इस कहानी को बयां कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

आज से ठीक 23 साल पहले 22 नवंबर 2000 को जब झारखंड की पहली विधानसभा अस्तित्व में आयी थी और एचइसी इलाके में स्थित रसियन हॉस्टल के लेनिन हॉल में इसकी पहली बैठक हुई थी, उस समय सदन के पहले उपाध्यक्ष बागुन सुंब्रुई ने कहा था कि इस सदन में झारखंडियों के सपने आकार लेंगे और उन्हें उड़ने की ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा था कि लेकिन इसके लिए इसे वयस्क होने तक इंतजार करना होगा। अभी तो इसके खेलने-खाने के दिन हैं। बागुन सुंब्रुई की उस टिप्पणी को उस समय राजनीतिक दृष्टि से विवादित करार दिया गया था, लेकिन आज जब झारखंड विधानसभा अपना 23वां स्थापना दिवस मना रहा है, यह टिप्पणी बेहद सटीक लगती है। झारखंड की 82 सदस्यीय विधानसभा, जिसमें एक मनोनीत सदस्य शामिल हैं, की अब तक हुई बैठकों का लब्बो-लुआब यही निकाला जा सकता है कि राज्य की सबसे बड़ी पंचायत ने अब तक के अपने सफर में झारखंड को यदि बहुत अधिक दिया नहीं है, तो निराश भी नहीं किया है।

### चौथी विधानसभा ने पूरा किया कार्यकाल

झारखंड विधानसभा अपना 23वां स्थापना दिवस मना रही है। राज्य की यह सबसे बड़ी पंचायत बहुत सारे बदलावों की साक्षी बनी है। झारखंड की पहली विधानसभा के सभी सदस्य बिहार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। जब अलग झारखंड राज्य बना, तो 81 सदस्यीय विधानसभा का गठन हुआ। इस समय झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो हैं। 22 नवंबर 2000 को पहली विधानसभा का गठन हुआ। इसके बाद 2 मार्च 2005 को दूसरी विधानसभा अस्तित्व में आयी। दिसंबर 2009 में तीसरी विधानसभा का गठन हुआ। दिसंबर 2014 में चौथी विधानसभा का गठन हुआ। वह झारखंड के चुनावी और राजनीतिक इतिहास में पहला मौका था, जब किसी विधानसभा ने अपना कार्यकाल पूरा किया था। दिसंबर 2019 में पांचवीं विधानसभा अस्तित्व में आयी।

### 23 साल के कार्यकाल में नौ विधानसभा अध्यक्ष बने

23 साल के कार्यकाल में झारखंड विधानसभा ने नौ विधानसभा अध्यक्ष देखे हैं। पहली विधानसभा के अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी थे। वह एकमात्र ऐसे विधानसभा अध्यक्ष हैं, जिनको तीन कार्यकाल मिला। वह 22 नवंबर 2000 से 29 मार्च 2004, 4 अप्रैल 2004 से 11 अगस्त 2004 और फिर 15 मार्च 2005 से 14 सितंबर 2006 तक विधानसभा अध्यक्ष रहे। बाबुन सुंब्रुई (कार्यकारी अध्यक्ष) का कार्यकाल 29 मार्च 2004 से 29 मई 2004 तक रहा। इसके बाद मृगेंद्र प्रताप सिंह विधानसभा अध्यक्ष बने। इनका कार्यकाल 18 अगस्त 2004 से 11 जनवरी 2005 तक रहा। सबा अहमद (कार्यकारी अध्यक्ष) का कार्यकाल 12 जनवरी 2005 से 1 मार्च 2005 तक रहा। मौजूदा ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री आलमगीर आलम भी विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं। उनका कार्यकाल 20 अक्टूबर 2006 से 26 नवंबर 2009 तक रहा। रांची के वर्तमान विधायक सीपी सिंह 6 जनवरी 2010 से 19 जुलाई 2013 तक विधानसभा अध्यक्ष रहे। शशांक शेखर भोक्ता 15 जुलाई 2013 से 23 दिसंबर 2014 तक विधानसभा अध्यक्ष रहे। रघुवर दास सरकार के समय 7 जनवरी 2015 से 24 दिसंबर 2019 तक दिनेश उरांव विधानसभा अध्यक्ष रहे। इसके बाद 7 जनवरी 2020 से अब तक रविंद्रनाथ महतो विधानसभा अध्यक्ष हैं।



### विधानसभा का अब तक का कामकाज

पिछले 23 साल में झारखंड विधानसभा की 546 दिन बैठक हो चुकी है और इसने सामान्य कामकाज के अलावा 394 विधेयकों को पारित किया है। यह उपलब्धि छोटी नहीं है। लगातार किराये के भवन में काम निबटाते हुए इस सदन ने राज्य की सवा तीन करोड़ आबादी को वह सब कुछ देने का प्रयास किया है, जो उसके लिए जरूरी था। सदन के पहले अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी से लेकर वर्तमान अध्यक्ष प्रो रविंद्रनाथ महतो तक ने राज्य की इस सर्वोच्च संवैधानिक संस्था की गरिमा को हमेशा अक्षुण्ण रखने का ही प्रयास किया। इतना ही नहीं, सदन के नेताओं ने भी, जिनमें बाबूलाल मरांडी से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक शामिल हैं, ने हमेशा इस संस्था की पवित्रता को राज्य के लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाये रखने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

इसके बावजूद झारखंड की कोई भी विधानसभा विवादों से घिरने से नहीं बच सकी। कहा जाता है कि हर चमकीली वस्तु का दूसरा पहलू उसका स्याह पक्ष भी होता है। यह कहावत झारखंड विधानसभा के साथ भी लागू होती है। कई बार विधानसभा विवादों में घिरी। चाहे नियुक्ति घोटालों को लेकर हो या फिर सदन की कार्यवाही को लेकर, झारखंड विधानसभा का विवादों ने हरदम पीछा किया। खास कर दलबदल संबंधी विवादों को लेकर विधानसभा की छवि पर जो दाग लगे, उसे लेकर झारखंड में चिंता भी जाहिर की गयी। विधानसभा को राजनीति का मंच बनाने की भी भरपूर कोशिश की गयी और जाने-अंजाने इसे हर राजनीतिक दल ने अपने हित के लिए इस्तेमाल किया, जबकि होना यह चाहिए था कि इस मंच का इस्तेमाल केवल राज्यहित के लिए किया जाता। दलबदल के मामले में राज्य की चौथी विधानसभा ने तो रिकॉर्ड ही बना लिया, जब अध्यक्ष ने पूरे पांच साल तक इस मामले की सुनवाई की और सदन की अवधि पूरी होने से ठीक पहले फैसला सुनाया। अब पांचवीं विधानसभा में दलबदल का एक मामला लंबित है और अध्यक्ष कह चुके हैं कि वह बहुत जल्द इस पर फैसला सुनायेंगे। यदि ऐसा होता है, तो यह भी एक रिकॉर्ड ही बनेगा।

एक और विवाद, जिसने झारखंड विधानसभा को कभी नहीं छोड़ा, वह है इसकी समितियों के कामकाज और उनकी रिपोर्ट पर कार्यवाही का सवाल। हर विधानसभा में विधायकों की समितियां बनीं, उन्होंने अपने-अपने विभागों के कामकाज की समीक्षा की और देर-सबेर रिपोर्ट भी सौंपी, लेकिन उन पर क्या कार्रवाई हुई, यह अब तक सामने नहीं आया है। विधानसभा समितियों के साथ कार्यपालिका के रिश्तों पर भी अक्सर सवाल उठते रहे और विधानसभा ने कई बार चेतावनी भी जारी की, इसके बावजूद इस दिशा में बहुत अधिक सकारात्मक प्रगति नहीं हुई।

विवादों के बावजूद झारखंड विधानसभा ने राज्य की हकीकतों को दुनिया के सामने रखा है। पिछले 23 साल में देश के संसदीय कामकाज में झारखंड विधानसभा ने अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करायी है। चाहे पीठासीन पदाधिकारियों का राष्ट्रमंडल सम्मेलन हो या फिर दूसरे आयोजन, झारखंड को प्रतिष्ठा दिलाने में राज्य के प्रतिनिधि कभी पीछे नहीं रहे। इतना ही नहीं, विधानसभा ने आदिवासी सरना धर्म कोड जैसे संवेदनशील और 60 साल से लंबित मुद्दे को सर्वसम्मति से सुलझा कर अनोखी उपलब्धि हासिल की है। अब, जबकि झारखंड विधानसभा किराये के भवन से निकल कर अपने खुद के भवन में चली गयी है और इसकी भव्य इमारत पूरी दुनिया में चर्चित हो रही है, उम्मीद की जानी चाहिए कि राज्य की सबसे बड़ी पंचायत का आगे का सफर बागुन सुंब्रुई की टिप्पणी के अनुरूप होगा, जब यह झारखंड के सपनों को पंख लगायेगी और यहां के सवा तीन करोड़ लोगों को उड़ने का हौसला देगी। वैसे भी किसी राज्य की विधानसभा उसके लोगों की आकांक्षाओं का आइना होती है। झारखंड विधानसभा ने अब तक यहां के लोगों की आकांक्षाओं को देखा भर है। अब उसके सामने इन्हें पूरा करने की चुनौती है, जिसकी जिम्मेवारी सदन के सदस्यों की है। उम्मीद की जानी चाहिए कि झारखंड विधानसभा इस उम्मीद की कसौटी पर खुद को खरा साबित करेगी और तब झारखंड का दौर शुरू होगा।

---

## राजनीतिक हलचल

### मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव : किसकी बनेगी सरकार

## क्या लाडली बहनें निर्णायक भूमिका में रहेंगी

- मतदान बढ़ाने में लाड़ली बहना योजना, पीएम आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का भी अहम योगदान
- भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अहम जिम्मेदारी निभाई



मध्यप्रदेश में 230 विधानसभा सीटों के लिए हुए मतदान के बाद 3 दिसंबर तक लोग अपना-अपना आकलन लगाते रहेंगे। जब तक परिणाम न आ जायें, हर तरफ चर्चा का बाजार गरम रहेगा। कोई भाजपा को जितायेगा तो कोई कांग्रेस को। चर्चाओं की वरीयता में पहली बात वोटिंग के ट्रेंड और टर्नआउट को लेकर होती है। देखा जाये तो एमपी में इस बार रेकॉर्ड तोड़ 77.15 प्रतिशत वोट पड़े हैं, पिछली बार से 1.42 प्रतिशत ज्यादा। कहीं 60 प्रतिशत हैं, तो कहीं 85 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई। बहरहाल वोट का प्रतिशत दोनों प्रमुख दलों को उत्साहित करनेवाला है। बंपर वोटिंग को कांग्रेस परिवर्तन की लहर मान कर चल रही है तो भाजपा को लाडली बहन की अंतर्धारा पर भरोसा है। यदि 1990, 93, 2003, जब सत्ता परिवर्तन हुआ का दृष्टांत लेकर चलें तो वोटिंग ट्रेंड 3 से 5 प्रतिशत तक के उछाल का रहा है। इस बार यह करीब डेढ़ प्रतिशत है, सो यकीनी तौर पर कोई नहीं कह सकता कि वोटिंग ट्रेंड परिवर्तन के किसी बड़े संकेत को व्यक्त करता है। प्रदेश की 35 सीटें ऐसी हैं, जहां महिलाओं के वोट पुरुषों के मुकाबले ज्यादा पड़े। पिछली बार 52 सीटें ऐसी थीं, जहां महिलाएं आगे थीं। इन 52 सीटों में भाजपा को 32 सीटों में विजय मिली थी। 2018 में जोड़-तोड़ करके कांग्रेस ने सरकार बनायी थी, तब भी विंध्य में एक तरह से क्लीन स्वीप हुई। यहां भाजपा को 30 में से 24 सीटें मिलीं थीं। इस बार बड़े कमाल की बात यह है कि इन 30 सीटों में से 24 सीटों में महिलाओं का वोट प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा है। यानी पूरे प्रदेश में विंध्य की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर वोटिंग की। आप मान सकते हैं कि सरकार बनाने और बिगाड़ने में इस बार भी विंध्य की प्रमुख भूमिका रहनेवाली है। विंध्य का परिणाम 2018 की स्थिति की पुनरावृत्ति कर सकता है, यानी भाजपा को 30 में से 24 सीटें। कहें तो एक दो आगे पीछे हों। चुनाव में एक स्वर सुनायी पड़ा- 'परिवर्तन' यह बेरोजगार और नौकरी के लिए कश्मकश कर रहे युवाओं का था। दूसरा कर्मचारियों का, जो ओल्ड पेंशन स्कीम की बात करते हुए बढ़-चढ़ कर सत्ता की मुखालफत कर रहे थे। दूसरी ओर लाडली बहना, लाडली लक्ष्मी, आवास योजना, मुफ्त के राशन, किसान सम्मान पानेवाला बड़ा लाभार्थी वर्ग था, जो अपेक्षाकृत मौन ही रहा। उसके भी स्वर फूटे जरूर, लेकिन वोट देने के बाद। इस चुनाव को आप रस्साकसी के दिलचस्प रोमांचक खेल से समझ सकते हैं। एक छोर पर वो लाभार्थी वर्ग था, तो दूसरी ओर बेरोजगार युवाओं और कर्मचारियों का वंचित वर्ग। यह रस्साकसी घर के भीतर थी और बाहर भी। जिन पैंतीस सीटों में महिलाओं के वोट पुरुषों से ज्यादा पड़े उसे 'लाड़ली बहना' फैक्टर के आवेग का प्रत्यक्ष प्रकटीकरण कह सकते हैं। लेकिन अन्य सीटों में इस फैक्टर ने असर नहीं डाला होगा ऐसा नहीं है। महिलाओं के बढ़े वोट प्रतिशत को एक तरह से दीवाली का बोनस कह सकते हैं। मूल असर तो मतदान की समग्रता के साथ ही है। मोटे तौर पर एक बार गुणा-भाग फिर लगा ही लेते हैं। कुल वोट हुए 5 करोड़ 71 लाख, इसमें महिलाओं के वोट 2 करोड़ 75 लाख के आसपास हैं। लाभार्थी लाडली बहनों की संख्या 1 करोड़ 31 लाख है। 45 लाख लाडली लक्ष्मियां हैं। इसमें 85 लाख उन्हें भी जोड़ दीजिए, जिन्हें किसान सम्मान निधि मिलती है, जो कि इस बार 15 नवंबर को उनके खातों में पहुंची। चुनाव अभियान के बीच ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी रेखा से नीचे वालों को पांच साल और मुफ्त के राशन की घोषणा कर दी। राम मंदिर के शुभारंभ की तैयारी की भक्तिमयी गूंज भी चुनाव के बीच प्रबल रही, तो मोदी की वैश्विक लौह छवि भी। अब इन तमाम कारणों को चुनाव के साथ जोड़ कर कर देखें तो परिणाम कोरे स्लेट में लिखी हुई इबारत की तरह स्पष्ट दिखता है।

---

### राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

## युवाओं को रोजगार, किसानों का कल्याण और महिला सुरक्षा रहेगी पहली प्राथमिकता

25 नवंबर को होनेवाले राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को जन घोषणा पत्र-2 का नाम दिया है। इससे पहले 2018 में सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र का नाम दिया था। 85 पन्ने के घोषणा-पत्र में पार्टी ने अपनी सात चुनावी गारंटियों पर जोर दिया है। इसके अलावा सत्ता में आने पर 12 वादों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने की बात कही गयी है। कांग्रेस के जन घोषणा-पत्र 2 में सबसे पहले गृह लक्ष्मी गारंटी का जिक्र किया गया है। इसके तहत हर परिवार की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपये गारंटी से दिये जायेंगे। कांग्रेस ने कहा कि इससे गृहिणियों के श्रम को सम्मान और आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान होगी। दूसरे स्थान पर गौधन गारंटी का वादा है, जिसके तहत गौवंश पालकों से दो रुपये प्रति किलोग्राम गोबर खरीदा जायेगा। कहा गया है कि इससे पशुपालकों को समृद्धि मिलेगी और खाद निर्माण से कृषि में उन्नति होगी और भूमि की उर्वरता




बढ़ेगी। तीसरे स्थान पर मुफ्त लैपटॉप/टैबलेट की गारंटी का जिक्र किया गया है। इसके तहत राजकीय महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को प्रवेश के समय फ्री लैपटॉप/टेबलेट दिया जायेगा। कांग्रेस ने उद्देश्य में कहा कि मुफ्त लैपटॉप/टैबलेट से शिक्षा और संचार का आधुनिकीकरण होगा और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का भाव आयेगा। चौथी गारंटी चिरंजीवी आपदा राहत बीमा की है। इसके तहत प्राकृतिक आपदा प्रभावित प्रति परिवार को 15 लाख रुपये तक का फ्री बीमा उपलब्ध कराया जायेगा। दावा किया गया कि यह बीमा बाढ़, तूफान, अकाल जैसी प्राकृतिक आपदाओं में सुरक्षा कवच बनेगा। पांचवीं गारंटी अंग्रेजी माध्यम शिक्षा को लेकर है, जिसमें चलो दुनिया से बात करें और भविष्य के रास्ते खोलें का नारा दिया गया है। इसके तहत हर इच्छुक बच्चे को मुफ्त इंग्लिश मीडियम शिक्षा का अवसर गारंटी से मिलेगा, जिससे बच्चे देश दुनिया से जुड़ सकेंगे। उनके अवसरों में वृद्धि होगी और अभिभावकों का आर्थिक भार कम होगा। छठी गारंटी 500 रुपये में गैस सिलेंडर मुहैया कराने की है। कांग्रेस ने कहा कि भविष्य में इसे 400 रुपये करने की गारंटी देते हैं। कांग्रेस ने कहा, 'राज्य सरकार ने देश के सबसे सस्ते रुपये 500 की सिलेंडर योजना का विस्तार एनएफएसए और बीपीएल परिवारों के लिए करने की गारंटी दी है। हम भविष्य में उज्ज्वला, एनएफएसए और बीपीएल परिवारों को और राहत देते हुए रुपये 400 का एलपीजी गैस सिलेंडर करवायेंगे। सातवें स्थान पर ओल्ड पेंशन स्कीम का जिक्र है। कांग्रेस ने कहा कि उपलब्ध ओपीएस को मजबूत करने हेतु कानून का निर्माण किया जायेगा। इस घोषणा पत्र में और भी खास बिंदु हैं। जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के उपाय और कठोर दंड लागू किया जायेगा। महिलाओं से संबंधित कानूनी मामलों को निपटाने के लिए महिला पुलिस स्टेशन की तर्ज पर महिला अदालत का गठन। महिलाओं को उनके मासिक धर्मचक्र के दौरान काम के समय में विशेष अवकाश का प्रावधान। प्रत्येक शहरी वार्ड में जनता क्लीनिक की स्थापना। नफरती भाषण देनेवाले को दंडित करने के लिए कड़े कानून लागू करना। कांग्रेस ने घोषणा-पत्र जारी करते हुए इसमें सात गारंटियों के साथ 12 प्राथमिकताओं का उल्लेख किया है। इनमें से कुछ प्रमुख प्राथमिकताओं पर गौर करें तो प्रथम स्थान पर 'किसानों का कल्याण' रखा गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.2 °c | 14.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.07 बजे |

## रांची में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का भव्य स्वागत, सांसद संजय सेठ ने सौंपा ज्ञापन

# बिरसा मुंडा के नाम पर हो रांची स्टेशन का नामकरण : संजय सेठ

- चुटिया में दोनों ओवर ब्रिज के लिए 15 दिन में डीआरएम को प्रस्ताव भेजने को कहा
- सांसद ने मंत्री को दिया वन स्टेशन-वन लोकल फूड का सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के मंगलवार के रांची दौरे के दौरान सांसद संजय सेठ ने उनका भव्य स्वागत किया। सांसद ने रांची और झारखंड को रेलवे के द्वारा दी गयी सौगातों के लिए मंत्री का आभार जताया। इस दौरान सांसद ने मंत्री को एक आग्रह पत्र भी सौंपा। इस आग्रह पत्र में सांसद ने रेलमंत्री से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है, यह हम सबके लिए गौरव की बात है। इसका गौरव बढ़ाने के लिए क्षेत्र की जनता की अभिलाषा है कि रांची रेलवे स्टेशन का नाम धरती बाबा भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर किया जाये। वर्तमान समय में इस स्टेशन के पुनर्विकास का भी कार्य हो रहा है। इसमें नये स्टेशन परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा लगे।



### 8नामकुम घाट पास अंडर पास बने

सांसद ने कहा कि स्वर्णरिखा नदी पर नामकुम घाट स्थित है, जहां श्रावण और छठ महापर्व में बड़ी संख्या में लोग उत्सव मनाते हैं। इस घाट पर जाने का एकमात्र रास्ता था, जिसे रेलवे के द्वारा बंद कर दिया गया है। श्रावण मास में इस रास्ते को 2 महीने के लिए खुलवाया गया था और अभी छठ के समय में भी इसे 2 दिन के लिए खुलवाया गया। यह एक महत्वपूर्ण विषय है। यहां एक बड़े अंडरपास की आवश्यकता है ताकि क्षेत्र की जनता का आवागमन सुगम हो सके। रांची स्टेशन के समीप पुंदाग-भागलपुर बस्ती है। जहां 25000 से अधिक की आबादी रहती है। यह आबादी अपने दैनिक कार्यों के लिए पहले रेलवे पटरी पर कर आना-जाना करती थी। रेलवे की गति बढ़ाने के कारण ऐसे रास्तों को बंद कर दिया गया है, जिससे इस क्षेत्र की आबादी का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। यहां रेलवे अंडरपास या बाईपास का निर्माण आवश्यक है।

नामकुम, टाटीसिलवे, मैक्लुस्कीगंज और सिल्ली इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्टेशन हैं। कोरोना काल में हुए लॉकडाउन के पूर्व यहां कई ट्रेनों का ठहराव होता था। वर्तमान समय में कई ट्रेनों का ठहराव यहां बंद है। लॉकडाउन से पूर्व जितनी ट्रेनों का ठहराव होता था, उन सबका ठहराव पुनः आरंभ किये जाने की आवश्यकता है।

**चुटिया में ओवरब्रिज का जल्द निर्माण हो :** सांसद ने कहा कि राजधानी रांची का महत्वपूर्ण क्षेत्र चुटिया है, जहां रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की मांग विगत कई दशकों से होती रही है। रेलवे ओवरब्रिज नहीं होने के कारण रेलवे फाटक के समीप लंबा जाम लगता है। प्रतिदिन 1 लाख से अधिक की आबादी से प्रभावित होती है। इस पर भी सार्थक पहल किये जाने की आवश्यकता है। इस पर मंत्री ने 15 दिन के अंदर प्रस्ताव मंगवाने की बात कही।

वहीं सांसद ने रांची से दक्षिण भारत जाने के लिए धनबाद से चलने वाली एलेप्पी एक्सप्रेस एकमात्र सहारा है। इस ट्रेन से बड़ी संख्या में लोग रोजी रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा के लिए आवाजाही करते हैं। इस ट्रेन की स्थिति यह है कि वेटिंग टिकट की लाइन लगातार लंबी होती जा रही है, ऐसे में रांची से काठपाड़ी तक एक नयी ट्रेन चलाये जाने की आवश्यकता है। सांसद ने रेलमंत्री से रांची लोहरदगा की तर्ज पर रांची सिली मुरी तक एक पैसेंजर ट्रेन चलाये जाने की आवश्यकता है।

श्री सेठ ने कहा कि देश की कोयला राजधानी धनबाद, स्टील का बड़ा क्षेत्र बोकारो और झारखंड की राजधानी रांची को जोड़ते हुए भी एक पैसेंजर ट्रेन चलाये जाने की आवश्यकता है। दक्षिण पूर्व रेलवे के लगभग सभी स्टेशनों का पुनर्विकास का कार्य चल रहा है। रेल महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधकों को यह निर्देश दिया जाना चाहिए कि प्रत्येक महीने में मीडिया के साथ कॉन्फ्रेंस करें और क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं के गति प्रगति की जानकारी दें। सांसद ने कहा कि विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर वन स्टेशन वन लोकल फूड की तर्ज पर एक योजना बनायी जाये। उस क्षेत्र के संबंध स्थानीय भोजन को उसमें शामिल किया जाये। आइआरसीटीसी के माध्यम से यह कार्य करवाया जा सकता है।

सांसद ने मंत्री को यह भी सुझाव दिया कि सभी ट्रेनों में चलने वाले टीटीई के पास फर्स्ट एड कीट उपलब्ध करायी जाये ताकि सामान्य चिकित्सा की जरूरत पड़ने पर यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — पुरानी चिन्ताओं से मुक्ति, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **वृष** — वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, दीर्घकालीन योजनाओं पर धनव्यय होगा।
- **मिथुन** — नवीन योजनाएं कार्यान्वित होंगी, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।
- **कर्क** — अपनी संकल्प शक्ति मजबूत बनाकर ही कोई काम करें, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा।
- **सिंह** — आर्थिक-व्यावसायिक स्थितियां सामान्य रहेंगी, परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।
- **कन्या** — अप्रिय स्थिति का सामना होगा, कर्मक्षेत्र में अवरोध-विरोध, विशेष परिश्रम के बाद आंशिक सफलता।
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे।
- **वृश्चिक** — हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा।
- **धनु** — निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।
- **मकर** — जमीन-मकान,स्थिर सम्पत्ति सम्पति से संबंधित काम सिद्ध होंगे, रोजी-रोजगार में थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
- **कुंभ** — बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे, राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

# सीएम हेमंत सोरेन को अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़, लालपनिया, गोमिया, बोकारो के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 26-27 नवंबर को आयोजित होनेवाले दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस महासम्मेलन में देश-विदेश से हजारों सरना धर्मावलंबी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात करनेवालों में लुगुबुरु घंटाबाड़ी के अध्यक्ष बबली सोरेन, देश परगना बैजू मुर्मू , जयराम हांसदा, बबलू हेंब्रम, दासमाथ हांसदा, दुर्गा चरण मुर्मू ,सीता मुर्मू और सविता टुडू शामिल थीं।



## मुख्यमंत्री 24 को बरहेट में करेंगे जनसभा को संबोधित

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री सह बरहेट विधायक हेमंत सोरेन अपने एक दिवसीय दौरे पर 24 को साहिबगंज पहुंचेंगे। सीएम भोगनाडीह से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत करेंगे। इस दौरान वह बारी-बारी से सभी 24 जिलों में जिला स्तरीय कैंप में शामिल होंगे। 29 दिसंबर को रांची में आयोजित कैंप में इस अभियान का समापन होगा। इस दौरान सीएम ने सभी पंचायतों और प्रखंडों में भी कैंप लगाने का निर्देश दिया है, जिसमें वन पट्टा से लेकर पेंशन, म्यूटेशन, राशन कार्ड समेत विभिन्न योजनाओं का निष्पादन कैंप में ही ऑन द स्पॉट किया जायेगा। वहीं 24 को ही बरहेट के गोपलाडीह फुटबॉल मैदान में जनता को संबोधित कर करोड़ों की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण भी करेंगे। उक्त जानकारी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी ने दी। सीएम के आगमन को लेकर गोपालडीह फुटबॉल मैदान में जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। भव्य पंडाल बनाया जा रहा है।



## राज्य में 39 बीडीओ की हुई ट्रांसफर-पोस्टिंग

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की तरफ से बीडीओ स्तर के 39 अधिकारियों का तबादला किया गया है। इसकी अधिसूचना ग्रामीण विकास विभाग के उपसचिव संजीव कुमार की ओर से जारी की गयी है। अधिसूचना के मुताबिक निखिल गौरव को चतरा जिले के हंटरगंज का बीडीओ बनाया गया है। पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे हरि उरांव को देवघर जिले के करो प्रखंड का नया बीडीओ बनाया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत राजेश कुमार सिन्हा को धनबाद के बलियापुर का बीडीओ बनाया गया है। हजारीबाग सदर की बीडीओ गुंजन कुमारी सिन्हा, गिरिडीह के सरिया की बीडीओ पायल राज, साईं के व्याख्याता रोहित सिंह की सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग (झारखंड) को वापस कर दी गयी है।

# मुसाबनी जंगल में पांच हाथियों की मौत

## वन विभाग पर लापरवाही का आरोप

- मृत हाथियों में तीन बच्चे, एक नर हाथी और एक मादा हाथी शामिल हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी वन क्षेत्र के ऊपरबांधा जंगल के पास तीन हाथी के बच्चे सहित पांच हाथियों की मौत हो गयी। इन हाथियों की मौत 33 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आने से हुई है।

घटना सोमवार रात की है, लेकिन मंगलवार दोपहर 1:00 बजे तक वन विभाग को मामले की भनक तक नहीं थी। कुछ ग्रामीण सूखी लकड़ियां और पत्ते लाने के लिए जंगल की ओर गये थे। उन्होंने ही हाथियों को मृत देखा। ग्रामीण मृत हाथियों की फोटो खींच कर लाये, तब जाकर



### कैसे हुआ हादसा

मृत हाथियों में तीन बच्चे, एक नर हाथी और एक मादा हाथी शामिल हैं। इन हाथियों की मौत के पीछे का कारण वन विभाग की लापरवाही बतायी जा रही है। दरअसल, ऊपरबांधा जंगल में महज 11 फीट ऊपर से ही 33 हजार वोल्ट का तार गुजरा है। इधर, वन विभाग ने कुछ दिन पहले ही जंगल में ट्रेंच खोदा है और मिट्टी का टीला बगल में ही पड़े रहने दिया। इसी रास्ते से हाथी गुजर रहे थे। रास्ता पार करने के दौरान मादा हाथी मिट्टी के टीले पर चढ़ गयी और ऊपर से गुजर रहे तार से सट गयी। इस तरह मादा हाथी करंट का शिकार हो गयी। वहीं, हाथी के बच्चे भी उसके पैर और सूंड के संपर्क में थे। एक-एक कर पांचों हाथी करंट का शिकार हो गये और सभी की मौत हो गयी।

### तीन-चार दिनों से इलाके में घूम रहा है हाथियों का झुंड

बता दें कि मुसाबनी वन क्षेत्र के आसपास के गांवों में तीन-चार दिनों से हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है, लेकिन वन विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीण खुद की रक्षा के लिए हाथियों को खदेड़ कर जंगल की ओर भेजते हैं, लेकिन वन विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुसाबनी क्षेत्र के किसान हाथियों से परेशान हैं। हाथी लगातार गांव के किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वन विभाग को इसकी सूचना दी गयी है। हाथियों का उत्पात बढ़ते जा रहा है। हाथियों के डर से ग्रामीण भयभीत हैं। लेकिन वन विभाग मौन है।

## रांची हिंसा मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में मंगलवार को रांची में 10 जून, 2022 को हुई हिंसा मामले की एनआइए जांच को लेकर दायर जनहित याचिका की आंशिक सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की अधिवक्ता के आग्रह पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर निर्धारित की है।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा था कि वह कैसे इस केस को एनआइए को ट्रांसफर करने की मांग कर रहे हैं। क्या इसका कोई साक्ष्य है कि यह घटना शेड्यूल ऑफिंस के तहत आ रही है। एनआइए और राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया था कि यह मामला शेड्यूल ऑफिंस के दायरे में नहीं आता है।

रांची हिंसा मामले में दायर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआइए, इडी को प्रतिवादी बनाया गया है।



अदालत से मामले की एनआइए जांच करा कर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक 2016 के अनुसार आरोपितों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया गया है। याचिका में रांची की घटना को प्रायोजित बताते हुए एनआइए से जांच करके यह पता लगाने का आग्रह किया है कि किस संगठन ने फंडिंग कर घटना को अंजाम दिया।


दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-निविदा सूचना सं. : ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-19-ईएससीटी-23,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/राँची, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची के द्वारा निविदा सूचना सं. **ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-19-ईएससीटी-23, दिनांक 18.11.2023** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 14.12.2023 को 16.00 बजे या उसके बाद है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** एसी कोचों में एस्कॉर्टिंग, परिचालन और समस्या निवारण कार्य के लिए एसी मैकेनिक की आउटसोर्सिंग के लिए प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 2,05,17,931.44, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति :** रु. 2,52,600/- **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.12.2023 को 16.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https:// www.ireps.gov.in निविदा का विवरण वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-844)


## बाबूलाल मरांडी उत्तराखंड टनल में फंसे मजदूरों के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले

# भारत सरकार मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर : नितिन गडकरी

- केंद्रीय मंत्री ने सभी मजदूरों के शीघ्र सकुशल बाहर निकालने का दिया भरोसा
- प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर गिरिडीह जिलाध्यक्ष ने मजदूरों के आवास पहुंचकर परिजनों से करायी बात
- प्रदेश अध्यक्ष ने गिरिडीह के दो मजदूरों के परिजनों से दूरभाष पर की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को नयी दिल्ली में भारत सरकार के सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की तथा उत्तराखंड टनल में झारखंड के 15 मजदूरों के सकुशल बाहर निकाले जाने के संबंध में बात की और मजदूरों के परिजनों की चिंता से अवगत कराया।

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड से बड़े पैमाने पर मजदूर बाहर के राज्यों में मजदूरी करने जाते हैं। ऐसे हादसों से परिजनों के साथ बाहर जाकर कमाने वाले मजदूरों के परिजनों की चिंता बढ़ जाती है।



श्री मरांडी ने कहा कि कई ऐसे मजदूर हैं जिनके माता-पिता दिव्यांग हैं, घर में उनके सिवा कोई कमाने वाला नहीं है। ऐसे माता-पिता और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फंसे मजदूर के घरों में इस वर्ष दीपावली-छठ जैसे त्योहार नहीं मनाये गये। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे दिन बीत रहे परिजन हताश और भयभीत हो रहे हैं। उन्होंने भारत सरकार एवं उत्तराखंड सरकार की देखरेख में चल रहे बचाव कार्य की जानकारी ली।

श्री मरांडी के निर्देश पर भाजपा गिरिडीह जिलाध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश साव बिरनी प्रखंड के सिमराधाब गांव पहुंचे जहां के मजदूर सुबोध शर्मा टनल हादसे में फंसे हैं। श्री मरांडी ने सुबोध शर्मा के माता-पिता से भी बात की तथा बेटे के सकुशल वापसी का ढांढस बंधाया।

श्री मरांडी ने कहा कि इसके पूर्व उनके निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने ओरमांझी प्रखंड चुटुपालू के मजदूर के परिजनों से मुलाकात कर उनके हाल-चाल की जानकारी ली थी।

श्री मरांडी ने कहा कि आज पूरा प्रदेश झारखंड के मजदूरों की सकुशल वापसी की कामना कर रहा। केंद्र सरकार और उत्तराखंड सरकार के सार्थक प्रयासों से मजदूर बहुत जल्द टनल से बाहर निकल कर अपने घर पहुंचेंगे।


झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, पलामू
पुराना डी.आर.डी.ए. भवन, कचहरी परिसर, मेदिनीनगर, पलामू

शुद्धि-पत्र

जे.एस.एल.पी.एस. पलामू द्वारा ई0 निविदा प्रक्रिया के तहत ई0 निविदा संख्या – JSLPS/PAL/513 दिनांक 14.11.2023 एवं निविदा ID 2023_JSLPS_77621_1 में वर्णित कार्य जिसमें निविदा में भाग लेने हेतु ANNEXURE-1 में पहचान पत्र के आकार एवं डिजाईन में संशोधित किया गया है वास्तविक आकार 4''लम्बाई तथा 3'' चौडाई था जबकि संशोधित आकार 5'' लम्बाई तथा 3.75'' चौड़ाई किया गया है। शुद्धि पत्र Jharkhandetender.gov.in में निविदा ID 2023_JSLPS_77621_1 के प्रसंग अपलोड कर दिया गया है।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

पत्रांक संख्या : 522
दिनांक : 21.11.2023

जिला कार्यक्रम प्रबंधक
जे.एस.एल.पी.एस.
पलामू







आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 22 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## रांची नगर निगम के वार्डों में 24-26 नवंबर तक आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार

**रांची।** रांची नगर निगम के विभिन्न वार्डों में भी 24 नवंबर से 26 नवंबर तक आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इसका आयोजन होना है। निगम के सभी 53 वार्डों में इसका आयोजन होना है। निर्धारित अवधि में हर दिन दो वार्ड में आयोजित होनेवाले इस कार्यक्रम के जरिये शिविर लगा कर आमजनों से उनकी शिकायतों का आवेदन लिया जायेगा। इसका ऑन स्पॉट निदान भी होगा। निगम के मुताबिक आवेदनों को स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही उपलब्ध कराना इस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। शिविर में लोगों को निगम द्वारा चलायी जा रही योजनाओं तथा उसका लाभ लेने की जानकारी भी दी जायेगी।

**शिविर में इसके लिए दे सकते हैं आवेदन :** 24-26 नवंबर को आयोजित होनेवाले शिविरों में लोग विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन भी कर सकते हैं। जन्म के 30 दिनों के अंदर आनेवाले बच्चों का जन्म निबंधन, मृत्यु की स्थिति में 30 दिनों के अंदर डेथ सर्टिफिकेट के लिए निबंधन, वाटर टैक्स का भुगतान, म्यूनिसिपल ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन, लॉज, छात्रावास के पंजीकरण के लिए आवेदन, पीएम स्वनिधि के अंतर्गत आवेदन, एसएचजी के लिए आवेदन सहित निगम से संबंधित स्कीमों के लाभ के लिए भी आवेदन किया जा सकता है।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


# बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियां भी जरूरी हैं : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को बाल पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद और अन्य क्रिएटिविटी भी जरूरी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव, यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनीनिका मित्रा, कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट आस्था अलंग, कंसल्टेंट राजेश कुमार झा और देवांजलि मंडल, एनबीजेके की सुष्मिता भट्टाचार्जी, विवेक कुमार, सरिता देवी और दिवाकर प्रसाद मौजूद थे।

बाल पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के साथ अपने शैक्षणिक अनुभवों और गतिविधियों को साझा किया तथा कई सवाल भी किये। मुख्यमंत्री ने बच्चे-बच्चियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, पढ़ाई से नाता नहीं तोड़ें। पढ़ाई से ही बेहतर भविष्य का रास्ता तय होता है।

### रांची और पश्चिमी सिंहभूम में करीब 10 हजार बाल पत्रकार

सीएम हेमंत सोरेन को यूनिसेफ की ओर से बताया गया कि रांची और पश्चिम सिंहभूम जिले में लगभग 10 हजार बाल पत्रकार हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी बच्चों को राज्य के बाहर के अच्छे और बेहतर संस्थानों और अन्य संस्थाओं का चरणबद्ध तरीके से भ्रमण करायें। इन्हें बड़े स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनी और मेला में भी ले जायें। इससे बच्चों को एक्स्पोजर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार की ओर से भी सहयोग किया जायेगा।

### अभिभावक से करें अपनी परेशानियों को शेयर

सीएम ने कहा कि आज शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसमें बच्चे तनाव में आ जा रहे हैं। इस तनाव के कारण कई बच्चे डिप्रेशन में भी चले जाते हैं। बच्चों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता, अभिभावक और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हर मुद्दे पर खुल कर बात करें। अच्छे सहयोगी बनायें और स्वस्थ वातावरण में रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की चुनौती आये, आप पढ़ाई नहीं छोड़ें। अपने माता-पिता और अभिभावकों को बतायें कि सरकार बच्चे-बच्चियों को शिक्षा के लिए बेहतर राह दिखा रही है।

# श्री सिद्धिविनायक हाउस ऑफ इमिटेशन ज्वेलरी की रिओपनिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कार्ट सराय रोड अपर बाजार स्थित श्री सिद्धिविनायक हाउस ऑफ इमिटेशन ज्वेलरी की रिओपनिंग मंगलवार को हुई। शॉप का उद्घाटन नौ कन्याओं के द्वारा किया गया। प्रतिष्ठान की संचालिका नेहा अड़ूकिया ने बताया कि प्रतिष्ठान में रांची वासियों को जयपुर के इमिटेशन ज्वेलरी के खूबसूरत कलेक्शन मिलेंगे। यहां वेडिंग कलेक्शन से लेकर फैशन ज्वेलरी, तंजौर ज्वेलरी, राजवाड़ा ज्वेलरी, कुंदन, पोल्की, फिन्यूजन ज्वेलरी की पूरी रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा विक्टोरियन पोल्की, मोजो नाइट, अनकट में विस्तृत वेराइटी देखने को मिलेंगी। नेहा ने कहा कि सिद्धिविनायक के कलेक्शन रांची वासियों को जरूर पसंद आयेगा। यहां महिलाओं की सजने संवरने की हर चीज उपलब्ध है।

> यहां फैशन ज्वेलरी, तंजौर ज्वेलरी, राजवाड़ा ज्वेलरी, कुंदन, पोल्की, फिन्यूजन ज्वेलरी की पूरी रेंज उपलब्ध

## चडरी सरना समिति ने किया सफाई कर्मियों को सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चडरी सरना समिति ने छठ महापर्व के समापन और जतरा महोत्सव के अवसर पर चडरी तालाब में रांची नगर निगम के वार्ड 18 के सभी सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष सह चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा और पूजा समिति के संरक्षक जितेंद्र सिंह के विशेष प्रयास से हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विक्की सोनी, वार्ड 18 के सुपरवाइजर दिलीप रजक, सबलू खान, सागर भगत, अमरेंद्र दुबे, सचिन लाल उपस्थित थे।

## आरएस फाउंडेशन ने गोपाष्टमी पर्व मनाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोपाष्टमी के दिन गौ माता की विशेष पूजा की जाती है। गौ माता की आरती करनी चाहिए। सनातन धर्म के पुराणों और धर्मग्रंथों में कहा गया है कि गौ माता के अंग में कान से पूंछ तक में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। आरएस फाउंडेशन के सदस्यों ने इस दिन के महत्व को समझते हुए सुकुरहुट्टू गौशाला में गौ माता की विशेष पूजा की एवं उन्हें गुड़ और हरी सब्जी का सेवन कराया। इस मौके पर संस्था के पंकज बंका, बजरंग गुप्ता आदि मौजूद थे।

## तिरिल में छठ पूजा जतरा का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तिरिल कोकर रांची में सोमवार शाम में छठ पूजा जतरा का आयोजन किया गया, जिसमें तिरिल टुनकी टोला अखरा कोचा के भाई-बहनों ने अपना पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि जे नाची से बाची अर्थात अपनी परंपरा को बचाये रखना सबसे जरूरी है। इस अवसर पर संयोजक संतोष महतो, संरक्षण सनीचरवा उरांव, संजय तिर्की, अर्जुन यादव, विशाल, सुनील, जगदेव महतो, मोहन महतो, सतीश दीपक उपस्थित थे।

## धर्म-जाति, अमीर-गरीब का कार्ड खेलती है भाजपा : बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि भाजपा सभी प्रकार की राजनीतिक मर्यादाओं को ताक पर रख कर अपनी सुविधा और स्वार्थ के अनुसार धर्म-जाति, अमीर-गरीब जैसे कार्ड खेलती है। श्री तिर्की ने कहा कि चुनावी शतरंज की बिसात बहुत अधिक महत्वपूर्ण है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संवैधानिक पद पर हैं और उन्हें जन भावनाओं और सच का भी ख्याल रखना चाहिए।

श्री तिर्की ने कहा कि राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर खूंटी में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासियों को पुचकारने और दुलारने का अभिनय बहुत बढ़िया तरीके से किया। भाजपा का मीडिया मैनेजमेंट भी अच्छा था और उन्होंने संपूर्ण विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस के माथे पर 75 साल की अनेक नाकामियों को डाल दिया, जो पूरी तरीके से न केवल तथ्यात्मक, बल्कि भावनात्मक दृष्टिकोण से भी गलत है।

श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से स्वयं को आदिवासियों का हितैषी साबित करते हैं, लेकिन वास्तविकता यही है कि मणिपुर में लंबे समय से आदिवासियों के ऊपर हो रहे अत्याचार और गृह युद्ध के बाद भी उन्होंने अब तक एक बार भी मणिपुर का दौरा नहीं किया। इसके अतिरिक्त भाजपा शासित प्रदेशों में आदिवासियों के ऊपर हो रहा अत्याचार किसी से भी छुपा हुआ नहीं है। श्री तिर्की ने कहा कि पिछले साल जुलाई में हुए राष्ट्रपति चुनाव में भी भाजपा ने राष्ट्रपति जैसे मर्यादित और संवैधानिक पद को जातिगत दायरे में बांध दिया और यही कारण है कि दिसंबर 2022 में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 27 में से 23 सीटों पर जीत मिली, जबकि पहले उसे इनमें से केवल 10-11 मिलती थीं।

श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा हमेशा से धर्म और जाति की राजनीति करती आयी है और राजस्थान चुनाव प्रचार अभियान में भी वह ऐसा ही कर रही है। उन्होंने कहा कि अपनी इसी स्वार्थी राजनीति के तहत खूंटी में 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर जिस शासकीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उसका एकमात्र उद्देश्य मध्यप्रदेश की 230 और छत्तीसगढ़ की बाकी बची 70 सीटों के साथ ही राजस्थान की 200 सीटों पर आदिवासी मतदाताओं को अपने पक्ष में आकर्षित करना था।

## किसे दें लोकसभा टिकट, झारखंड में सर्वे करा रही बीजेपी, सीटिंग एमपी को भी टास्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर भाजपा सर्वे करा रही है। सर्वे का काम एक निश्चित अंतराल पर हो रहा है। अगले महीने पांच राज्यों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जायेगा। राज्यों की चुनाव समिति की अनुशंसाओं के बाद पार्टी का पार्लियामेंट्री बोर्ड उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगायेगा। झारखंड की 14 लोकसभा सीट के लिए चुनाव जीतने में कौन उम्मीदवार जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं की नजर में सबसे योग्य हो सकता है, इसे लेकर सर्वे कराया जा रहा है। सर्वेक्षण में संभावित उम्मीदवारों के नामों को लेकर यह पता करवाया जा रहा है कि किसकी जनता तक नियमित पहुंच है। कौन उम्मीदवार क्षेत्र में कितना सक्रिय है। भाजपा के वर्तमान लोकसभा प्रतिनिधियों के कामकाज, आमलोगों के बीच उनकी पकड़, समस्याओं को लेकर उनकी संजीदगी, उनके निराकरण की दिशा में उनके प्रयास, कार्यकर्ताओं के साथ उनका व्यवहार, क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को लेकर आंकड़े जुटाये गये हैं।

वर्तमान सांसदों के उनके कार्यकाल की हर दृष्टिकोण से स्कैनिंग हो रही है। हर लोकसभा क्षेत्र में संभावित उम्मीदवारों की पूरी कुंडली तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जा रही है। केंद्रीय नेतृत्व के अधीन भाजपा की एक कोर टीम हर सर्वे रिपोर्ट की समीक्षा और विश्लेषण करती है और आलाकमान के पास इसे सौंपती है।

### हर मापदंड पर कसे जा रहे सांसद

भाजपा आलाकमान ने झारखंड के सभी सांसदों (केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल सांसद समेत) को कई टास्क दिये हैं। इससे उनके कार्यों की समीक्षा हो रही है। यह उम्मीदवारी का पैरामीटर होगा।
क्या है निर्देश- क्षेत्रों का दौरा कर तय डेडलाइन में काम पूरा करें।
लोगों के संपर्क में रहें। जनता की समस्याओं को सुनें। निर्देशों का असर-
सांसदों के टास्क का केंद्रीय नेतृत्व विश्लेषण करता है।
उनकी कार्यक्षमता, तत्परता, जनता-पार्टी के प्रति समर्पण की जांच होती है।

### कुछ नये चेहरे भी सामने आ सकते हैं

भाजपा की 14 लोकसभा में से कुछ सीटों पर उम्मीदवारों के नये चेहरे दिखाई दे सकते हैं। जिन सीटों पर भाजपा पिछला चुनाव नहीं जीत पायी है, पश्चिमी सिंहभूम और राजमहल से पार्टी के नये चेहरे सामने आ सकते हैं। कुछ उम्मीदवार बढ़ती उम्र के कारण दोबारा चुनाव मैदान में नहीं उतारे जायें, उनकी जगह पर भी नये चेहरे सामने आ सकते हैं। वैसे सांसद जिनका अब तक का कामकाज बहुत अच्छा, अच्छा या बहुत संतोषजनक रहा, उनको छोड़ कर शेष सांसदों के बारे में भी पार्टी उनकी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कोई भी फैसला ले सकती है।

### एडीजी अभियान 24 को करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा को लेकर एडीजी अभियान 24 नवंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में सभी जिलों के एसएसपी और एसपी भी मौजद रहेंगे। इस दौरान जिलावार चिह्नित कर उपलब्ध कराये ब्लैक स्पॉट, एमवी एक्ट के तहत की गयी कार्रवाई, सड़क दुर्घटना की स्थिति और आंकड़ों पर चर्चा की जायेगी।

**खेल-खिलाड़ी : लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे लीग मैच में परविंदर अवाना ने की घातक गेंदबाजी**

# मणिपाल टाइगर्स ने रोचक मुकाबले में गुजरात जाएंट्स को दस रनों से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जीत की दहलीज पर पहुंचा गुजरात जाएंट्स पारी के अंतिम तीन ओवर्स में मणिपाल टाइगर्स की गेंदबाजी का दबाव नहीं झेल सका। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे लीग मैच में मात्र नौ रनों में छह विकेट खोने से गुजरात जायंट्स को दस रनों से हार का सामना करना पड़ा। 174 के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात जाएंट्स 163/9 रन ही बना पायी।

### मणिपाल टाइगर्स की बल्लेबाजी

इससे पूर्व गुजरात जायंट्स के कप्तान पार्थिव पटेल ने टॉस जीत कर विपक्षी टीम को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। सजग शुरुआत के बावजूद 24 के टीम स्कोर पर मणिपाल टाइगर्स के सलामी बल्लेबाज चाडविक वाल्टन (17) को रायद एमरिट ने एलबीडब्ल्यू आउट करा दिया। इसके बाद हेमिल्टन मस्कज्दा ने अपने आक्रामक तेवर दिखाते हुए रन गति तेज की, परंतु सातवें ओवर में वह रजत भाटिया का शिकार हुए, जिससे स्कोर 66/2 हुआ। मस्कज्दा ने 18 गेंदो पर दो छक्के और पांच चौक्कों की मदद से ताबड़तोड 37 रन बनाये। रजत यहीं नहीं थमे और अगले ही ओवर में सैट बल्लेबाज रोबिन उथप्पा (23) को चलता किया,



जिससे स्कोर कार्ड 83/3 पर टिका। सर्बजीत लड्डा ने भी रजत भाटिया का बखूबी साथ दिया और विपक्ष की गति को काबू में रखा। इसी बीच लड्डा ने 91 के टीम स्कोर पर कोलिन डी ग्रेंडहोम (8) का विकेट चटकाया। रजत ने अपने इसी स्पैल के तीसरे ओवर और पारी के 13वें ओवर में कायल कोट्‌र्ज (9) को बोल्ड कर आधी टीम को 104 पर संघर्ष करने पर मजबूर कर दिया। अपने पहले ही ओवर में महंगे साबित हो रहे जॉनसन ने अमितोस (6) को बोल्ड कर संतोष जाहिर किया। दूसरे छोर पर कहर बरपा रहे थिसारा परेरा (17 गेंदों पर 32 रन) को ईश्वर चौधरी ने आउट कर स्कोर 145/7 किया। ट्रेंट जॉनसन ने हरभजन सिंह (3) को अपना दूसरा शिकार बनाया। नाबाद इमरान खान (16) और प्रवीण कुमार (7) के साथ मणिपाल टाइगर्स ने निर्धारित बीस ओवर्स में 173/8 रन जुटाये। रजत भाटिया (3/31) ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये, जबकि ट्रेंट जॉनसन (2/33) ने दो को शिकार बनाया।

### गुजरात जायंट्स की अच्छी शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए क्रिस गेल और जेक कालिस ने तेज शुरुआत के साथ 75 रन जोड़े। सातवें ओवर में गेंदबाज इमरान खान ने स्थिति को नियंत्रित करते गेल का विकेट चटका गुजरात जाएंट्स को पहली सफलता प्रदान की। गेल ने 24 गेंदों पर 38 रन बनाये। इसके बाद कप्तान हरभजन ने गेंदबाजी संभाली और अपने पहले स्पैल में लगातार दो ओवर्स में रिचर्ड लेवी (5) और केविन ओ ब्रायन (9) को वापस भेजा और 99/3 के साथ मैच में रोचकता आयी। नये बल्लेबाज कप्तान पार्थिव पटेल और जेक कालिस की 55 रनों की साझेदारी टीम को जीत के करीब पहुंचा ही रही थी कि परविंदर अवाना ने एक ही ओवर में चटकाये दो विकेट जैक कालिस (56) और चिराग खुराना (2) में एक बार फिर से जान फूंक दी।

कालिस ने 41 गेंदों की शानदार पारी में आठ चौके जड़े। पारी के 19वें ओवर में थिसारा परेरा द्वारा पटेल (35) और ट्रेंट जॉनसन (0) के आउट होते ही 158/7 के साथ गुजरात जाएंट्स पर हार का खतरा मंडराया। अवाना पारी के अंतिम ओवर में रायद इमरिट और सर्बजीत लड्डा को बिना खाता खोले आउट कर गुजरात जाएंट्स को 163/9 पर रोकने में कामयाब रहे। अवाना (4/19) ने सर्वाधिक चार विकेट लिये, जबकि थिसारा परेरा (2/6) और हरभजन सिंह (2/12) ने दो दो विकेट लिये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 22 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in




### विकसित भारत संकल्प यात्रा में नयी तकनीकों से भी परिचित हो रहें हैं किसान

# ड्रोन से हो रहा नैनो यूरिया का छिड़काव

**केंद्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से अवगत हो रहे हैं लोग, गांव-गांव जाकर पीएम का संदेश सुना रहा है जागरुकता रथ**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही कई नवीनतम तकनीकों से भी किसानों को रु-ब-रु कराया जा रहा है। झारखंड के विभिन्न जिलों में भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीनस्थ कार्य करते हुए इफको द्वारा ड्रोन तकनीक के जरिए खेतों में नैनो यूरिया, डीएपी एवं इफको सागरिका तरल समेत उर्वरक और दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान खूंटी के तोरपा, दियांकेल और बारकुली के पास नवनिर्मित किसान पाठशाला में ड्रोन स्प्रे के माध्यम से टमाटर, मटर और आलू के खेत में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और सागरिका का छिड़काव किया गया। इस दौरान पहली बार तोरपा प्रखंड और आसपास के किसानों ने खेतों में ड्रोन स्प्रे का प्रैक्टिकल डेमोस्ट्रेशन देखा। वहीं 21 नवंबर को गुमला जिला के भरनो प्रखंड के दुंबो पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत किसान हरिया महतो, विष्णु महतो, देव शरण महतो कुल 2 एकड़ खेत में खड़ी फसल सब्जी मटर, आलू एवं मक्का में इफको नैनो यूरिया, इफको नैनो डीएपी एवं इफको सागरिका तरल का स्प्रे कराकर उपस्थित अन्य सभी किसानों को कृषि में ड्रोन एवं तरल उर्वरकों के महत्त्व के प्रति जागरूक किया गया।

### कम उर्वरक इस्तेमाल और पैदावार अधिक: चंदन

**इफको के प्रबंधक चंदन कुमार ने बताया कि इस तकनीक के कई फायदे हैं और कम उर्वरक के इस्तेमाल के बावजूद पैदावार अधिक होती है। उन्होने यह भी बताया कि नैनो यूरिया प्रधानमंत्री के विकसित भारत का सपना है। श्री कुमार ने कहा कि ड्रोन से छिड़काव करने से पौधे के पत्तों के ऊपरी और निचले हिस्से दोनों में स्प्रे होता है। इससे पौधों को ज्यादा मात्रा में विटामिन मिनरल्स मिलते हैं और पौधे की ग्रोथ परंपरागत खेती की तुलना में बेहतर होती है। यात्रा के दौरान तकनीकी समन्यवक रौशन कुमार ने बताया कि नैनो यूरिया के इस्तेमाल से लंबे समय तक फसलों को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां तक की आलू जैसी फसल को भी बगैर कोल्ड स्टोरेज के ही लंबी अवधि तक रखा जा सकता है।**

**हैदरनगर, पांडू के विभिन्न पंचायतों में पहुंचा जागरुकता रथ**

**पलामू।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के हैदरनगर पूर्वी एवं हैदरनगर पश्चिमी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। वहीं मंगलवार को ही पांडू पंचायत के कजरू कला एवं रतनाग में भी कार्यक्रम आयोजित कर आम जनों को केंद्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।

### गुमला के भरनो, पालकोट एवं घाघरा में हुए कार्यक्रम

**गुमला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के तहत आज गुमला जिला अंतर्गत भरनो प्रखंड के डुंबो पंचायत एवं पालकोट प्रखंड के बघिमा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरुकता रथ द्वारा केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर जानकारी दी गयी। एलइडी टीवी पर लघु फिल्म के साथ विभिन्न स्टैंडी एवं बैनर के द्वारा दी गयी जानकारियों को आमजनों ने काफी सराहा। साथ ही आज भरनो प्रखंड अंतर्गत डुंबो पंचायत एवं घाघरा प्रखंड अंतर्गत देवाकी पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड के गणमान्य अधिकारी / कर्मी सहित स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का 'स्पीक आउट-2023' में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने अमृतसर में आयोजित ऑनलाइन एनुअल इंटर स्कूल लिटरेरी इवेंट 'स्पीक आउट-2023' में एक बार फिर बाजी मारी। इस अंतरराष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में 46 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। कक्षा 10वीं की निश्का राज को रचनात्मक लेखन श्रेणी के लिए सर्वश्रेष्ठ लेखक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सरला बिरला विद्यालय को स्लैम पोएट्री श्रेणी के लिए ओवरऑल बेस्ट डेलिगेशन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया, जिसमें कक्षा 11वीं के अतिशय सिंह एवं कक्षा 10वीं की प्रज्ञाश्री होता ने भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विजेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके समर्पित प्रयासों के लिए बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य के लिए तैयार होते हैं।




# तुपुदाना सेनेटोरियम में जगद्धात्री पूजा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** तुपुदाना के रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम के आनंद निलय में श्री श्री मां जगद्धात्री की पूजा धूम-धाम से की गयी। हेमंत काल में श्री दुर्गा की ही तांत्रिक विधि से श्री जगद्धात्री की पूजा की जाती है। राम कृष्ण मिशन सेनेटोरियम में इस पूजा का इतिहास 1958 से शुरू होता है। जब सेनेटोरियम में चिकित्सारत एक रोगी भूपति बसू को सपने में देवी जगद्धात्री पूजा करने का आदेश देती हैं। मां के आदेश का पालन करते हुए भूपति बसु ने दो वर्ष अपने हाथों से मां की प्रतिमा का निर्माण कर माता की पूजा-अर्चना की। इसके बाद स्वामी शांतानंद महाराज ने जगद्धात्री पूजा को जारी रखा। शास्त्रानुसार दुख मोचनी माता जगद्धात्री की पूजा अर्चना एक कठिन अनुष्ठान है। पुजारी को पूजन कार्य करने के लिए दो दिन पहले से उपवास करना पड़ता है।



तीन चरणों मे होनेवाली यह पूजा मंगलवार को प्रथम कल्प की पूजा सुबह 6:10 बजे से शुरू हुई। 6:10 बजे चंडी पाठ, 9:40 बजे पुष्पांजलि हुई। द्वितीय कल्प की पूजा प्रारंभ 10:30 बजे, चंडी पाठ 10:30 बजे एवं पुष्पांजलि 1:00 बजे हुई। दोपहर 1:00 बजे से प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ, जो 5 बजे तक चला। तृतीय कल्प की पूजा अपराह्न 1:22 प्रारंभ हुई, चंडी पाठ 1:22 बजे तथा पुष्पांजलि 3:50 बजे हुई। अपराह्न 4 बजे हवन एवं संध्या आरती हुई। शाम 7 बजे से भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। पूजन का कार्य रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ देवघर से पुजारी स्वामी प्राणकृष्णानंद महाराज और पश्चिम बंगाल के बेलूर मठ से वीतकामानंद के द्वारा संपन्न कराया गया। लगभग 20 से 25 हजार भक्तों ने खिचड़ी के रूप में भोग प्रसाद ग्रहण किया। तुपुदाना, सतरंजी एवं मुरुंगटोली के स्थानीय कलाकारों के द्वारा मां की आराधना में झारखंड के पारंपरिक वाद्ययंत्रों एवं पोशाक के साथ भक्ति भाव के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया। पूजा को संपन्न कराने में सेनेटोरियम के सचिव स्वामी सत्संगानंद जी महाराज, राम कृष्ण मिशन सेनेटोरियम सभी महाराज, स्टाफ के साथ-साथ तुपुदाना एवं डूंगरी के ग्रामीणों की भागीदारी प्रमुख रूप से रही।

### आज होगा विसर्जन

**सुबह 5:40 बजे मंगल आरती के बाद 6:30 बजे से पूजा प्रारंभ होगी। सुबह 8:15 बजे मां का दर्पण विसर्जन होगा। सुबह 8:40 बजे भजन होगी। दोपहर 2:30 बजे मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें महिलाओं द्वारा सिंदूर खेला कर मां को भावपूर्ण विदाई दी जायेगी। शाम 6:40 बजे शांति जल का छिड़काव किया जायेगा।**

# कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्वर्णरेखा नदी के घाट पर होगी गंगा आरती



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वर्णरेखा नदी केतारी बगान इक्कीसों महादेव मंदिर के तट पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा का आयोजन किया जायेगा। मंगलवार को स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष नीतेश पाठक उर्फ माखन की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि इस साल इक्कीसों महादेव मंदिर के तट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया है। नदी के तट पर इसके लिए मंच तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा इस साल छोटे-छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए मेले में झूले लगाये जायेंगे।

**नदी के तट पर मंच तैयार किया जा रहा, मेले में झूले का उठायें आनंद**

### स्वर्णरेखा नदी को बचाने का लिया प्रण

बैठक में स्वर्णरेखा नदी को बचाने को सामूहिक रूप से प्रण लिया गया। नीतेश पाठक ने कहा कि हरमू नदी के गंदे पानी का बहाव स्वर्णरेखा नदी में मिलने से रोकना होगा। इसके लिए सरकार द्वारा बनाये गये वाटर ट्रिटमेंट प्लांट को दोबारा शुरू किया जाये। समिति इन वाटर ट्रिटमेंट प्लांट को शुरू करने के लिए आंदोलन करेगी।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में जनक कुमार महतो, गिरधारी महतो, विकास जयसवाल, आनंद केसरी, सूरज महतो, शिवम सिंह, सैंगकी सिंह, रोहित कुमार, शुभम कुमार, मोनू सिंह, चंदन कुमार साहू, राजन साहू, आयुष कुमार, भावेश सिंह, ज्ञानी महतो, भुनू साहू, रवि राय, विष्णू वर्मा, अरविंद कुमार आदि उपस्थित थे।

### अपराधी नितेश लाहा की हत्या

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात नितेश लाहा नाम के अपराधी की हत्या कर दी गयी। अज्ञात अपराधियों ने पहले नितेश का गला दबाया, इसके बाद गला काट कर उसकी हत्या कर दी। मंगलवार को घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुट गयी। जानकारी के मुताबिक, नितेश ने 3 जुलाई 2021 में दहेज को लेकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने उसे 30 जुलाई 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में कुछ दिन पहले ही नितेश जेल से बाहर आया था।

### भगवान जगन्नाथपुर मंदिर में चोरी

**रांची।** जगन्नाथपुर मंदिर में सोमवार की देर रात मंदिर परिसर स्थित पुजारी के कमरे से 20 हजार रुपये नगद, पेन ड्राइव, मंदिर की सजावट के सामान और साउंड सिस्टम को गायब कर दिया गया है। मंदिर में चोरी की घटना के बाद मामले की जानकारी धुर्वा पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान में जुटी हुई है।

# अयोध्या श्रीराम मंदिर से निमंत्रण कलश को रांची के पहाड़ी मंदिर में लाया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अयोध्या श्रीराम मंदिर से इस कलश को झारखंड के राम भक्तों को श्रीराम मंदिर का दर्शन पूजन के लिए निमंत्रण हेतु झारखंड भेजा गया है। जिसे मंगलवार को रोहित राज के नेतृत्व में विधिपूर्वक पहाड़ी मंदिर लाकर उसका पूजन करवा कर मंदिर के गृह कक्ष में रखा गया। इस मौके पर अशोक कुमार पांडेय, आशीष शर्मा, रंजीत सिंह, प्रदीप ठाकुर, पहाड़ी मंदिर के पुजारी एवं अन्य उपस्थित थे। रोहित राज ने बताया कि यह कलश झारखंड के विभिन्न प्रसिद्ध एवं पौराणिक मंदिरों में विराजमान देवी देवताओं के गृह कक्ष में रखा जायेगा एवं उसके पश्चात दिसंबर महीने से इसी कलश के अक्षत के साथ निमंत्रण पत्र देकर झारखंड के सभी सनातनियों को, जिन्होंने श्रीराम जन्मभूमि के लिए अपना योगदान दिया है। जिन्होंने निधि संग्रह के जरिये श्रीराम लला के मंदिर निर्माण हेतु दान दिया है। सभी राम भक्तों को श्रीराम जन्मभूमि के लिए आमंत्रित किया जायेगा।

# श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव 23 को मनाया जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हारे के सहारे बाबा खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव गुरुवार को हरमू रोड श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर मंदिर की ओर से तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अलग-अलग सदस्यों को कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने कहा कि खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा अनुसार हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटूनरेश का जन्मोत्सव श्री श्याम जयंती महोत्सव के रूप में विविध



कार्यक्रमों के साथ भक्ति भावना व आस्था विश्वास के वातावरण में आयोजित होगा। इस दिन बाबा के पट संपूर्ण दिवस दर्शन के लिए खुले रहेंगे। वर्ष भर में सिर्फ इसी दिन खाटू नरेश की सात बार आरती होती है। इसके लिए प्रातः 5:30 बजे, प्रातः 8:30 बजे, दोपहर 12:15 बजे, रात्रि 7:00 बजे, रात्रि 8:30 बजे, रात्रि 12:00 बजे और रात्रि 2:00 बजे पंचदीप व शंख आरती की जायेगी। इस मौके पर संपूर्ण मंदिर परिसर में कोलकाता बेंगलुरु ऊंटी से मंगायी जा रहे फूलों से एवं बैलून विद्युत साज से सजाया जा रहा है। श्री श्याम जयंती का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने कहा कि इस अवसर पर भजनों की श्री गंगा प्रवाहित की जायेगी। मंडल के सदस्य स्थानीय कलाकार एवं जमशेदपुर से भजन गायिका सौम्या चौधरी अपनी सुमधुर भजनों से बाबा श्याम को रिझायेंगे। मंदिर के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि निरंतर प्रसाद मंदिर परिसर में वितरित किया जायेगा। अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तों के लिए अलग से प्रबंध करने की व्यवस्था भी की जा रही है। मंडल सदस्य एवं मंदिर से जुड़े श्याम सेवक महोत्सव की तैयारी में हुए लगे हैं। महोत्सव की तैयारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, उपमंत्री अनिल नारनौली, रतन शर्मा, स्नेह पोद्दार, संजय सराफ, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, निखिल नारनौली, दिनेश अग्रवाल, विशाल पोद्दार, आशुतोष खेतान, लोकेश जलान, प्रकाश सराओगी, रोशन खेमका, किशन शर्मा, दिन-रात लगे हुए हैं। जन्मोत्सव 23 नवंबर को मनाया जायेगा।

# महाप्रबंधक ने सोनपुर स्टेशन का निरीक्षण किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने मंगलवार सुबह बिना किसी पूर्व सूचना के सोनपुर स्टेशन पहुंच कर छठ पर्व की तैयारियों, यात्री सुविधाओं एवं साफ-सफाई का औचक निरीक्षण किया। महाप्रबंधक के औचक निरीक्षण की सूचना मिलते ही सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद भी निरीक्षण में शामिल हुए।

विदित हो कि पूर्व मध्य रेल द्वारा छठ पर्व के बाद यात्रियों की सुविधा/सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंध किये गये हैं। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा स्वयं इसकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को महाप्रबंधक ने सोनपुर जंक्शन पहुंच कर क्राउड मैनेजमेंट, साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा सहित उपलब्ध करायी जा रही अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।

**यात्री सुविधाओं एवं साफ-सफाई का लिया जायजा**

महाप्रबंधक द्वारा मुख्यालय स्थित 'कंट्रोल रूम' का निरीक्षण किया गया तथा कर्मचारियों को चौकस रहते हुए निगरानी का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को किसी भी परिस्थिति से निपटने हेतु त्वरित निर्णय लेने का निर्देश दिया। उन्होंने छठ के उपरांत काफी संख्या में यात्री ट्रेनों के सुगम परिचालन के साथ ही रिकॉर्ड माल ढुलाई के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों की सराहना की तथा और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए उनका हौसला अफजाई भी किया।

# सीबीआइ ने अवैध खनन मामले में दर्ज की प्राथमिकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीबीआइ ने झारखंड के साहिबगंज जिले में स्थित नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा, दाहू यादव सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

विजय हांसदा को भी नामजद अभियुक्त बनाया गया है। हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ ने प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में साहिबगंज में अवैध खनन, इडी के अधिकारियों को झूठे मुकदमे में फंसाने और गवाहों को भड़काने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। यहां बता दें कि विजय हांसदा ने साहिबगंज के बोरियो थाना में पंकज मिश्रा और अन्य के खिलाफ नींबू पहाड़ पर अवैध खनन करने और मना करने पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी थी। साथ ही सरकारी बॉडीगार्ड की धौंस दिखा ग्रामीणों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था।

# वेलडन टीम इंडिया

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को खेले गये वर्ल्ड कप फाइनल का नतीजा देशवासियों को वह खुशी नहीं दे पाया, जिसका करोड़ों आंखें इंतजार कर रही थीं, लेकिन यह क्रिकेट का ऐसा पहलू है, जो इस खेल को खेल बनाये रखता है। इसमें जीत-हार से आगे जाता है, यह सवाल कि कौन खेला कैसा। और इस कसौटी पर देखें तो फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम निश्चित रूप से अच्छा खेली, जिसका इनाम उसे जीत के रूप में मिला भी, लेकिन बात पूरे वर्ल्ड कप की करें तो टीम इंडिया की बराबरी में शायद ही कोई दूसरी टीम दिखेगी। 11 में से दस मुकाबले उसने न केवल जीते, बल्कि अपने उत्कृष्ट खेल से तमाम खेल प्रेमियों को चकित करती रही। अपनी आंखों के सामने अपनी टीम को खेलते, खिलते और चमकते हुए शिखर की ओर बढ़ते देखना हर भारतीय के लिए आंखें जुड़ाने वाला अनुभव साबित हो रहा था। एक मैच की जीत-हार, भले वह फाइनल ही क्यों न हो, देशवासियों से उस अनुभव का रोमांच नहीं छीन सकती। खास कर इसलिए भी कि उस टीम के खुलने, खिलने और चमकने में इंडिया या भारत के खुलने, खिलने और चमकने की कहानी भी बयां हो रही थी, जो विविधता इस टीम में दिख रही थी, वही भारत की भी विशिष्टता रही है। उस विविधता की चमक में ही देश की चमक छिपी हुई है। कैसे भूल सकते हैं कि शुभमन गिल पंजाब के सुदूर बसे एक ऐसे गांव से आते हैं, जो पाकिस्तान बॉर्डर से महज 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित है, रवींद्र जाडेजा के पिता जामनगर में वॉचमैन का काम करते थे और मोहम्मद सिराज हैदराबाद में ऑटोरिक्शा चलाया करते थे। देशवासियों के हर हिस्से और हर तबके के खून और पसीने से मिल कर बनी है यह टीम। फाइनल मैच का नतीजा इस तथ्य को नहीं बदल सकता कि रोहित शर्मा एक ऐसे कप्तान के रूप में उभरे हैं, जो हमेशा टीम को खुद से आगे रखता है। न ही यह तथ्य बदल सकता है कि विराट कोहली और मोहम्मद शमी ने खुद जीकर सिखाया है कि कैसे अपने खेल को निरंतर मांजते हुए अपना बेस्ट वर्जन पेश किया जाता है, लेकिन इन तमाम उपलब्धियों के बीच एक देश के रूप में हमें इस वर्ल्ड कप से मिले कुछ उन सबकों को भी याद रखना होगा, जो बताते हैं कि हममें कई बिंदुओं पर सुधार की जरूरत है। खास कर यह कि धर्म, जाति और क्षेत्र का चश्मा अक्सर हमारे क्रिकेट के प्यार को धूमिल कर देता है। चाहे वह अपने मोहम्मद शमी की किसी भूल से उपजी नाराजगी हो या पाकिस्तान जैसे देश की टीम के खिलाड़ियों के खिलाफ कुछ लोगों की ओर से व्यक्त की गयी भावना, फूहड़ प्रतिक्रिया क्रिकेट स्पिरिट को कमजोर करती है। उस स्पिरिट को जो खेल को खेल की तरह लेना और उसे सेलिब्रेट करना सिखाती है।

**कसौटी पर देखें तो फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम निश्चित रूप से अच्छा खेली, जिसका इनाम उसे जीत के रूप में मिला भी, लेकिन बात पूरे वर्ल्ड कप की करें तो टीम इंडिया की बराबरी में शायद ही कोई दूसरी टीम दिखेगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**टीओआइ की हालिया रिपोर्ट में एक दिलचस्प बात सामने आयी है कि अब अमेरिकी यूनिवर्सिटियों में हर 4 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक भारत से है, जबकि वास्तविक आंकड़ों से पता चलता है कि विदेश जाने वाले आइआइटी छात्रों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आयी है। इस वृद्धि का मुख्य कारण टियर-2 और टियर-3 शहरों के छात्रों को बताया गया है। अनुमानों से संकेत मिलता है कि भारतीय परिवार 2025 तक अपने बच्चों की विदेशी शिक्षा पर अनुमानित 70 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च करेंगे।**


# भारत से छात्र विदेश क्यों जाते हैं

**वी रामगोपाल राव**

पिछले वर्ष विदेशी यूनिवर्सिटियों में प्रवेश लेने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 7,50,000 से अधिक हो गयी, जो 2021 से उल्लेखनीय 50 प्रतिशत वृद्धि है। विशेष रूप से इनमें से एक-तिहाई से अधिक छात्रों ने अमेरिका को चुना, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि का संकेत देता है। टीओआइ की हालिया रिपोर्ट में एक दिलचस्प बात सामने आयी है कि अब अमेरिकी यूनिवर्सिटियों में हर 4 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक भारत से है, जबकि वास्तविक आंकड़ों से पता चलता है कि विदेश जाने वाले आइआइटी छात्रों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आयी है। इस वृद्धि का मुख्य कारण टियर-2 और टियर-3 शहरों के छात्रों को बताया गया है। अनुमानों से संकेत मिलता है कि भारतीय परिवार 2025 तक अपने बच्चों की विदेशी शिक्षा पर अनुमानित 70 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च करेंगे।

इस आर्थिक गतिशीलता को देखते हुए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में छात्रवृत्तियां और नये शैक्षणिक कार्यक्रम भारतीय छात्रों को लुभा रहे हैं और कई देशों ने रणनीतिक रूप से ऐसा किया है। भारतीय प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए अपनी छात्र और वीजा नीतियों में सुधार किया गया है। विशेष रूप से भू-राजनीतिज्ञ विचारों ने विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने वाले चीनी छात्रों की संख्या में गिरावट में अपना योगदान दिया है, जबकि भारत तेजी से वृद्धि का अनुभव कर रहा है। छात्र विदेश क्यों जाते हैं? भारत को इस प्रवृत्ति पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए? शीर्ष प्रतिभाओं को बरकरार रखने के लिए क्या कदम उठाने की जरूरत है? क्या भारत को इस प्रवृत्ति से लाभ हो सकता है? ऐसे सवाल तो बहुत हैं, लेकिन जवाब उतने सीधे और सरल रहे हैं।

**भारतीय प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए अपनी छात्र और वीजा नीतियों में सुधार किया गया है।**



**भारत के स्कूलों में 265 मिलियन छात्र हैं जो, माध्यमिक शिक्षा में 80 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीइआर) हासिल करते हैं। हालांकि लगभग 4 में से केवल 1 छात्र ही उच्च शिक्षा प्राप्त करता है, जिसके परिणामस्वरूप जीइआर करीब 27 प्रतिशत है।**

भारत के स्कूलों में 265 मिलियन छात्र हैं जो, माध्यमिक शिक्षा में 80 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीइआर) हासिल करते हैं। हालांकि लगभग 4 में से केवल 1 छात्र ही उच्च शिक्षा प्राप्त करता है, जिसके परिणामस्वरूप जीइआर करीब 27 प्रतिशत है।

निम्न शिक्षा गुणवत्ता के कारण यह एक महत्वपूर्ण चुनौती है। जैसे-जैसे मध्यम वर्ग आय में वृद्धि का अनुभव कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय सरल प्रवेश प्रक्रिया, सुलभ ऋण और वर्क परमिट के साथ अनुकूल वीजा नीतियां प्रदान करते हैं, कई माता-पिता विदेशी डिग्री को अपने बच्चों के लिए एक आशाजनक भविष्य के प्रवेशद्वार के रूप में देखते हैं। इस मुद्दे के समाधान के लिए तत्काल निम्नलिखित कदम उठाने की जरूरत हैः-

## अधिक फंडिंग

सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित उच्च शिक्षा संस्थानों के संचालन और विस्तार के लिए एक व्यवहार्य वित्तीय मॉडल की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप हमारे शीर्ष रैंक वाले प्रतिष्ठानों में ठहराव आ गया है। ये संस्थान दैनिक कार्यों के लिए खुद को पूरी तरह से सरकारी धन पर निर्भर पाते हैं, जिससे उनकी स्वायत्तता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) में उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत की बढ़ी हुई सकल नामांकन अनुपात (जीइआर) की वकालत के बावजूद, यह महत्वाकांक्षा राज्य या केंद्रीय स्तर पर संबंधित बजट आबंटन में प्रतिबंबित नहीं होती है।

## विदेश जाना

भारतीय संस्थानों को विदेश में कैम्पस खोलने की अनुमति देने के लिए हाल ही में उठाया गया कदम एक स्वागतयोग्य कदम है। हालांकि इन अंतर्राष्ट्रीय परिसरों को इन विदेशी देशों में टिके रहने और व्यवहार्य बनने के लिए संसाधनों की जरूरत है। इन उद्यमों को सफल बनाने के लिए सावधानीपूर्वक योजना और एक रोडमैप आवश्यक है।

## अनुसंधान बोझ नहीं होना चाहिए

शीर्ष सार्वजनिक वित्त पोषित संस्थानों के बराबर शिक्षा प्रदान करने वाले शीर्ष निजी संस्थानों को बढ़े हुए अनुसंधान अनुदान और स्वायत्तता के साथ समर्थन की जरूरत है। एक मजबूत अनुसंधान संस्कृति के निर्माण के बिना, अच्छे संकाय को आकर्षित करना मुश्किल होगा। संस्थानों को अनुसंधान परियोजनाओं पर पर्याप्त ओवरहैड्स प्रदान किया जाना चाहिए जैसा कि विदेशों में किया जाता है, ताकि अनुसंधान जीविका के लिए राजस्व का एक स्त्रोत बन सके।

## दानदाताओं को प्रोत्साहित करें

सरकार अकेले गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के विस्तार का समर्थन नहीं कर सकती है। दानदाताओं और कार्पोरेट्स को आकर्षण और कर प्रोत्साहनों के माध्यम से सार्वजनिक और निजी वित्त पोषित संस्थानों के लिए परोपकार और उद्योग समर्थन को प्रोत्साहित करें। अब समय आ गया है कि हम शिक्षकों और शीर्ष शोधकत्राओं को नीति निर्माण में सबसे आगे लाएं, शिक्षा और अनुसंधान में निवेश बढ़ाएं और वैश्विक शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र में विश्व गुरु के रूप में भारत की पूर्ववर्ती स्थिति को पुनः प्राप्त करने के लिए एक नया रास्ता तैयार करें।

## जमशेदपुर की खबरें

# आंगनबाड़ी केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटक।** राज्य में हेमंत सरकार के कार्यकाल के दौरान पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र लगातार विकास की ओर अग्रसर है। विधायक संजीव सरदार के पहल पर ग्रामीण क्षेत्र में विकास से जुड़े समस्याओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद सड़क, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए समाधान का प्रयास जारी है। विधायक के पहल पर पोटका हरिना पंचायत के उदाल ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया गया। मंगलवार को विधायक संजीव सरदार के द्वारा फीता काट कर आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो छोटे-छोटे बच्चे सहित ग्राम प्रधान, मुखिया, ग्रामवासीगण, झामुमो के नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# रागिब हत्याकांड के आरोपियों को फांसी दिलाने की मांग पर निकाला कैंडल मार्च




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चांडिल।** सरायकीला खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में बीते दिनों हुई रागिब हत्या कांड के मामले में दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग को लेकर स्थानीय कपाली वासियों ने शाम कैंडल मार्च निकालकर थाना के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार शाम सैकड़ो लोगो ने रागिब के घर से डंगरडीह सामुदायिक भवन होते हुए हाथों में कैंडल व तख्तियां लेकर कपाली ओपी पहुचे। जहा विरोध प्रदर्शन करते हुए रागिब हत्या कांड में कपाली पुलिस के कार्यशैली पर सवाल उठाया। उन्होंने पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की। मौके पर मृतक के परिजनों ने कहा मामले के सभी आरोपियों को फांसी की सजा होनी चाहिए। मौके पर कपाली प्रभारी संदीप कुमार ने परिजनों को समझा बुझा कर अन्य की गिरफ्तारी के लिए आश्वासन दिया। लेकिन परिजनो ने स्थानीय लोगों के साथ अपनी मांगों पर अड़े रहे। बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी के प्रयास से हत्याकांड में शामिल मोहम्मद वसीम उर्फ चना वसीम और अरमान को गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेजा गया। उधर लगातार छापामारी में पुलिस के बढ़ते दबाव को देख मुख्य आरोपी जीशान जमशेदपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। फिलहाल पुलिस मुख्य आरोपी को रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही अन्य की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

# टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर सड़क हादसा, एक की मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना में बेगुनाह लोग हादसा का शिकार होरहे है। उधर एसपी डॉ बिमल कुमार के प्रयास से लोगों को जागरूक करने के लिए सड़क हादसा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रही हैं। उधर मंगलवार को आदित्यपुर थाना क्षेत्र के टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग पर केंदु गाछ के समीप सड़क हादसे में सनराइज एंक्लेव निवासी स्कूटी सवार तिर्की दंपति गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार ने दलबल के साथ पहुंची। जहां स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए एमजीएम भिजवाया गया। बताया जा रहा है घायल महिला की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल शरण तिर्की का इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आदित्यपुर की ओर जाने के दौरान स्कूटी सवार दंपत्ति अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया।बताया जाता है वाहन किसी फौजी का था। घटना के बाद आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार, गम्हरिया थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश सिंह मृत महिला के शव को मौके से हटाकार आगे की कार्रवाई में जुड़ गयी है। उधर मौके पर पहुंचे भाजपा नेता रमेश हांसदा ने आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस सड़क हादसों को लेकर गंभीर नहीं है। जिस वजह से आए दिन सरायकेला की सड़कों पर हादसे हो रहे हैं। उधर सड़क दुर्घटना के बाद लोगों में आक्रोश देखने को मिला।

# दहेज के लिए हुई नवविवाहिता की हत्या



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** दहेज की बलिवेदी पर शबनम बीबी की निर्मम हत्या ससुराल वालों ने मिलकर कर दी और साक्ष्य छुपाने की नीयत से बेडरूम में लाश को फंदे से लटका दिया। मृत शबनम बीबी के पिता जरमुंडी बसमता निवासी खलील अंसारी ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि छह माह पूर्व शबनम का निकाह रीति-रिवाज के साथ देवघर जिले के मोहनपुर निवासी फैयाज अंसारी के साथ किया गया था और सामर्थ्य से बढ़कर मेहर की रकम और दहेज दिया था। शादी के बाद कुछ दिन ठीक गुजरे, लेकिन कुछ दिनों के बाद से ही उसे और दहेज की मांग को लेकर यातनाएं दी जाने लगी। यहां तक कि उसे कुछ दिनों पूर्व ससुराल पक्ष के उक्त लोगों ने मिलकर जान मारने का प्रयास भी किया गया। जरमुंडी थानान्तर्गत बसमता गांव निवासी खलील अंसारी की पुत्री शबनम बीबी की दहेज हत्या को लेकर मृतका के पिता मोहनपुर थानान्तर्गत भंगीया गांव के शबनम के पति फैयाज अंसारी, ससुर मो. बसीर मियां, सास, व दामाद के भाइयों पर हत्या करने का आरोप लगाया है. खलील मियां ने पुलिस को बताया कि छह माह पूर्व सामर्थ्य के अनुसार दहेज देकर पुत्री की शादी कराया था. निकाह में करीब दो लाख से अधिक बतौर दहेज दिया गया. कुछ दिन तक दाम्पत्य जीवन ठीक ठाक रहा, बाद में दोनों परिवार के बीच खटास पैदा होने लगी. दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया तथा मेरी बेटी को काफी यातनाएं देने लगे जब आरोपितों को दहेज का आशा विफल हो गया तो 18 नवंबर को आरोपियों लोगों ने मिलकर उसकी जान ले लिया तथा साक्ष्य छुपाने के लिए उसकी बेटी को घर में ही फांसी लगाकर लटका दिया.ससुराल वालों पर नवविवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाकर पिता ने दर्ज कराई प्राथमिकी, ससुराल में बेटी की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई।

# चुकु में चंडी जतरा का फीता काटकर किया उद्धाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हेरहंज। (लातेहार)** प्रखंड क्षेत्र के हेरहंज पंचायत अंतर्गत चुकु ग्राम में चन्डी जतरा का उद्धाटन जिला परिषद सदस्या चंचला देवी,सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जयसावल,उप प्रमुख विजय उरांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का चन्डी जतरा समिति चुकु के कमिटी के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल में पहुंचे अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से ढोल नगाड़े के साथ किया गया। यह जतरा मेला काफी वर्षों से लगता आ रहा है। जतरा मेला में प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों से सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे भाग लेते हैं। मौके पर विजय गुप्ता, शिवनाथ रजक,उपमुखिया राजबली यादव,कन्हाई प्रसाद,वार्ड सदस्या निर्मला देवी,चन्डी जतरा समिति के सदस्य व चुकु सहित कई लोग उपस्थित थे।

# झामुमो के कार्यकर्ता की तरह काम करने वाले पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई : सत्येंद्र तिवारी

## छपरादागा में एक सौ से अधिक लोग भाजपा में शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** डंडा प्रखंड के छपरादागा गांव स्थित महुराम टोला में भाजपा का मिलन समारोह में एक सौ से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधि के कारनामे से क्षेत्र की जनता त्रस्त हो चुकी है। हर जगह लोग दहशत के साए में जीने को विवश है। वर्तमान जनप्रतिनिधि अपने पद का दुरूपयोग और कुछ प्रशासनिक अधिकारियों के सहारे लोगों को डरा-धमका कर झामुमो में शामिल होने का दबाव बना रहे है। भाजपा के सरकार बनने के साथ ही झामुमो के कार्यकर्ता की तरह काम करने वाले पदाधिकारियों पर नकेल कसा जायेगा। उन्होंने मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री के सहमति से हर सेक्टर में लूट मची है। राज्य में सरकार नाम की कोई चीज ही नही बची है। बालू के अभाव में केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना पीएम आवास पर ग्रहण लग गया है। लोग अपना निजी मकान सहित अन्य कार्य नही कर पा रहे है। जबकि मंत्री के चहेते ठेकेदारों को हाइवा से बालू उपलब्ध हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्री और झामुमो सरकार के कार्यप्रणाली को जनता पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भाजपा का है। यहीं कारण है कि लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे है। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में चंद्रशेखर शर्मा, अभिषेक कुमार शर्मा, राजा शर्मा, पप्पू शर्मा, कंचन पासवान, हर्षवर्धन शर्मा, रामजीत कुमार, सुजीत कुमार, अविनाश कुमार, प्रमोद कुमार चौधरी, प्रमोद प्रजापति, दिलीप शर्मा, अशोक शर्मा, विश्वनाथ चौधरी, पवन चौधरी, विकास शर्मा, प्रमोद शर्मा, मुकेश चौधरी, विजय चौधरी, अरूण कुमार शर्मा, मनिया देवी, कविता देवी, शीला देवी, ममता देवी, गायत्री देवी, मंती देवी, बसंती देवी, बरत देवी, राहुल, मनोज विश्वकर्मा, अर्जुन शर्मा, अभिमन्यु शर्मा रामाशीष चौधरी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मुखिया जदू चौधरी, मंडल अध्यक्ष लखन चौधरी, पूर्व मुखिया नंदू चौधरी, प्रेम चौरसिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंत्री मिथिलेश ने कैंसर पीड़ित व्यक्ति को पटना जाने के लिए एंबुलेंस मुहैया कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के सोनार मुहल्ला निवासी राजेन्द्र साहू के कैंसर पीड़ित पुत्र संजय कुमार उर्फ बाना को पटना में इलाज हेतु एंबुलेंस मुहैया कराया है। बताते चले कि संजय उर्फ बाना पिछले चार महीने से माउथ कैंसर से पिड़ित है। ऑपरेशन के बाद मरिज वापस घर आया। कुछ दिन ठीक रहने के बाद छठ पूजा के दिन तबीयत ज्यादा खराब हो गया। उनके परिवार के लोग रंका झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी को सूचना दिए। इस बात की जानकारी रंका प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी को को हुआ तो पूरे झामुमो की टीम पिड़ित के घर पहुंचे हाल चाल जाना और मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए पुनः पटना इलाज कराने के लिए भेजने हेतु गढ़वा



विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर से आग्रह किया गया। छठ महापर्व का पारन होने के बावजूद भी जरा सा भी लेट नहीं करते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने डेढ़ घंटे के अंदर पिड़ित परिवार के घर पर पटना में इलाज कराने हेतु एंबुलेंस मुहैया कराया। इस अवसर पर रंका प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर दलगत भावना से उपर उठकर हर मुसिबतों में पूरे रंका गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गरीबों का मदद करते है। इस मौके पर झामुमो के कार्यकर्ता एवं मुहल्ला वासी काफी संख्या में उपस्थित थे।

# महिला के साथ मारपीट करते दबंग युवक

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के कैलान गांव के रकशा टोला में बिजली की तार जोड़ने को लेकर उपजे विवाद में आदिम जनजाति महिला प्रमिला देवी को टोला के ही दबंग युवकों द्वारा पिटाई किये जाने से आहत महिला ने थाने आवेदन देकर पांच लोगों के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई। समाचार के अनुसार छठ पूजा के पूर्व कैलान गांव के रकशा टोला निवासी सरदार कोरवा की पत्नी प्रमिला देवी बिजली का तार जोड़ने के लिए पोल से ला रही थी तभी टोला के रोहित यादव व अन्य युवक उसे तार खींचने से मना कर रहे थे। महिला बिजली का तार लाने की जिद कर रही थी, जिससे आक्रोशित होकर युवकों ने सरेआम दबंगई दिखाते हुए महिला



के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित महिला के पुत्र शिवकुमार कोरवा ने बताया हमारी मां बिजली जलाने के लिए तार जोड़ने जा रही थी कि रोहित यादव, निर्मल यादव, दिनेश यादव,उदल यादव, विकास यादव ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट किया। थाने में आवेदन देने गए थे तो वहां मुखिया प्रतिनिधि प्रताप यादव, उप मुखिया सुरेंद्र यादव, मुखिया सुकनी देवी आदि ने केस नहीं कर सुलह करने का दबाव बना रहे थे।

थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया महिला के आवेदन के आलोक में उक्त सभी युवकों पर धारा 354 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नवजात शिशु का शव बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के नामधारी कॉलेज के सामने एक नवजात शिशु का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां से शिशु का शव को कब्जे में लिया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। समाचार के अनुसार स्थानीय लोग सुबह घूमने के लिए खेत की तरफ गए हुए थे जहां नामधारी कॉलेज के सामने एक बच्चे का शव देखा। उसके बाद बच्चा फेके जाने की सूचना आग की तरह फैल गयी। स्थानीय लोग वहां पहुंचकर अलग-अलग चर्चा करने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवादा मोड से चिरौंजिया मोड तक आधा दर्जन से अधिक अस्पताल हैं।

उन्ही अस्पताल में इस तरह की घटना हुई होगी। घटना की सूचना मिलने के बाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सचिव नंदकिशोर श्रीवास्तव भी घटना स्थल पर पहुंचे।

# दो लेबर सप्लायर आपस में भिड़े, दो घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कैलान गांव में मथुरा चौक के समीप दो लेबर सप्लायर आपस में भिड़े, जिसमें एक महिला समेत दो लोग घायल हुए। घायलो में एक पक्ष से मथुरा साह दुसरे पक्ष के पिंकू साह की मां घायल हुए हैं। समाचार के अनुसार कैलान गांव में मथुरा चौक निवासी मथुरा साह व पिंकू साह लेबर सप्लायर का काम करते हैं। दोनो संवेदक चेन्नई में मजदुर सप्लाई करते हैं। सुत्रो के अनुसार दोनो एक दुसरे पर एक दुसरे के मजदूर को बहका कर ले जाने का आरोप लगाकर मंगलवार की सुबह उलझ गये। उलझने के दौरान हाथापाई में मथुरा साह को माथे पर चोट लगी जबकि पिंकू साह की मां का हाथ टूट गया। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया दोनों पक्षों को आवेदन देने के लिए बोला गया है।

# मृतक प्रमोद मिश्रा के परिजनों को मंदिर कमेटी ने किया सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय मानदोहर निवासी प्रमोद मिश्रा के परिजनों को मंदिर कमेटी की तरफ से 31 हजार रूपये नगद और खाद्य सामग्री का मदद की गयी। इसके पूर्व मंदिर कमेटी के सदस्यों की बैठक की गयी। जिसमे पुरोहित प्रमोद मिश्रा के परिजनों को अधिक से अधिक आर्थिक मदद करने का निर्णय लिया गया था। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा की पुरोहित प्रमोद मिश्रा पूरे बाजार के अभिभावक स्वरूप थे। जो हर सुख दुख में भाग लिया करते थे। जिनके निधन से बाजार वाशियो में शोक है। उनके निधन से मंदिर कमिटी को अपूर्णीय क्षति हुई है। जिसे लेकर कमेटी की और से नगद के रूप में 31 हजार व खाद्य सामग्री की मदद किया गया है।

मौके पर सचिव विश्वजीत कुमार, कोषाध्यक्ष बबलू गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, उमेश प्रसाद गुप्ता, संतोष प्रसाद गुप्ता, पंकज प्रसाद, गुड्डू प्रसाद, सुनील प्रसाद, ललन कुमार, ओमप्रकाश सोनी, पप्पू कुमार, जितेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, धनंजय कुमार गुप्ता, सतेंद्र प्रसाद, राजू कुमार, अनिल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# पिता ने पुत्री की गोली मार कर की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के नगारी गांव में प्रेम प्रसंग के मामले में पिता ने नाबालिक पुत्री को देशी पिस्टल से गोली मार कर हत्या कर दिया। थाना क्षेत्र निवासी लक्ष्मण सिंह के पुत्र संजय ने अपने पुत्री को बंदूक से सोमवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी। मृतिका उच्च विद्यालय चिनिया थाना क्षेत्र के रणपुरा उच्च विद्यालय के 9वी की छात्रा थी जिसका नाम पुष्पा कुमारी बताया जा रहा है। डीएसपी संतोष कुमार ने बताया कि नगारी गांव निवासी संजय सिंह के 15 वर्षीय पुत्री पुष्पा कुमारी का गांव के ही लड़के के साथ प्रेम प्रसंग का मामला था। लड़की के पिता संजय सिंह को इस बात की भनक लगते



ही आग बबूला हो गया। डीएसपी ने बताया कि भारठूवा बंदूक घर में रखा था । उसी बंदूक से उसके पिता ने लड़की के सीने गोली मर दी। जिससे उसकी हत्या होगाई। घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजन को सौप दिया। उधर पुलिस ने मृतक पुष्पा के पिता संजय सिंह को घर से ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के घर से बंदूक को बरामद कर लिया गया है।

मंगलवार को आरोपी को जेल भेजा गया है। उधर मृतक पुष्पा के परिजन ने बताया कि पुष्पा चिनिया थाना क्षेत्र के रणपुरा उच्च विद्यालय में कक्षा 9वा में पढ़ाई कर रही थी।

परिजन ने बताए की छठ पूजा के रात्रि में पिता संजय ने लड़की को दो लड़के के साथ बात करते देखा था। गुस्से में संजय सिंह ने पुत्री को घर पहुंचते ही पुछताछ किया। बंदूक निकाल गोरी मार दी। आरोपी संजय ने बताया कि बंदूक भरठुआ था जोपंछी मरने के लिए भर कर रखा रहता था।

# पेज 1 का शेष....

कभी-कभी कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है, उसमें राज्य सरकार का सहयोग चाहिए। मेरा राज्य सरकार से निवेदन है कि जो हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बहुत बड़ा गुरु मंत्र दिया है। बहुत बड़ा विकास का मंत्र दिया है। बहुत बड़ा देश को बदलनेवाला मंत्र दिया है। वह मंत्र है सबका साथ सबका विकास। और उसके साथ सबका विश्वास और सबका प्रयास। तो मैं सीएम साहब से रिक्वेस्ट करूंगा कि जरा थोड़ी सी झारखंड के विकास के लिए मोदी जी की बात सुन लें और सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास वाला फार्मूला भी सीएम साहब लगा लें। अरे भाई चुनाव होगा, तो लड़ लेंगे, जो जीतेगा, वह जीतेगा, जिसको जनता चुनेगी, उसे चुनेगी, लेकिन झारखंड का विकास कहीं पर कंप्रोमाइज नहीं होना चाहिए। झारखंड के नौजवानों के भविष्य पर राजनीति की कोई छाया नहीं आने देनी चाहिए। झारखंड के नौजवान का भविष्य मोदी जी गढ़ना चाहते हैं, उस भविष्य में आज की राजनीति बाधा नहीं बननी चाहिए।

रेलवे को पचास साठ वर्षों तक कांग्रेस की सरकार ने नेगलेक्ट करके रखा। ऐसे-ऐसे लोग हुए, जो रेलवे को दूध दुहनेवाली गाय समझ बैठे थे। यह परिस्थितियां बदलीं 2014 में। उससे पहले रेलवे में मात्र 34-35 हजार करोड़ का बजट बनता था। मोदी जी ने उस नंबर को बढ़ा कर आज दो लाख 40 हजार करोड़ रुपये कर दिया है। उसका रिजल्ट है पिछले नौ साल में 21 हजार किलोमीटर नयी पटरियां बिछी हैं। पिछले साल टोटल कितने अंडरपास थे। बड़ी बड़ी बातें करनेवाली सरकार थी कांग्रेस की।

### 40 दिन के अंदर उसका एप्रूवल होकर आयेगा

पिछले साल एक हजार अंडर पास और पुलिया देश भर में बने। अगले पंद्रह दिन के अंदर-अंदर रेलवे के डीआरएम कतारी बगान और पावर हाउस चुटिया की साइट पर जायें, लोगों से मिलें, प्राब्लम को समझें, और एक्चुअल ड्राइंग और इस्टीमेट सैंक्शन के लिए भेजें, जिस दिन वह हमें भेजेंगे, उसके 40 दिन के अंदर उसका एप्रूवल होकर आयेगा और तुरंत काम शुरू होगा। झारखंड के सभी जिलों के लोगों से अपील की कि वे सीएम हर जिले से कम से कम पचास पत्र लिखें कि मोदी जी जो विकास कर रहे हैं, उसमें आप सहयोग करें। रांची के स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाना है। पत्रकारों को मिलने वाली सुविधाओं पर उन्होंने कहा कि अब भी 55 फीसदी सब्सिडी रेल मंत्रालय दे रहा है। राज्य में इडी की कार्रवाई के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ऐसा काम ही क्यों करते हैं। रेल मंत्री के साथ रांची के सांसद संजय सेठ, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल और रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

## 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक गढ़वा जिला में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का होगा आयोजन

# शिविर में आमजनों की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट होगा समाधान

- जिले की विभिन्न पंचायतों में होगा शिविर का आयोजन
- योग्य लाभुकों को दिया जायेगा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

## डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में तैयारियों की समीक्षा हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों संग बैठक की गयी। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक आयोजित करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। प्राप्त निर्देश के आलोक में गढ़वा जिला के सभी पंचायत स्तर पर 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक-कल्याकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराये जाने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्यक्रम अंतर्गत जिले की प्रत्येक पंचायत में कम-से-कम एक शिविर का आयोजन हो। मौके पर उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं वरीय पदाधिकारियों को शिविरों का शेड्यूल तथा कार्य योजना तैयार कर साझा किया। शिविर में प्राप्त आवेदन पत्र को प्राप्त कर योग्य लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया गया। इनमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति/आय/निवास, जन्म/मृत्यु/दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामले जैसे-दाखिल-खारिज, मापी, लगान रसीद, म्यूटेशन, एलपीसी तथा ऑन लाइन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए संबंधित द्वारा आवेदन प्राप्त करना, आमजनों से सामाजिक-आर्थिक एवं बुनियादी जरूरतों से जुड़ी परियोजनाओं के लिए आवेदन लिये जाने का निर्देश दिया गया। आवेदनों की प्राप्ति तथा ऑन-द-स्पॉट लाभों/परिसंपत्तियों के वितरण की जानकारी पोर्टल में अपडेट अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया।

शिविर में सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अन्तर्गत श्रमाधान पोर्टल एवं ई-श्रम पोर्टल पर प्रवासी श्रमिक पंजीकरण करने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक शिविर में 'कल्याण मंच' स्थापित करने को कहा गया। उपायुक्त ने प्रत्येक शिविर में छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी लाभार्थियों को उसी दिन साइकिल क्रय हेतु डीबीटी के माध्यम से राशि प्राप्त हो जाये। क्लस्टर सदस्यों के बीच आइ डी कार्ड का वितरण, धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण, कंबल वितरण, आवेदनों की प्राप्ति तथा ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों के वितरण की जानकारी पोर्टल में अपडेट करने को कहा गया।

सरकार आपके द्वार के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में दिनांक- 24 नवंबर 2023 से 26 दिसंबर 2023 तक के लिए पंचायतवार तिथि निर्धारित की गयी है। जिसमें 24 नवंबर को धुरकी, खरौंधी, कांडी, मंझिआंव, मेराल, चिनिया भवनाथपुर, रंका, रमकंडा, रमना, डंडई, डंडा, नगर ऊंटारी, गढ़वा की पंचायतों में कार्यक्रम होंगे। 25 नवंबर को कांडी, मेराल, बिशुनपुरा और भंडरिया के पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

28 नवंबर को कांडी, केतार, मेराल, सगमा के , डंडा के भिखही पंचायत भवन तथा नगर ऊंटारी के मध्य विद्यालय बिलासपुर में आयोजित किये जायेंगे। 29 नवंबर को गढ़वा प्रखंड के छतरपुर पंचायत भवन में, धुरकी के खाला पंचायत सचिवालय में, मंझिआंव के टड़हे पंचायत भवन में, चिनिया के बेता पंचायत भवन में, भवनाथपुर के चपरी पंचायत भवन में, रमकंडा के चेटे पंचायत भवन में तथा डंडई के पंचायत भवन करके में शिविर आयोजित किये जाएंगे। दिनांक-30 नवंबर को बरगढ़ प्रखंड के बरगढ़ पंचायत के प्राथमिक विद्यालय महुआटीकर में, कांडी के रानाडीह पंचायत भवन में, मेराल के खोरीडीह मध्य विद्यालय में, रंका के चुतरु पंचायत भवन में, डंडा के छप्परदागा पंचायत भवन में एवं गढ़वा के चिरौनजीया पंचायत भवन में आयोजित किये जायेंगे।

दिनांक- 01 दिसंबर 2023 को बरडीहा प्रखंड के पंचायत भवन बरडीहा में, कांडी के शिवपुर पंचायत भवन में, केतार के पाचाडूमर पंचायत भवन में, मेराल के चेचरिया पंचायत भवन में, रमना के भगोड़ीह पंचायत भवन में, नगर उंटारी के चितविश्राम उत्क्रमित विद्यालय में एवं गढ़वा के दुबे मरहटिया पंचायत भवन में आयोजित किए जाएंगे। दिनांक- 02 दिसंबर को धुरकी प्रखंड के खुटिया पंचायत सचिवालय में, कांडी प्रखंड के पतिला पंचायत भवन में, मंझिआंव के रामपुर पंचायत भवन में, मेराल के ओखरगाड़ा पूर्वी पंचायत के पचफेड़ी विद्यालय के पास, बिशुनपुरा के सरांग पंचायत सचिवालय के समीप आम बगीचा के मैदान में, भंडरिया के जेनेवा पंचायत के उच्च विद्यालय सरईडीह में, भवनाथपुर के बनसानी पंचायत भवन में, रंका के बाहाहारा पंचायत भवन में, डंडई के लवाही कला पंचायत भवन में एवं गढ़वा के अचला पंचायत भवन में आयोजित किए जाएंगे।

दिनांक- 04 दिसंबर को खरौंधी के राजी पंचायत सचिवालय में, केतार के केतार पंचायत भवन में, मेराल के पढ़ूवा पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतहरिया में, भंडरिया के करचाली पंचायत के दुर्गा मंडप कंजिया में, रंका के तमगे कला पंचायत भवन में, रमकंडा के रमकंडा पंचायत भवन में, रमना के बुलका पंचायत भवन में, सगमा के सोनडीहा पंचायत सचिवालय में, नगर ऊंटारी के गरबाँध पंचायत भवन में एवं गढ़वा के फरठीया पंचायत भवन में आयोजित किया जाना है। बैठक में उपायुक्त ने प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवन और अन्य जगहों पर होनेवाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी अधिकारियों को दी। इस बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, सिविल सर्जन डॉ॰ अवधेश सिंह समेत विभिन्न विभागों के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के लोगों को निराश किया: अरुण संगा



खूंटी (आजाद सिपाही)। युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि सरना कोड को अविलंब लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इसका प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया है। अरूण संगा मंगलवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री खूंटी आये थे,उस समय उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री सरना कोड लागू करने की घोषणा करेंगे, पर प्रधानमंत्री ने लोगों को निराश किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अलावा कोई भी राजनीतिक पार्टी कभी आदिवासियों की हितैषी कभी नहीं हो सकती। यही कारण है कि मिजोरम में इतनी भीषण हिंसा होने के बाद भी प्रधानमंत्री ने अब तक पीड़ितों की संधि नहीं ली, क्योंकि वेआदिवासी हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, जिला महासचिव सुमन जयसवाल, रिया धान, दशरथ पाहन, अरमान मंडा, मनीष मुंडा, साहिल मुंडा, अनिकेत, विनय, सुमित, मधु, कार्तिक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बूथ कमेटी को मजबूत बनाने में जुट जायें कांग्रेस कार्यकर्ता : कैसर खान



खूंटी (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की खूंटी जिला समिति की मंगलवार को बैठक तोरपा मे आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एडवर्ड हंस ने की। बैठक में जिला कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र दिया। बैठक में झारखंड प्रदेश के महासचिव कैसर खान ने कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुए बूथ कमेटी को मजबूत बनाने में सभी कार्यकताओं को लग जाना है। जिलाध्यक्ष एडवर्ड हंस ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग सभी जाति और धर्म को लेकर चलने वाली पार्टी है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सामड़ोम टोपनो, तैयब अंसारी, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, अख्तर अहमद, पपलू खान, रोजलीन कंडुलना, तौफीक अंसारी, इमरान खान, वाहिद अंसारी, निशिकांत नाग, जोसेफ कंडीर, जुनुल नितिन नाग, मसीहदास ओड़ेया आदि उपस्थित थे।

### विधायक कोचे मुंडा ने कुपोषित बच्चे का इलाज डॉ एचपी नारायण से कराया



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने अपने पैतृक गांव ममरला के तीन वर्षीय कुपोषित बच्चे अलेक्स भेंगरा का इलाज मंगलवार रांची के प्रख्यात चिकित्सक और रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग पूर्व अध्यक्ष डॉ ण्चपी नारायण से कराया। विधायक बीमार बच्चे को उसके अभिभावकों के साथ डॉक्टर के पास ले गये।

### भू-अर्जन विभाग के कार्यों की समीक्षा



खूंटी (आजाद सिपाही)। उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को भू अर्जन से संबंधित बैठक आयोजित हुई। बैठक में भू अर्जन से संबंधित 21 नवंबर तक प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने हटिया-बंडामुंडा रेलवे लाइन दोहरीकरण और लोधमा-न्यू पिस्का रेलवे लाइन के लिए संबंधित ग्रामों से भू अर्जन के संदर्भ प्राप्त अधियाचना की जानकारी ली। उपायुक्त ने जिला भू-अर्जन कार्यालय, खूंटी द्वारा हटिया-लोधमा-कर्रा पथ चौड़ीकरण, मुरहू-तपकारा-तोरपा पथ चौड़ीकरण, दसमाइल चौक से चुकरू मोड़, कुजराम पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, खूंटी-सिलादोन--चुकुरु-भुसूर पथ निर्माण, अड़की-बिरबांकी-कोचांग पथ का पुनर्निर्माण, कर्रा मोड़ (तोरपा)-कर्रा पथ चौड़ीकरण, कोनसा- बकसपुर-गोविंदपुर-कर्रा पथ चौड़ीकरण, आम्रेश्वर धाम (बिचना मोड़) से तुपुदाना भाया जुरदाग पथ पुनर्निर्माण कार्य, दलभंगा-कोरवा पथ चौड़ीकरण की दिशा में कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, परियोजना निदेशक सहित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### शहरी जलापूर्ति के कार्यों में तेजी लायें



खूंटी (आजाद सिपाही)। उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निकाय के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षात्क बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहरी जलापूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने विश्व बैंक संपोषित सरकार की महत्वाकांक्षी शहरी जलापूर्ति योजना, खूंटी की कार्य एजेंसी को शहरी जलापूर्ति के कार्य की गति में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि योजना तहत लंबित कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में नगर पंचायत खूंटी के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पिपरवार में निकाली गयी प्रभातफेरी



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा गुरूद्वारा में 27 नवंबर को गुरुनानक देव की 554वीं जयंती मनाया जायेगा। मंगलवार की सुबह बचरा गुरूद्वारा कमेटी के द्वारा तीन दिवसीय प्रभातफेरी की शुरुआत की गयी। पहले दिन यह प्रभातफेरी बचरा गुरुद्वारा से प्रारंभ हुआ,जो 64 कॉलोनी,122 कॉलोनी, माइन्स कॉलोनी और 172 कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनी और जगह का भ्रमण किया।इस दौरान प्रभातफेरी का कई जगह पर स्वागत भी किया गया। इस संबंध में बचरा गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गुरुनानक देव जी की जयंती बचरा में धूमधाम के साथ मनायी जाती है। इस मौके पर प्रभात फेरी में मुख्य रूप से सरदार कुलदीप सिंह,निर्मल सिंह, सेवा सिंह, बक्शी सिंह, कलवंत सिंह,प्रताप सिंह, दिलबाग सिंह, जगजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, अमन कुमार, बल्लु सिंह, रंजीत सिंह सहित काफी संख्या में सिख सुमदाय की महिलाएं, पुरुष और बच्चे प्रभातफेरी में शामिल हुए।


# 24 से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर मंगलवार को बैठक का आयोजन समाहरणाालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार की अति महत्वपूर्ण आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिले की सभी पंचायतों में किया जाएगा। 24 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक जिले के विभिन्न पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। सभी लोक-कल्याकारी योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्ति तथा स्वीकृति के लिए शिविर में योजनावार अलग-अलग स्टॉल लगाये जायेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि आवेदन जमा करने एवं उनका निष्पादन करने को लेकर विशेष रूप से कार्य किए जायें। उन्होंने वेबकास्टिंग के माध्यम से पर्यवेक्षण एवं विभिन्न पंचायत से लाभुकों की सक्सेस स्टोरी बनाने का निदेर्शा दिया। प्रखंड और पंचायत स्तर पर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को समन्वय के साथ पंचायत व ग्राम स्तर पर विशेष जागरुकता के साथ लोगों को कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी देने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक योग्य लाभुक योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने बताय अभियान के तहत अबुआ आवास योजना को लेकर आवेदन लिये जायेंगे, बिरसा सिंचाई कूप, वनाधिकार पट्टा का वितरण, साइकिल वितरण, आय, जन्म, मृत्यु, जाति, आवासीय प्रमाण आदि के अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, कंबल वितरण आदि के साथ ज्यादा से ज्यादा सरकार के योजनाओं से सुयोग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। ऑन-द-स्पॉट परिसंपत्तियों और सरकारी लाभों का वितरण किया जायेगा।

## विशेष लोक अदालत शुरू




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड उच्च न्यायालय रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में मंगलवार को व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में राजस्व एवं अधीनस्थ से संबंधित चार दिवसीय विशेष लोक अदालत का शुभारंभ हुआ। मंगलवार से शुक्रवार तक चलने वाली इस विशेष लोक अदालत का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने किया। इस विशेष लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय खूंटी और अनुमंडलीय न्यायालय-कार्यालय में राजस्व एवं अधीनस्थ से संबंधित वादों का सुलह समझौता कराया जा रहा है। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने लोगों से अपील की है कि चार दिवसीय विशेष लोक अदालत में आकर अपने लंबित दीवानी एवं राजस्व से संबंधित वादों को सुलह के आधार पर समाप्त कराएं। इस अवसर पर जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, सभी एलएडीसी राजीव कमल, नम्रता कुमारी, अमरदीप कुमार, रविकांत शर्मा, डालसा के स्टाफ अवनीश भारद्वाज सहित पीएलवी नरेश कुमार महतो, अंजू कच्छप आदि उपस्थित थे।

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस में असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थाना के ठीक सामने स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्ससलेंस (आदर्श स्कूल) में सोमवार की रात असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। जानकारी के अनुसार स्कूल की चहररदीवारी फांदकर असामाजिक तत्व स्कूल परिसर में घुस गए और छह कक्षाओं में लगे सभी सीलिंग फैन को क्षतिग्रस्त कर दिया। असामाजिक तत्वों शुद्ध जल के लिए लगाए गए आरओ वाटर प्यूरीफायर को भी बाहर निकाल कर तोड़ डाला। साथ ही सभी कक्षाओं की बिजली वायरिंग, स्विच बोर्ड और सीसीटीवी कैमरे की वायरिंग को भी बर्बाद कर दिया। स्कूल के नाइट गॉर्ड ने बताया कि छठ पर्व के कारण सोमवार की रात वह स्कूल से अपने घर चला गया था। सुबह जब वापस स्कूल पहुंचा, तो उसे इस घटना की जानकारी हुई। इसके बाद स्कूल के शिक्षकों सहित खूंटी थाना की पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। नाइट गार्ड पवन कुमार ने बताया कि दीपावली से कुछ दिन पूर्व कुछ असामाजिक तत्व स्कूल चहारदीवारी के अंदर घुसकर गांजा आदि नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे थे। उसने असामाजिक तत्वों की इन करतूतों का विरोध किया, तो वे सभी नाइट गार्ड को गाली-गलौज करते और उस पर पत्थर फेंकते हुए वहां से भाग गए थे। ऐसे में यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि चोरी छिपे स्कूल परिसर में प्रवेश कर वहां नशा आदि का सेवन करने वाले कुछ असामाजिक तत्वों ने ही स्कूल भवन में उत्पात मचाया होगा। घटना की सूचना खूंटी थाना के साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दे दी गयी है।

## हक और अधिकार से वंचित हैं विस्थापित रैयत : केएन त्रिपाठी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पिपरवार के बहेरा गांव पहुंचने पर कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने कार्यकताओं से मिलकर पार्टी को मजबूत बनाने सहित कई समस्याओ पर चर्चा की। बहेरा गांव स्थित मदरसा के पास उन्होंने स्थानीय ग्रामीणो के साथ बैठक की,जिसमे उन्होंने पिपरवार क्षेत्र की विभिन्न समस्या पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान स्थानीय ग्रामीणो ने उन्हे क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। इस दौरान बहेरा से कल्याणपुर तक अधुरे सड़क निर्माण कार्य की जानकारी दी। वही पूर्व मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग की। मौके पर प्रेम देव सिंह, सोनू कुमार, कासिम उर्फ मुन्ना, क्युम अंसारी, बहेरा मुखिया पति रमेश मुंडा, सुबेश राम, जुबेर आलम, प्रदीप शर्मा, फैय्याज खान, इरफान आलम, आफताब आलम, गोविंद पांडा, छोटू गुप्ता मौजूद थे।

## बहेरा में सड़क निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास



**सड़क बनने के बाद लोगों को मिलेगी राहत : रेखा देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत मे बहेरा मस्जिद से लेकर बहेरा पंचायत भवन राजधर तक डीएमएफटी फंड से नवनिर्मित सड़क निर्माण कार्य का मंगलवार को शिलान्यास किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने नारियल फोडकर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस संबंध मे मुखिया रेखा देवी ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से स्थानीय ग्रामीणो सहित आने जाने वाले लोगो को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि पहले यह सड़क काफी जर्जर थी और बरसात के मौसम में आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन डीएमएफटी फंड से सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इस मौके पर संवेदक राजेश महतो, कासिम उर्फ मुन्ना, जितेन्द्र कुमार,फहीम रजा, मोहम्मद फिरोज,सबा निखत, फैय्याज खान, सबा तरन्नुम,सचिन पासवान, बिजली महतो, रमेश मुंडा, आदित्य पासवान मौजूद थे।

# निर्वाचन से संबंधित कार्यों में तजी लायें अधिकारी : जिला निर्वाची पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकार सह उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किये जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े कार्यों में तेजी लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने फॉर्म 06, फॉर्म 07, फॉर्म 08 से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। डीसी ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत डोर टू डोर सर्वे की विस्तृत समीक्षा करते हुए डोर टू डोर सर्वे कार्य की कमियों को दूर करते हुए आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने नए मतदाताओं को जागरूक करने वोटर लिस्ट से जोड़ने के लिए जिले के सभी बूथ पर विशेष कैम्प आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही इएलसी को क्रियाशील करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शत प्रतिशत सुयोग्य मतदाताओं के साथ-साथ आदिम जनजातियों, बेघर लोगों, 80 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, थर्ड जेंडर और ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजनों को मतदाता सूची से जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदाताओं को जोड़ा जा सके।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली की वर्षा खलखो ने दो कांस्य पदक जीते



सिल्ली (आजाद सिपाही)। 16 से 22 नवंबर तक भरतपुर (राजस्थान) में चल रहे 43वें जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में समापन से एक दिन पहले 21 नवंबर को झारखंड जूनियर बालिका इंडियन वर्षा खलखो ने 40 मीटर में कांस्य पदक और टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता है। वहीं काजल कुमारी ने टीम में कांस्य जीता। ये दोनों तीरंदाज सिल्ली बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कोच प्रकाश राम ने बताया कि सिल्ली के दो तीरंदाज के अलावा टीम में सदस्य मधु कुमारी धनबाद, अप्रैल कुमारी चाईबासा भी शामिल है। इस जीत के लिए टीम के सभी सदस्य एवं प्रशिक्षक को झारखंड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष नेहा महतो, सचिव पूर्णिमा महतो ने शुभकामनाएं दी है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सिल्ली-टिकर-टाटा सड़क के जाड़ेया मोड़ पर सोमवार रात 10 बजे अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से एक 26 वर्षीय व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। बताया गया कि टाटा की ओर से तेज गति से आ रहे एक वाहन ने व्यक्ति को टक्कर मार दिया था। सोनाहातू पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कर्रवाई कर रही है। मृतक की पहचान पुरुलिया जिला के सारीडीह गांव के समीर महतो के रूप में हुई है, जो सोनाहातू बांधडीह से अपना घर अपनी बाइक पल्सर से लौट रहा था और दुर्घटना हो गयी।

### रिटायर शिक्षक से दस हजार रुपये की लूट

बुंडू (आजाद सिपाही)। रेकी कर रुपये लूटने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को कॉलेज मोड बुंडू में रिटायर शिक्षक से रेकी कर दस हजार रुपये लूट हो गयी। जानकारी के अनुसार पारमडीह गांव निवासी नागेंद्र नाथ महतो द्वारा एसबीआइ बुंडू से 20 हजार रुपये निकाल कर अपने घर जा रहे थे। पेंट के पाकेट में दस हजार और झोला मे दस हजार रुपये रखे थे। दो बाइक पर सवार लुटेरों बैंक से पीछा कर कॉलेज मोड़ के पास रुपयों से भरा बैग, आधार कार्ड, वोटर आइडीस बैंक पास बुक, एटीएम कार्ड, चेक बुक, पैन कार्ड व कुछ आवश्यक कागजात लूट लिया। घटना डेढ़ बजे की है। बुंडू थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### समरीलाल ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



खलारी (आजाद सिपाही)। कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक समरीलाल ने मंगलवार को खलारी का दौरा किया।विधायक समरीलाल के खलारी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।उसके बाद विधायक ने खलारी में डीएमएफटी मद से बनने वाले एक पीसीसी का शिलान्यास किया। इसके बाद विधायक ने खलारी में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। विद्यालय द्वारा विधायक को कई समस्याओं से अवगत कराया गया। इस मौके पर विधायक समरीलाल ने कहा कि खलारी क्षेत्र में सांसद संजय सेठ तथा उनके प्रयास से डीएमएफटी मद से काफी विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि खलारी में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़े और सरकारी पीएचसी अस्पताल में सारी सुविधाएं उपलब्ध हो. यह प्रयास किया जा रहा है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार साहू, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, प्रीतम साहू, शैलेंद्र शर्मा, मुखिया पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, अरविंद सिंह, अनिल गंझू, रामसूरत यादव, दिलीप पासवान, रामजीत गंझू, रवि सिंह, पारसनाथ उरांव, शिवरत मुंडा, सुनीता देवी, शीला देवी, किरण देवी, सरोजिनी देवी, सिन्नी समाड, ललिता देवी, तेजी किस्पोट्टा, चतुर्गुण भुइयां, नागदेव सिंह, दिलीप पासवान, रतनलाल, दिलीप गंझू, संजीत तुरी, कुलदीप लोहरा, जफरुद्दीन मौजूद थे।

### झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा के द्वारा मोहन नगर खेल मैदान मे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।स्कूल के बच्चो के द्वारा स्वागत गीत एवं झारखंडी नृत्य कर के इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे कांके विधान सभा क्षेत्र के विधायक समरीलाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे अनुसुचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम, भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, कांके विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज गुप्ता,विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, क्रिकेट,खो खो, कबड्डी एवं वालीबॉल खेल का आयोजन किया गया। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि विधायक समरीलाल ने सम्मानित किया गया। प्रधानध्यापक अभिषेक चौहान द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिया गया। कार्यक्रम में रामबली चौहान, कृष्णा चौहान, भरत रजक, अरविंद सिंह, कार्तिक पांडेय, प्रीतम साहू, अनिल गंझू, रामसूरत यादव, अरविंद, सुदेशवर ठाकुर, शशी सिंह, प्रेम कुमार, रतनलाल, सुनिल कुमार सिंह, दीलिप पासवन, देवनारायण गंझू, सरिता देवी, कुलदीप लोहरा, रवि भुषन सिंह, दिनेश भर, बूटन चौहान, रमेश चौहान, मिथिलेश सर, मुनू शर्मा, राजू गुप्ता उपस्थित हुए। जागीन चौहान, संजय चौहान, आशा पांडेय, जोति चौहान, गणेश कुमार महतो ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### बुद्धिजीवी मंच की बैठक संपन्न

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड के पतराहातू पंचायत भवन में मंगलवार को आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच की एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डॉ मकुंद चंद्र मेहता ने की। बैठक में पंचायत स्तर में विस्ताकरण हेतु चर्चा की गयी। बैठक संचालन कृष्ण प्रमाणिक, धन्यवाद ज्ञापन व समापन विजय चंद्र महतो ने किया। मौके पर लंबोदर महतो, करम सिंह महतो, लखींद्र महतो, जलेश्वर महतो, रास बिहारी महतो, गयाराम महतो, महेश्वर हजाम, बुद्धदेव दत्त, मुचिराम महतो उपस्थित थे।

### मां दुर्गा देवी का कलश एवं पूजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत बुंडू के देवी मंडप पर अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार की ओर से दो दिवसीय मां दुर्गा देवी का कलश एवं पूजन का आयोजन किया गया है। सोमवार को सैकड़ों महिला एवं बच्चियों द्वारा कलश यात्रा रानी चुआं से उठाकर चौक बाजार होते हुए थाना रोड देवी मंडप तक लायी गयी। मंगलवार को गुरु पूजन एवं श्री श्री मां दुर्गा देवी पूजन तथा हवन किया गया। कार्यक्रम में सत्यवान प्रमाणिक, अनूप चेल, सनत चेल, मीना देवी सतनारायण भगत शामिल हुए।

# ओरमांझी के मधुबन के समीप सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** ओरमांझी ब्लॉक के समीप केनरा बैंक के बगल में रहने वाले लालू साहू के 22 वर्षीय पुत्र निखिल साहू का सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। युवक निखिल अपने आर 1 फाइव बाइक से अपने घर ब्लॉक के पास से रांची की ओर जा रहा था। मधुबन के समीप बाइक अनियंत्रित होकर कार से टकराकर अठारह चक्का ट्रक के चक्कों के बीच जा फंसा। जब तक ट्रक ब्रेक लगाता तब तक युवक का शरीर दो टुकड़ों में बंट गया था। घटना की जानकारी होते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ओरमांझी थाना प्रभारी सदलबल घटना स्थल पहुंचे। सड़क जाम की खबर सुनकर सी ओ नितिन शिवम गुप्ता भी घटनास्थल पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों को सरकारी सहायता दिलाने के आश्वासन देकर समझा बुझाकर जाम खुलवाया गया। घटना की खबर के बाद से ही मां कविता देवी, पिता लालू साहू व बहन भाई और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रखा है। युवक की मां छठ व्रत भी की थी। छठ के एक दिन बाद हुई इस घटना से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। ओरमांझी पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। रात हो जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम बुधवार को होगा।

## उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नही : नौशाद

## उर्दू शिक्षक बहाली को लेकर हुई बैठक



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हुरहुरी में आमया संगठन के केंद्रीय सचिव नौशाद आलम के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के उपरन्त उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार को लेकर पोस्टर जारी किया गया। आलम ने कहा की 23 वर्षों से 4401 उर्दू शिक्षक के पद जो बिहार सरकार के समय से पद सृजित है जिसे नया से सृजित करने की आवश्यकता नहीं है। 3712 पद अभी तक खाली पड़े हैं जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। शिक्षक नहीं होने के कारण विद्यालयों में उर्दू भाषी छात्र उर्दू विषय के पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं वहीं उनको उर्दू लिपि में किताबें भी नहीं दी जा रही है जो उर्दू के साथ सरासर ना इंसाफी है। महागठबंधन सरकार ने चुनावी वादा भी किया था की उर्दू शिक्षक के पदों पर बहाली की जायेगी। परंतु चार वर्ष पूर्ण होने को है लेकिन अब तक प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। जिसके विरोध में और बहाली प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग को लेकर 28 नवंबर को राजभवन के समक्ष आमया संगठन द्वारा महाधरना का आयोजन किया जायेगा। मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष आफताब आलम, झारखंड छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल बारीक ने कहा कि महाधरना को लेकर तैयारी जोरों पर है। धरना में रांची के अलावा अन्य जिलों से भी संगठन के लो शामिल होंगे। बैठक में फिरोज अंसारी, इरशाद अंसारी, हाफिज जान मोहम्मद, आसिफ कलाम, शाहनवाज (सोनू ) इस्तियाक, तबरेज आलम, कासिफ अंसारी, अफरोज अंसारी, हुसैन अंसारी, कासिम अंसारी, नसीम अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## महाकाल छठ पूजा समिति ने घाट पर सूर्य भगवान का प्रतिमा स्थापित कर जागरण व भंडारा लगाया



**कांके (आजाद सिपाही)।** महाछठ पर्व के अवसर पर महाकाल सेवा छठ पूजा समिति ब्लॉक चौक अरसंडे के द्वारा सूर्य भगवान की मूर्ति की स्थापना की साथ ही छठ व्रतीयों के सेवा सहतार्थ शिविर लगाया। जागरण का भी आयोजन किया। भंडारे का आयोजन किया गया। घाट पर हजारों भक्त भंडारे में शामिल हुए। छठ पूजा के पश्चात सूर्य भगवान की मूर्ति का भव्य शोभा यात्रा निकाली गई यह शोभा यात्रा ब्लॉक कैंपस के सामने से बजरंग मंदिर बैंक आफ इंडिया होते हुए वेटरनरी होचर नदी में विसर्जित किया गया। जिसमें सैकड़ो भक्त शामिल हुए। इस आयोजन समिति के अध्यक्ष नीरज, संस्थापक चुन्नू शुक्ला, मुख्य संरक्षक पंकज सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में कांके प्रखंड अजय बैठा, मौके पर सभी सदस्य शामिल हुए।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल, रिम्स रेफर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुरना पानी मोड़ से लापुंग जाने वाली मार्ग पर पोकल टिकरा मोड़ के समीप मंगलवार की रात लगभग साढ़े सात बजे स्कूटी सवार करंज टोली नेहालु बेड़ो निवासी 25 वर्षीय कबीर लोहरा पिता अलहदा लोहरा असंतुलित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई अक्षय सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा काजोल ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल कबीर ने बताया कि वह अपने घर से कूर्गी जा रहा था। तभी वह असंतुलित होकर गिर गया।

### मुख्यमंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ किया ऑनलाइन संवाद

# कार्यकर्ताओं ने योजनाओं को घर-घर पहुंचने का संकल्प लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वर्चुअल मीटिंग को लेकर रांची जिला झामुमो का जिला स्तरीय कार्यक्रम केदल पंचायत स्थित समरगढ़ रिसोर्ट में आयोजित किया गया। जिसमे केंद्रीय कार्यकारिणी समिति से लेकर जिला समिति, प्रखंड समिति और पंचायत समिति तक के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में सरकार के चार साल पूरे होने पर राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं को 24 नवंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार प्रसार को चुनौती के रूप में लेने को कहा गया। राज्य सभा सांसद महुआ मांझी ने कहा कि आम जनता तक महत्वकांक्षी योजनाओं का प्रचार प्रसार अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर भी कार्यकर्ता कमर कस लें। जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम व प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने भी कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बातों को रखा। मौके पर केंद्रीय सचिव नंद किशोर मेहता, मनोज पांडेय, मधु मंसुरी, समनूर मंसुरी, पावन जेदिया, चिंतामामी सांगा, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, बीरू साहू, मुन्ना बड़ाइक, जनक नायक, रामनंद बेदिया, आदिल इमाम, एबाडत, अंसारी, झबूलाल महतो, फारूक अंसारी, रजनी चंद्रा पाहन,मंगरू मुंडा के अलावे अन्य मौजूद थे।



## विधायक शिल्पी ने योजनाओं का शिलान्यास किया

आजाद सिपाही संवाददता

**लापुंग।** लापुंग के घघारी व कन्डरकेल में सड़क मरम्मती तथा डूमर झरिया से लतरातू तक पीसीसी पथ व डूरू में उप स्वास्थ्य केंद्र समेत चार योजनाओं का शिलान्यास मांडर विधायक विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के हाथों नारियल फोड़कर कर किया गया। इसके पूर्व सभी जगहों पर पहानो के द्वारा विधि पूर्वक पूजा पाठ कर किया। विधायक ने कही की अपने विधान सभा क्षेत्र का विकास के लिए हर हमेशा कृत संकल्प है। लतरातू गांव कीआम जनता की पुरानी मांग गांव तक पहुच पथ पूरा होने से ग्रामीणों में खुशी से झूमे, गांव में पीसीसी पथ होने से आवागमन में सुविधा होगी। डुरु गांव में उप स्वास्थ केंद्र के शिलान्यास के दौरान ग्रामीणों ने विधायक से अपनी समश्या रखी पेयजल की कमी व एक 25 केवी का ट्रांसफार्मर एक माह से जल गया है जिससे यह कि जनता एक माह से अंधेरे में है। आम जनता की उक्त समश्या की मांग रखा विधायक ने समश्या का समाधान यथाशिघ्र करने की बात कही। सरसा से घघारी धाम तक 2.100 किमी व कन्डरकेल कारो नदी से ककरिया, दोलैचा भय डिंबा लोधमा तक 14.750 किमी ग्रामीण कार्य विभाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से विशेष मरम्मती योजना के द्वारा पक्की सड़क करोड़ो की लागत से किया जायेगा। अनाबाद निधि से डूमर झरिया से लतरातू तक पीसीसी पथ व दूरू में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास लाखो रुपया से निर्माण किया जायेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, संवेदक नित्यानन्द पांडेय, जेई नीतीश कुमार, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, प्रकाश राम, संतोष तिर्की, मुखिया दुर्गा उराँव, अलका तिर्की, बिरसमुनी देवी, गंगाधर साहू, सुरेंद्र महतो, संजय कुमार महतो, मुनेंद्र लोहरा, बसंत लोहरा, समीर उरांव, एतवा उरांव, सुजीत तिर्की, बैजनाथ लोहरा के अलावे अनेक ग्रामीण मौंजुद थे।



### प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार और अफसरशाही के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

## दो महीने से बीडीओ का पद रिक्त, विकास कार्य प्रभावित

**पदाधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यशैली और रवैये में सुधार लाएं वरना प्रखंड मुख्यालय में की जायेगी तालाबंदी**

आजाद सिपाही संवाददता

**अनगड़ा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं लालफीताशाही के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम और पंसस दिलीप बेदिया के नेतृत्व में सभी पंचायत समिति सदस्यों, ग्रामप्रधान एवं वार्ड मेंबरों ने प्रखण्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार, अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी सहित कई जनमुद्धों को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष जमकर विरोध प्रर्दशन करते हुए अपने गुस्से का इजहार किया। इससे पहले सुबह 10 बजे प्रखंड मुख्यालय के गेट पर बैठकर पंचायत प्रतिनिधियों नें पदाधिकारियों और कर्मचारियों की हाजरी भी लगाई। इस दौरान देखा गया कि विभिन्न विभागों के कई कर्मी काफी विलंब से कार्यालय पहुंचे वहीं सीओ सह बीडीओ, सीआई सहित कई कर्मचारी कार्यालय से नदारत थे। पंचायत प्रतिनिधियों की शिकायत है कि अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार काफी चरम पर है। वहीं पिछले दो महीने से बीडीओ का पद रिक्त रहने की वजह से विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि अंचल कार्यालय में वगैर चढ़ावा के कोई काम नहीं होता है। यहां दलाल काफी सक्रिय हो चुके हैं। म्युटेशन, प्लॉट इंट्री, परमिशन सहित अन्य भू संबंधी कार्य दलालों के माध्यम से किए जाते हैं। चढ़ावा नहीं मिलने पर आम गरीब रैयतों के भू संबंधी कार्य को जानबुझकर कोई ना कोई त्रुटि दर्शा कर लटका दिया जाता है। यहां सेवा गारंटी अधिकार अधिनियम का कोई मायने नहीं रह गया है। भू राजस्व संबंधी कार्य का त्वरित निष्पादन नहीं कर महीनों लंबित रखा जाता है। वहीं दलालों का एक सप्ताह के अंदर कार्य निष्पादित हो जाता है। आम जनता को छोटे-मोटे कार्यों के लिए महीनों कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। पंचायत प्रतिनिधिगण पदाधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली व रवैये से काफी नाराज दिखे। उन्होंनें सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे अपनी कार्यशैली व रवैये में सुधार नहीं लाते हैं तो फिर उनके विरूद्ध सीधी कारवाई की जायेगी तथा प्रखण्ड मुख्यालय में तालाबंदी किया जायेगा।



## बिरला नॉलेज सिटी महिलौंग में जगद्धात्री पूजा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** मां जगद्धात्री पूजा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को बिरला नॉलेज सिटी महिलौंग में मां जगद्धात्री पूजा का भव्य आयोजन किया गया। पंडित पीके गांगुली के द्वारा जगद्धात्री पूजा कराया गया। मौके पर पंडित पीके गांगुली ने बताया कि कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन आंवला नवमी के साथ जगद्धात्री पूजा का पर्व शुरू होता है। उन्होंने बताया कि हिन्दू धर्म में जगद्धात्री पूजा का नवरात्रि पूजा की तरह विशेष स्थान है। मौके पर महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया। महाभोग में रांची क्षेत्र सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से प्रदेश महामंत्री डां प्रदीप वर्मा, एमबीयू के कुलपति प्रो गोपाल पाठक, रजिस्ट्रार विजय कुमार सिंह, सरिता वर्मा, आदित्य विक्रम, आरजू देवी, आशुतोष द्विवेदी, रविंद्र तिवारी, कर्नल बीके सिंह, टाटीसिलवे मंडल अध्क्ष राजेंद्र महतो, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि शंकर सिंह मुंडा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, भाजपा नेता संजीत सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, अमित, माधुरी देवी, गिरिधर के साथ अन्य मौजूद थे।



# बेड़ो में करोड़ों खर्च, फिर भी लोगों के हलक सूखे

आजाद सिपाही संवाददाता

**हर गांव में योजना: हर घर में नल: आखिर कब आयेगा जल**



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल को लेकर गांव-गांव में योजना है फिर भी प्यास से लोगों का हलक सूख रहे हैं। जलापूर्ति की योजनाओं के नाम पर जमकर लूट हुई ज्यादातर योजनाएं ठप है। पेयजल को लेकर कागजों में सब कुछ ठीक दिखाई देता है लेकिन धरातल पर योजनाएं पानी मांग रही है। प्रखंड के सत्रह पंचायत के 84 गांवों में पानी के नाम पर संचालित योजनाएं दम तोड़ रहे हैं। हाल यह है कि 14वीं 15वीं वित्त से बनी नल जल योजना के बाद ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। जबकि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है, नल जल योजना के जरिए सरकार ग्रामीण क्षेत्र में घर घर नल से पहुंचाने की कोशिश में है, लेकिन सरकार की इस योजना पर जिम्मेदार लापरवाही कर पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। जिसके कारण सरकार की नल जल योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। गांवों में सरकार ने योजना के तहत नल तो लगा दिए हैं, लोगों का कहना है कि पता नहीं पानी कब आयेगा। इस योजना में लूट खसोट का आलम यह है कि कमीशन के चक्कर में विभागीय अधिकारियों द्वारा स्थल के निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति की जाती है और आम लोग कल की तरह आज भी शुद्ध पेयजल मिलने की उम्मीद में टकटकी लगाए बैठे हैं। नल जल योजना का शुरूआत किया गया तब ग्रामीणों को लगा कि अब वे लोग भी कुआं का पानी नहीं पीकर स्वच्छ पानी पिया करेंगे। लेकिन योजना ने दम तोड़ दिया और वे लोग एक बार फिर कुआं का पानी पीने को मजबूर हो गए। ग्रामीणों ने बताया इसकी शिकायत विभाग के जेई व बीडीओ से कई बार किया गया कितु मामला जस का तस बना रहा। प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश गांव में हर घर नल का जल एक सपना बन कर रह गया है। सरकार ने जिस तेजी से गांव में नल जल योजना की शुरूआत किया उससे लगा कि अब शुद्ध जल की समस्या से निजात मिल जाएगा मगर ऐसा नही हुआ। सड़क के किनारे घर तक पाइप लाया गया उसके साथ साथ नल भी लगाया गया। लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं हो पायी है। वही अंदर के घरों तक तो योजना कागज पर ही सिमट गयी है। प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी खुरा टोली के तेजू मुंडा ने कहा की लगभग एक वर्षो से पानी नहीं आ रहा है और कोई पूछने वाला भी नही है। नल तो लगा दिया है लेकिन पानी का अब तक कोई पता नहीं है।

## मांडर प्रखंड अंजुमन चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन करने के लिए दिखाया उत्साह



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड अंजुमन चुनाव समिति द्वारा मंगलवार को चुनाव कार्यालय में सदर पद के लिए सुरसा के शमीम अख्तर ने नामांकन दाखिल कर दिया गया है। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए मलती के शफीक अंसारी और टांगरबस्ली के इमरान अंसारी ने नामांकन दाखिल कर दिया है। प्रखण्ड अंजुमन मांडर, चुनाव 2023 सदर पद के लिए अबतक फिरोज अंसारी मासमानो, मुजीबुल रहमान कंजिया, सगीर अंसारी मलती, नुरुल्लाह हबीब नदवी मुड़मा, आलमगीर अंसारी करगे, शमीम अख्तर सुरसा , मो तबरेज बुखारी अंबा टोली, सेक्रेटरी पद के लिए जमील अख्तर मांडर , शमीम अख़्तर करगे, गफार अंसारी प्रयागो, आबिद अंसारी सुरसा, खजांची पद के लिए इमरान अंसारी टांगरबस्ली , शफीक अंसारी मलती, नायब सदर पद के लिए जुमाउद्दीन अंसारी मलती ने नामांकन किया है। नामांकन की आखिरी तारीख 23 नवम्बर है। नाम वापसी की आखिरी तारीख 26 नवम्बर है। मौके पर पूर्व मुखिया हाजी अयूब खान, रबुल अंसारी, चुनाव प्रभारी इरशाद इमाम, सईद अख्तर, आरिफ अंसारी, इरशाद अंसारी, शाहिद मिंया, फिरोज अंसारी, नसीम अंसारी, जहीर खान, समीम, अमानत, आबिद सहित कई लोग मौजूद थे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता को मिलेगा दो लाख

**कोकदोरो (आजाद सिपाही)।** स्थित पोटो हो खेल मैदान में 28 नवंबर से ईदुल अंसारी सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष हाजी नेयाज अंसारी, संरक्षक ईदुल अंसारी व खेल प्रभारी बसारत अंसारी ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 28 नवंबर को होगा जबकि फाइनल मैच 03 दिसंबर को खेला जायेगा। प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के फाइनल विजेता को 2 लाख रुपए नकद व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 1.5 लाख रुपये नकद व ट्रॉफी वहीं तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 21-21 हजार रुपए नकद राशि देकर सम्मानित किया जायेगा। खेल प्रभारी बसारत अंसारी ने बताया कि टूर्नामेंट के प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द टूनार्मेंट में स्पोट्स साइकिल देकर सम्मानित किया जायेगा। टूर्नामेंट में नामांकन के लिए प्रवेश शुल्क 15 हजार रुपए है।

## सीआइटीकर्मी के निधन पर शोकसभा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआईटी कर्मी मोतीलाल मुंडा (60) की आसामयिक मृत्यु को लेकर मंगलवार को संस्थान में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा के बाद कक्षाएं स्थगित कर दी गयी। स्व मुंडा संस्थान के वर्कशॉप में वेल्डर के पद पर कार्यरत थे। दीपावली की छुट्टी के दौरान अचानक बीमार पड़े। बीते बुधवार को इलाज के दौरान ईएसआई हॉस्पिटल नामकुम में उनकी मौत हो गयी। शोक सभा को प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डीन (अकेडमिक) डॉ नविन कुमार सिन्हा ने कहा कि स्व मुंडा का निधन उनके परिवार व संस्थान के लिये अपूरणीय क्षति है। वे काफी कर्त्तव्यनिष्ठ और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। स्व मुंडा अंनगड़ा चंद्रा टोली के रहने वाले थे और लंबे समय से संस्थान में कार्यरत थे।

## हासीम चुने गये चिलदाग अंजुमन कमेटी के सदर




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी चिलदाग की एक बैठक मंगलवार को डॉ गुलजार अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न मुद्धों पर चर्चा करते हुए कमेटी का पुर्नगठन किया गया। सर्वसम्मति से हासीम अंसारी कमेटी के नए सदर चुने गए। वहीं इरफान अंसारी को नायब सदर, तौफिक अंसारी उर्फ साहेब को सचिव, महबुब अंसारी को सह सचिव एवं एजाज अंसारी को खजांची बनाया गया। बैठक में हुसैन अहमद, शरीफ अंसारी, नाजीर अहमद, मुस्ताक आजम, नेजाम, मौलाना असजद मदनी, हाफिज मुख्तार आदि मौजूद थे।

## कार्तिक पूर्णिमा उत्सव 26 नवंबर से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी हरिहरपुर जामटोली पहाड़ में आगामी 26 नवंबर से दो दिवसीय भगवान भोलेनाथ का 16वां वर्षगांठ उत्सव व मेला का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान 24 घंटा का अखंड हरि कीर्तन व भंडारे का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामप्रसाद लोहरा, लाखो महतो, बिरसा पुजार, सुका पाहान विशाल उरांव,पूर्व उपमुखिया झुबा उराव, दिलीप उरांव, चरवा उरांव, धनंजय महतो, दुर्गा महतो,महावीर गोप, सोहन लोहरा, महाकाल लोहरा, सुरेंद्र गोप, रमेश उरांव, बोका बिरसा उरांव, रोशन केर-केट्टा जागरे मिंज, टोप्पो उरांव, विशेश्वर हजाम, मनीष महली, रमेश गोप, सोमरा गोप, दीपक महतो, श्यामल कुमार, मंगू उरांव, सुरजीत गोप, रविंद्र गोप सहित गांव के लोग लगे हैं।

## भाजपा नेता कमलेश राम चतरा जाकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात करेंगे



**कांके (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने दलित बालक युवराज पासवान के संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कहा है कि रांची जिला के मांडर थाना क्षेत्र के नवाटांड़ स्थित संत जॉन्स हाइस्कूल के हॉस्टल में एक दलित बालक युवराज पासवान (14 वर्ष) नामक छात्र की रविवार की शाम संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। बुधवार को झारखंड भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम मृतक के परिजनों से मुलाकात करने हंटरगंज चतरा जायेंगे और घटना की विस्तृत जानकारी लेंगे। कमलेश ने इस घटना के बारे में दुख जताते हुए कहा कि यह घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। गरीब परिजन अपना पेट काट के काफी उम्मीद के साथ अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजते हैं और इस तरह की घटना से पूरा परिवार टूट जाता है। वर्तमान की हेमंत सरकार के कार्यकाल में इस तरह की घटनाएं चरम पर कई स्कूल कॉलेज के छात्र की हत्या हो रही है तो कहीं प्रबंधन द्वारा प्रताड़ित किए जाने से छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और सरकार हाथ पे हाथ धरे बैठी है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग प्रशासन से करता हूं। ज्ञात हो कि मृतक संत जॉन्स स्कूल में आठवीं का छात्र था। युवराज चतरा कर जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कांशीकेवाल का रहने वाला था। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि युवराज ने वा रविवार की शाम हॉस्टल परिसर स्थित कुएं में कूदकर आत्महत्या की है। जबकि परिजनों का आरोप है कि युवराज पासवान की हत्या कर उसे एक आत्महत्या का रूप देने का प्रयास कर किया जा रहा है। वहीं परिजनों की ओर से युवराज पासवान की हत्या के आरोप में हॉस्टल-के इंचार्ज ब्रदर राजेश बारला, प्रधानाध्यापक ब्रदर सुबोध कच्छप सहित युवराज के दो अन्य सहपाठियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है ।

## आंबेडकर संघर्ष समिति 26 को मनायेगी संविधान दिवस

**आजाद सिपाही संववाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** हर साल के भांति आगामी 26 नवम्बर को संविधान दिवस आंबेडकर संघर्ष समिति हरिहरगंज भव्य तरीके से कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसे लेकर मंगलवार को प्रखण्ड क्षेत्र के सरसोत टोला अम्बेडकर नगर में श्यामलाल मेहता के अध्यक्षता तथा रवि कुमार के संचालन में आंबेडकर संघर्ष समिति ने बैठक की। मौके पर अध्यक्ष श्यामलाल मेहता ने बताया कि सरसोत स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर स्मारक से हर साल संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन शोभा यात्रा निकाला जाता है। इस बार 26 नवंबर को अररुआ खुर्द मिडिल स्कूल के मैदान में बिरहा गायक प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। जहां प्रखंड के सभी आंबेडकर संघर्ष समिति के सदस्य सरसोत बाबा साहब स्मारक पर एकत्रित होंगे और सुबह 9 बजे माल्यार्पण कर शोभा यात्रा में भाग लेकर शहर के अररुआ खुर्द मिडिल स्कूल के मैदान में पहुंचेंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार रवि, सचिव सुरजमल राम,सरसोत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, केदार राम, गुड्डू कुमार, ल बालचंद राम, श्यामसुंदर देहाती, रमन राम, इंद्रदेव भारती, धर्मेंद्र कुमार रवि, कुलदीप राम, अजय राम, डॉ पंकज कुमार, उमेश राम आदि उपस्थित थे।

## फोर लेन सड़क के निर्माण में अनियमितता : विजय रविदास



**ग्रामीणों के शिकायत के बाद जिला पार्षद ने सड़क निर्माण का किया निरीक्षण**

**संवाददाता आजाद सिपाही**

**विश्रामपुर /पलामू :** बिश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि भागोडीह से शंखा तक फोर लेन सड़क निर्माण में व्यापक अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारत वाणिज्य प्राक्कलन की अनदेखी कर रही है। श्री रविदास ग्रामीणों की शिकायत के बाद मंगलवार को कधवन गांव के पास बन रही फोर लेन सड़क का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारावट मे लाल मोरंग मिट्टी के बजाये काली केवली मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क के धसने का खतरा बना रहेगा। भारत वाणिज्य कंपनी द्वारा निमार्णाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव भी नही कराया जा रहा है, जिससे सड़क पर सारा दिन धूल उड़ रहा है। इसके कारण सड़क पर लोगों का चलना दुभर हो गया है। अनियमितता की शिकायत करने या उसका विरोध करने पर ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। श्री रविदास ने कहा कि इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग करेंगे। जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक

## सभी 21 ब्लॉकों के लिए कर्मियों और अफसरों की प्रतिनियुक्ति

**उत्कृष्ट प्रर्दशन करनेवाले 5 पंचायतों व 3 बीडीओ को आगामी 26 जनवरी को किया जायेगा सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददादा**

**मेदिनीनगर।** 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय सभाकक्ष से वर्चुअल मोड से सभी बीडीओ-सीओ के साथ बैठक की वहीं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी सभाकक्ष से जुड़े रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आगामी 24 नवंबर से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत में आयोजित किए जाने वाले शिविर को लेकर चर्चा की। सर्वप्रथम उपायुक्त श्री रंजन ने मनातू सीओ से शिविर को लेकर अब तक की गयी तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सभी बीडीओ को शिविर में ज्यादा से ज्यादा योग्य लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। आयोजित किये जाने वाले शिविरों का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 14 स्टॉल लगाये जायेंगे। वहीं एक रजिस्ट्रेशन काउंटर व एक स्टेज भी लगाया जायेगा। पंचायतों में लगने वाले शिविरों में ब्लॉक का जिला से बेहतर समन्वय हो,इसे लेकर उपायुक्त ने सभी 21 प्रखण्डों के लिए अलग-अलग पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

उपायुक्त ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 पंचायतों व 3 बीडीओ को अगले वर्ष 26 जनवरी को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर 22 नवंबर को सभी बीडीओ व उनके कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है।



### डीसी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## ऐतिहासिक पलामू किला मेला का उद्घाटन



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक दो दिवसीय पलामू किला मेला का उद्घाटन मंगलवार को मनीका विधायक रामचंद्र सिंह और जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी में सामूहिक रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह और आशुतोष सिंह चेरो द्वारा मुख्य अतिथि एवं मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामचंद्र सिंह ने कहा कि यह मेला राजा मेदिनी राय की याद में लगाया जाता है, कहा जाता है कि राजा मेदनी राय के काल में सभी लोग सुखी से जीवन यापन करते थे। उस समय की कहावत है,धनी धनी राजा मेदनीया, घर-घर बजे मथनिया। राजा मेदनी राय और उनके द्वारा बनाया गया पलामू किला को पूरे देश दुनिया के लोग जानते हैं। वही आशुतोष सिंह चेहरों ने कहा कि यह हमारा धरोहर है और इसकी देखरेख करना हमारा कर्तव्य है। बताते चले की दो दिनों तक चलने वाला यह मेला पलामू प्रमंडल का सबसे बड़ा मेला है। लगभग पांच किलोमीटर में फैले इस मेले में हजारों नहीं बल्कि लाखो लोगों की भीड़ होती है। मेला की सुरक्षा एवं कोई अप्रिय घटना ना हो इसे लेकर मेला समिति के सैकड़ो लोग तैनात रहते हैं। साथ ही प्रशासन को भी जद्दोजहद करनी पड़ती है। मौके पर समाजसेवी अजय उरांव, भारदुल सिंह मनोज सिंह गणेश्वर सिंह अनिल सिंह चंदन सिंह प्रदीप सिंह सुमन तुरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण खबरें

## बस की चपेट में आने से दो बाइक सवार की मौत

**सतबरवा /पलामू ( आजाद सिपाही)।** मंगलवार को सतबरवा के कंचन ढाबा होटल के पास रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बस की चपेट में आने से दो बाइक सवार रमेश भुईयां एवं परदेशी भुईयां की मौत हो गई। दोनों तुमंबागाड़ा सही के रहने वाले थे। घटना लगभग 10:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार दीप ज्योति बस जो हजारीबाग जाती है, मेदिनीनगर से हजारीबाग जा रही थी,और एक बाइक पर सवार दो लोग रांची की ओर से आ रहे थे, इसी बीच कंचन ढाबा लाइन होटल के पास बस और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाईक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद पास में ही गस्ती कर रहे सतबरवा पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा भर्ती कराया, जहां एक की मौत अस्पताल पहुंचते ही हो गई वहीं दूसरी की मौत इलाज के दौरान हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बस बाइक सवार को बचाने के चक्कर में रोड से नीचे उतर गई है। वही बस में सवार सभी यात्री दुर्घटना के बाद रोने चीखने चिल्लाने लगे। डरे सहमें हुए यात्रियों को पुलिस ने अलग-अलग वाहनों से उनके गंतव्य की ओर भेजने का प्रबंध किया। शव की पहचान नहीं हो पायी थी।

## मृतक के परिजनों को समजसेवी संजय पासवान ने किया सहयोग



**विश्रामपुर / पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 14 में मृतक के परिजनों से क्षेत्र के प्रसिद्ध युवा समजसेवी संजय पासवान ने मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। क्रियाकर्म हेतु मदद भी की। यहां उल्लेखनीय है कि वार्ड 14 निवासी बैजनाथ राम की मौत पिछले दिनों लंबी बीमारी के बाद हो गयी थी। जब इसकी जानकारी संजय पासवान को हुई तो उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर परिवार वालो को ढांढस बंधाया। तथा क्रियाकर्म हेतु मदद भी किया। इसके अलावा उन्होंने मृतक के परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर शम्भू चंद्रवंशी, दु:खी राम, अंबिका चौधरी, श्याम सुंदर चौधरी, हलखोरी चंद्रवंशी, पुटू पासवान, कन्हाई यादव, बचन चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## हरिहरगंज में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा शांति पूर्ण से हुआ संपन्न



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सोमवार की सुबह जहां उगते सूर्य के दर्शन के लिए व्रतियों के द्वारा बेसब्री से इंतजार हो रहा था। वहीं छठ घाट पर लोगो की भीड़ उमड़ रही थी। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाट पर लोगो का तांता लगा रहा। थाना रोड सियरभुका, पुनाडीह, तुरी, वनस्पति, खड़गपुर, बलरा बटाने नदी सहित प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में छठ पूजा को लेकर तैयारी की गई थी।वहीं कई छठ घाट को आकर्षक ढंग से सजाया भी गया था।इस दौरान प्रशासन के द्वारा कई छठ घाट को चिन्हित किया गया था । जहां खासकर पुलिस प्रशासन काफी मुश्तैदी के साथ गस्त कर रही थी। इस बाबत कहीं से कोई अप्रिय घटना के खबर नहीं मिली।

## समजसेवी ने वार्ड 10 में छठ घाटों पर फल और पूजा सामग्री वितरित की



**विश्रामपुर / पलामू (आजद सिपाही) :** समजसेवी सह भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र भारती छठ महापर्व पर छठ व्रतधारियों के बीच विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 10 पांडेपुर, बरवाडीह, मधुरीडीह छठ घाट पर फल-फलहारी सहित पूजा सामग्री का वितरण किया। श्री भारती ने छठ मईया से आशीर्वाद लिया तथा वार्ड 10 में अमन शांति की कामना भी किया। मौके पर आदित्य कुमार, राकेश कुमार, बसंत कुमार, पियूष कुमार, अशोक कुमार, मुन्ना कुमार मौजूद थे।

### शास्त्रीय संगीतज्ञ पं राजाराम मिश्रा की प्रथम और स्व. पंडित राम रक्षा मिश्र की 28वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

## प्रख्यात गजल गायक कुमार सत्यम, डॉ इंद्रेश मिश्र ने आराधना में प्रस्तुति दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ग्यारह कलाकारों को शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने हेतु ख्याल सम्राट पंडित राम रक्षा मिश्र एवं पंडित राजा राम मिश्रा मेमोरियल अवार्ड और स्मृति चिन्ह, शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसमें सुर संगम कला केंद्र के निदेशक आशुतोष पांडेय, मुंबई से आये हुए कुमार सत्यम, दिल्ली से डॉ इंद्रेश मिश्रा, रेणुकूट से पंडित उमा नाथ मिश्र, बनारस से अंकित मिश्रा और राजेश मिश्रा, देहरादून से पंडित शुभ महाराज, पलामू के राजा सिन्हा, सोनू कौशिक, नारायण, पंकज उल्लेखनीय हैं। स्थानीय देवरानी संगीत महाविद्यालय द्वारा आयोजित संगीत संध्या कार्यक्रम आराधना का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एससी मिश्रा,संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव, अभिभावक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, समाजसेवी ट्विंकल गुप्ता,कांग्रेसी नेता रूद्र शुक्ला, पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला, विजयानंद सरस्वती के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्वर्गीय राजा राम मिश्र एवं पंडित राम रक्षा मिश्र की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।



देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज कुमार मिश्रा और आयोजक सूरज मिश्र के द्वारा उपस्थित सभी आगंतुक विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम के सभी प्रायोजकों को शॉल ओढ़ाकर बुके देकर सम्मानित किया गया। आकाशवाणी की उद्घोषिका शालिनी श्रीवास्तव जी को बेहतरीन मंच संचालन के लिए शॉल,बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर,पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज सिंह,सोना महल के संचालक धनंजय सोनी, ग्रीन वैली स्कूल के निदेशक प्रदीप नारायण, भाजपा नेता दुर्गा जौहरी, साहेब सिंह नामधारी, सुरेंद्र सिंह, सीटू पाठक, विकास सिंह,समाजसेवी गुरवीर सिंह, डॉ विनीत सिंह, डॉ सुशील पांडे, इंडियन रोटी बैंक के दीपक तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे, पलामू सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा,नई संस्कृति सोसायटी के अजीत पाठक, समाजसेविका शर्मिला शुमी, मासूम आर्ट के के अध्यक्ष विनोद पांडेय, सैकत चटर्जी, मुनमुन चक्रवर्ती,भूमिका फिल्मस के पुलिन मित्रा, समाजसेवी संध्या शेखर,कमलेश शुक्ला, लोक कला संस्कृति मंच के अध्यक्ष शिशिर शुक्ला, बिपिन बिहारी पाठक, किशोर शुक्ला,साहित्य जगत के परशुराम तिवारी,कवि सत्य केतु संजय, दिनेश शुक्ला, शिक्षक नेता सुधीर दुबे एवं कलाकार रमेश पाठक, सुमन मिश्रा, कामेश्वर सिंह, उमाशंकर मिश्रा, राम श्याम बंधु, सच्चिदानंद तिवारी समेत साहित्य संगीत सामाजिक व्यवसायिक धार्मिक जगत की हस्तियां मौजूद थीं।

# स्पोर्ट्स



विश्व कप देखने के लिए जमकर उमड़े दर्शक, 12,50,307 लोगों ने स्टेडियम से देखे मैच और बन गया विश्व रिकॉर्ड।

## आइसीसी ने श्रीलंका से छीनी अंडर-19 विश्व कप की मेजबानी और दक्षिण अफ्रीका को दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के खिलाफ आइसीसी ने एक बड़ा एक्शन लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आगामी अंडर-10 विश्व कप की मेजबानी उससे वापस ले ली है। 10 नवंबर को आइसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब अंडर-19 विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका को सौंप दी है। श्रीलंका क्रिकेट में प्रशासनिक अनिश्चितता को देखते हुए आइसीसी बोर्ड ने यह फैसला लिया है। अहमदाबाद में हुई बैठक में इस बारे में फैसला लिया गया।





पिछली बार भारत अंडर-19 विश्व कप जीता था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक काफी विचार-विमर्श के बाद आइसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट को निलंबित करने के निर्णय को बरकरार रखने का फैसला किया है। बोर्ड ने कहा कि श्रीलंका टीम से जुड़ा क्रिकेट निर्बाध रूप से जारी रहेगा, लेकिन निलंबन को रद्द नहीं किया जायेगा।

**तारीखों में नहीं हुआ बदलाव :** अंडर-19 विश्व कप का आयोजन श्रीलंका में 14 जनवरी से 15 फरवरी के बीच होने वाला था। आइसीसी ने दक्षिण अफ्रीका को मेजबानी तो सौंपी है, लेकिन उसने तारीखों में बदलाव नहीं किया है। दक्षिण अफ्रीका में 10 जनवरी से 10 फरवरी एसए टी20 (एसए20) टूर्नामेंट का आयोजन भी होना है।


**ओमान और यूएइ के नाम पर हुआ विचार :** आइसीसी ने नये मेजबान के लिए ओमान और यूएइ के नाम पर भी विचार किया, लेकिन बेहतर बुनियादी ढांचे के कारण दक्षिण अफ्रीका को मेजबानी सौंपी। टूर्नामेंट के लिए कम से कम तीन मैदानों की आवश्यकता होती है, लेकिन ओमान के पास एक ही है। वहीं, यूएइ में टूर्नामेंट का आयोजन कर काफी महंगा होता। इस कारण आइसीसी ने अफ्रीकी देश को चुना।

**श्रीलंका से पहले जिंबाब्वे पर भी लगा था प्रतिबंध :** जिंबाब्वे क्रिकेट को 2019 में सरकारी हस्तक्षेप के कारण निलंबित किये जाने के बाद पिछले चार वर्षों में एसएलसी आइसीसी द्वारा निलंबित किया जाने वाला दूसरा पूर्ण सदस्य है। हालांकि, जिंबाब्वे में सभी क्रिकेट गतिविधियों को अचानक बंद कर दिया गया था। इसके अलावा फंडिंग पर भी रोक लगा दी गयी थी। बाद में जिंबाब्वे क्रिकेट को बहाल कर दिया गया था। आईसीसी श्रीलंका के मामले में सावधानी से कदम उठायेगी।

## 12,50,307 लोगों ने स्टेडियम में देखा विश्व कप, बना विश्व रिकॉर्ड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत की मेजबानी में आइसीसी वनडे विश्व कप 2023 ने कई रिकॉर्ड बनाये। इस विश्व कप में भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और कई कीर्तिमान बनाये, लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर छठी बार वनडे विश्व कप जीता। इस टूर्नामेंट के दौरान 12,50,307 लोगों ने स्टेडियम पहुंच कर मैच देखे। पहली बार किसी आइसीसी टूर्नामेंट में 12 लाख से ज्यादा दर्शक मैच देखने के लिए स्टेडियम पहुंचे और दर्शकों की संख्या का नया कीर्तिमान बन गया। वनडे विश्व कप 2023 अब तक का आइसीसी का सबसे लोकप्रिय टूर्नामेंट रहा।



आइसीसी ने सोशल मीडिया पर दर्शकों की संख्या बताते हुए यह भी बताया कि यह अब तक की दर्शकों की सबसे बड़ी संख्या थी। इसी के साथ आइसीसी ने सभी फैंस को शुक्रिया भी कहा। इस टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले गये और 42वें मैच में ही मैदान पहुंचकर मैच देखने वाले दर्शकों की संख्या 10 लाख का आंकड़ा पार कर गयी थी। इस टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 2019 विश्व कप का फाइनल खेलने वाले इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच हुआ। इसी मुकाबले में विश्व रिकॉर्ड बन गया था। यह किसी आईसीसी विश्व कप का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला पहला मुकाबला था।

# भाजपा दलितों की पीड़ा समझती है : अमर बाउरी



**नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा ने अमर बाउरी का किया अभिनंदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अलकडीहा।** बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अनुयायियों को को जो सम्मान 70 वर्षों में नहीं मिला वह सम्मान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने साढ़े नौ साल के कार्यकाल में दलितों को दिलाने का काम किया है।मोदी ने सबसे पहले अनुसूचित जाती से रामनाथ कोविंद को तथा जनजाति से पहलीबार द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर समाज को सम्मान दिया है। उक्त बातें मंगलवार को बीसीसीएल जियलगोड़ा अतिथि गृह में अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते भाजपा विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा। समारोह कि शुरुआत संविधान निर्माता भीम राव आंबेडकर के तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद किया गया। समारोह में समाज के लोगों ने श्री बाउरी का शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया।

श्री बाउरी ने कहा कि भाजपा ही दलितों की पीड़ा को समझती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंबेडकर फाउंडेशन में समाज के बबन रावत को जगह देकर अपनी मंशा को साफ कर दिया है। अब अंबेडकर के सपना पूरा होता दिख रहा है। दलितों की 50 लाख की आबादी के अंदर उन्हें विपक्ष का नेता बना कर यह सम्मान हमे नहीं बल्कि समाज को मिला है। उन्होंने आंबेडकर के बातों को दुहराते हुए कहा कि बाबा साहेब ने हमे शिक्षित बनो,संगठित रहो, संघर्ष करो का नारा दिया था, उसपर हमे चलना है। समारोह की अध्यक्षता राजेश हाड़ी, संचालन नरेंद्र हाड़ी व धन्यवाद ज्ञापन गौतम हाड़ी ने किया।

समारोह को हाड़ी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अशोक राम , भाजपा प्रवक्ता सरोज सिंह, वरिष्ट नेता योगेंद्र यादव, श्रवण राय, ध्रुव कुमार हरी, उचित महतो, सूरज हाड़ी, राकेश हाड़ी, रूपेश पासवान आदि ने संबोधित किया है। इस अवसर पर वुशु के राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्योति कुमारी को श्री बाउरी ने सम्मानित किया।

# ढुल्लू और रागिनी समर्थकों के बीच खूनी संघर्ष के बाद पुलिस तैनात

**एक पक्ष के लोगों ने लगाया आरोप : दूसरे पक्ष के लोग दे रहे हैं धमकी**

**अब तक पुलिस से नहीं की गयी है शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** सोमवार की रात एकड़ा में विधायक ढुल्लू और रागनी सिंह समर्थकों के बीच हई खूनी संघर्ष के बाद मंगलवार को भी तनाव बना रहा। हालांकि पुलिस मौके पर कैंप किये हुए है। एक पक्ष के तरफ से दूसरे पक्ष को धमकी मिल रही है। दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि कहा जा रहा है कि पुलिस के हटने का इंतजार है। पूरे एकड़ा में धुवां धुवां कर देंगे। पुलिस जानकारी के बाद और सक्रिय हो गयी है। घटना के 20 घंटे बीतने के बाद भी किसी की ओर से पुलिस को लिखित शिकायत नही की गयी है।

उधर ढुल्लू समर्थक सुनील राय का भगना यशवंत सिंह का इलाज मिशन दुर्गापुर में चल रहा है। उसे सर में गंभीर चोट लगी है। ऑपरेशन भी किया गया है। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं दूसरी तरफ रागनी सिंह समर्थक सतेंद्र केवट का भतीजा सुजीत का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। उसका भी सर फट गया है। इसके अलावा अन्य घायलों का भी पुलिस द्वारा इंज्युरी बना कर उपचार कराया गया है। फिलहाल एकड़ा में सन्नाटा है, पर माहौल तनावपूर्ण है। वहीं रागनी समर्थक सतेंद्र केवट ने कहा कि 14 नंबर बासदेवपुर के कुछ लोग छठ पर्व में घाट पर अर्द्ध देने के समय लड़कियों से छेड़छाड़ कर रहे थे, जिसका हमारे परिवार के लोगों ने विरोध किया था। शाम इसी का बदला लेने की कोशिश की गयी है। दो बार हमारे घर और होटल के पास हमला किया गया है। इसमे मेरा भतीजा सुजीत का सर फट गया है। वह बार-बार बेहोश हो जा रहा है। हमने बीच बचाव का काम किया, तो हम पर भी हमला किया गया है। घटना में मेरा सर भी फट गया है। वहीं ढुल्लू समर्थक सुनील राय ने कहा कि मेरा भगना यशवंत सिंह लोयाबाद मोड़ दवाई लाने जा रहा था। सब लोगों ने घेर कर उसे बुरी तरह पीटा है। किस लिए मारा हम नही जानते। भगना का हालात नाजुक है। उसके सर में गम्भीर चोट है। उसका ऑपरेशन हुआ है। डाक्टर अभी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है।



**तोरणद्वार पर बाघमारा विधायक का फोटोयुक्त बैनर लगाने से शुरू हुआ विवाद**

आसपास लोगों से जानकारी मिली है कि मामला वर्चस्व को लेकर घटी है। मामला कोयला और डीजल चोरी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। इस मामले में दोनों पक्षो में 20 से 25 दिन से तनाव चल रहा था।छठ के समय भी तोरण द्वार में विधायक ढुल्लू का फोटो बैनर लगाने पर, दूसरे ने यह कह कर विरोध किया कि जब चंदा सार्वजनिक हुआ है तो, किसी एक नेता का फोटो क्यों लगाया जा रहा है।

**पूरे मामले पर नजर है : थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी राजन राम ने कहा कि घटना का कारण का पता नहीं चल रहा है। अब तक किसी पक्ष से शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कांड अंकित होगा। पूरे मामले पर नजर बनाये हुए हैं।

# बस्ताकोला स्थित अंबेडकर चौक पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** बस्ताकोला स्थित अंबेडकर चौक पर मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी विधायक सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर बाउरी का स्वागत किया गया। यहां अमर बाउरी ने बाबासाहेब डॉ भीम राव आंबेडकर की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो सभी समाज के बारे में सोचती है। सबका साथ सबका विकास की सोचती है। कांग्रेस झामुमो की लूट की सरकार की पोल खोलना ही हमारा लक्ष्य है। केंद्र की योजनाओं को किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने नहीं दिया जायेगा। मौके पर राजकुमार अग्रवाल, योगेंद्र यादव, उचित महतो, रिंकू शर्मा, बप्पी बाउरी, संतोष रवानी, रामदेव शर्मा, मनोज गोप, पप्पू पासवान, राहुल गुप्ता, राकेश गुप्ता, भोलानाथ गोस्वामी, काजू राय, रंजीत दास, शोभा देवी, प्रतिमा गिरी, सरिता सिंह, महेश सोनार, राहुल सोनार, संजय रवानी, चिंटू शर्मा, राजू दास, दिलीप वर्मा, गुड्डू सोनार, निलय बनर्जी, अजीत मंडल, गोपाल यादव संतोष गोंड उपस्थित थे।

# जद-एस अपना गठबंधन धर्म निभा रहा है : पवन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ गठबंधन के बाद प्रदेश के ग्यारह जिला में जनता दल सेक्यूलर पार्टी की जिला कमिटी का पुनःगठन किया जा चुका हैं। पार्टी कार्यकर्ता झारखंड मे बढ़ते भ्रष्टाचार, अपराध एवं गिरते विधि व्यवस्था को लेकर आम जनता के बीच जायेंगे। उक्त बातें बस्ताकोला स्थित पार्टी कार्यालय में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जद-एस प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार झा ने कहीं। कहा की पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार हो रहा है। महिला विंग एवं युवा जनता दल सेकुलर से जुड़े सक्रिय पदाधिकारियो को जिम्मेवारियां दी गई है। भाजपा के साथ गठबंधन होने के बाद पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर अपनी सशक्त उपस्थिति कायम कर रहे हैं।

जद-एस पार्टी अपना गठबंधन धर्म निभा रही है। भाजपा के कार्यकर्ताओ से भी आग्रह करती कि वह भी अपना धर्म निभाएं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से, श्याम कुमार वर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, सलाम अंसारी, बसु महतो, किशोर महतो, रंजीत, विकास, दीपक आदि उपस्थित थे।

## बाल विवाह अभिशाप है : मुरारी प्रसाद

**कसमार (आजाद सिपाही)।** सहयोगिनी संस्था ने नोबेल पुरुस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से बोकारो जिले के 150 गांव को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए सघन जागरूकता अभियान चलाया है। जिसके तहत पेटरवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चरगी पंचायत स्थित कोचिंग संस्थान में छात्र छात्राओं को बाल विवाह रोकथाम को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान सहयोगिनी के कार्यकर्ताओं ने बच्चों के अधिकार, बाल विवाह रोकथाम,चाइल्ड एब्यूज सहित अन्य मुद्दों को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बताया गया कि अगर कहीं भी बाल विवाह होता है तो तत्काल 112 पर कॉल कर जानकारी दे। बताया कि 112 एक निःशुल्क फोन सेवा है। जो 24 घंटे बच्चों को सुरक्षा प्रदान करता है। संस्थान के प्रोपराइटर मुरारी कुमार ने कहा कि छात्र - छात्राओं को अपने अधिकार को लेकर जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, समाज के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है।

**धीरज नोनियां के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग**

# आजसू ने निकाला कैंडल मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोयाबाद।** आजसू पार्टी ने मंगलवार की शाम को धीरज नोनियां के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च एकडा मोड़ से निकल कर इलाके में भ्रमण करते हुए लोयाबाद मोड़ पर पहुंचा। मार्च में शामिल लोग पुलिस से धीरज नोनियां मौत की निष्पक्ष जांच करे, दोषियों को गिरफ्तार करे आदि नारे लगा रहे थे। मोड़ पर वक्ताओं ने कहा कि पुलिस इस घटना की निष्पक्ष जांच करे और कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तारी कर जेल भेजे।वक्ताओ ने कहा कि पुलिस कांड संख्या 23/22 के तहत मामला भी दर्ज किया गया है। लेकिन अब तक पुलिस जांच कर कोर्ट में चार्जशीट नहीं पेश किया गया जिससे पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध है। इस घटना की जांच सीबीआई से कराने की भी मांग की गई। मालूम हो कि बांसजोडा में धीरज नोनियां की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। कैंडल मार्च में बिनोद पासवान, जलाल अंसारी, चिंटू गुप्ता, डिस्को महतो, राजू रवानी, लालू खान, बिनोद सिंह, मोहन महतो, पप्पू गोप, मदन मल्लाह आदि शामिल थे।

# 'वृक्ष-पूजन दिवस' मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' द्वारा शुभ अक्षय नवमी तिथि को अमृत वृक्ष आंवला की विधिवत पूजा कर बोकारो के सेक्टर तीन स्थित भास्कर निवास में 'वृक्ष-पूजन दिवस' के रूप में मनाया गया।

संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति का महत्व हमेशा से रहा है और वृक्षों को देवता के रूप में माना जाता है। हमारे पूर्वज हमेशा से जानते थे कि वृक्ष ऑक्सीजन, जड़ी बूटियों सहित छाया, फल फूल प्रदान कर हमारे जीवन की रक्षा करते हैं। मान्यता है कि समुद्र मंथन के बाद जो अमृत निकला था, उसकी कुछ कुछ बूंदे धरती पर जहां-तहां छिटक गयी, वहां वहां आंवला का वृक्ष उग गया और इसलिए ही इसमें अमृत का गुण पाया जाता है तथा इसके सेवन, पूजन एवं स्पर्श का महत्व है। पंडित भैरवानंद मिश्र ने आज की तिथि का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि आज का किया हुआ पुण्य कार्य कई गुणा फलीभूत होते हैं। वृक्ष पूजन कार्यक्रम में शशि भूषण ओझा 'मुकुल', पंडित भैरवानंद मिश्र, अनीत ओझा, बेबी मिश्रा, मनोरमा सिंह, अधिवक्ता ब्रजेश कुमार मिश्र, रीना देवी, विभा तिवारी, श्यामा पांडेय, रमा चौबे, शिलम देवी, बीरेंद्र कुमार पांडेय, राम कृपाल मिश्र, परशुराम मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# महिला का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी


आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट ।** तेनुघाट ओपी थाना क्षेत्र के तेनुघाट कॉजवे में एक बुजुर्ग महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है। उसकी पहचान गोमिया थाना क्षेत्र के गोमिया पोस्ट ऑफिस मोड़ निवासी स्व त्रिवेणी राम की पत्नी मूर्ति देवी 65 वर्ष के रूप में हुई है। इस संबंध में तेनुघाट ओपी के थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि दामोदर नदी के तेनुघाट कॉजवे में महिला का शव पानी में तैरता हुआ देखा गया। जानकारी मिलने के बाद वे मौके पर पहुंचे और स्थानीय तैराक से शव को बाहर निकाला। महिला की पहचान उसके परिजनों ने की। मूर्ति देवी का नैहर छपरगड्डा गांव में है। शायद वह नैहर जा रही थी। नदी में कैसे गिरी, इसकी जांच की जा रही है।

**श्रीश्री झरिया धनबाद गोशाला बस्ताकोला का 103वां अधिवेशन**

# गौ सेवा हमारी संस्कृति है : पीएन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनसार।** गौ सेवा से बड़ा कोई सेवा नहीं है, यह इश्वरीय कार्य है और इस कार्य को बहुत ही बेहतर ढंग से गोशाला संचालन समिति कर रही है। इस पुण्य कार्य की सराहना शब्दों से नहीं किया जा सकता। उक्त बातें सिंफर के डायरेक्टर डॉ एके मिश्रा ने श्रीश्री झरिया धनबाद गोशाला बस्ताकोला में दो दिवसीय गोपाष्टमी मेला में आयोजित 103वां अधिवेशन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज के दौर मे युवा डीप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। विज्ञान और गुगल ने प्रमाणित किया है की गौवंशों के बीच मे रहने वाले लोग स्वतः डीप्रेशन से छुटकारा पा सकते हैं।

वहीं धनबाद सांसद पीएन सिंह ने कहा कि गौसेवा से समाज ही नहीं व्यक्तिगत फायदा भी होता है। वैज्ञानिक युग मे भी गाय के दूध, मूत्र व गोबर से बीमारियों का नाश हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमलोगों की संस्कृति है गौसेवा करना और लोगों में इसी भावना को गोशाला समिति के लोग जिंदा रखे हुए है। इतनी महंगाई मे गोशाला का संचालन करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। गो सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करे। यह कार्य देश व राष्ट्र में है। सांसद ने गोहत्या पर अंकुश लगाने का भी आह्वान किया।

इस मौके पर गोशाला अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल एवं सचिव द्वारका प्रसाद गोयनका ने कहा कि समाज के हर लोगों को गोशाला से जुड़ने की जरूरत है ताकि गोशाला का संचालन बेहतर तरीके से हो सके। समय के साथ गोशाला का खर्च बेतहाशा बढ़ रहा है इसलिए इस गोशाला से लोग जुड़ कर गौ माता के सेवा में भागिदार बने। इससे गोशाला का भी उत्थान हो सकेगा।

इस मौके पर गौशाला कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, सचिव मुरलीधर पोद्दार, द्वारका प्रसाद गोयनका, कैलाश चौधरी, राम प्रसाद कटेसरिया, सत्यनारायण भोजगड़िया, अनिल खेमका, शारदानंद सिंह, रमेश रिटोलिया, हरिराम गुप्ता, अशोक सर्राफ, जगदीश तुलसियान, शिव कुमार खेमका, विनोद शर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, प्रकाश शर्मा, श्रवण अग्रवाल, निशांत गोयनका, चंद्र प्रकाश चोखानी आदि लोग मौजूद थे।


## कार्यालय, प्राचार्या, इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02/2023**

इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग में जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024 तक के लिए निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा प्राचार्या इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। ये निविदा दिनांक 04.12.2023 को 01.00 बजे अपराहन् तक प्राप्त की जायेंगी तथा प्राप्त निविदा दिनांक 04.12.2023 को 03.00 बजे अपराहन में उपस्थित निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में सभी सामग्रियों का दर विद्यालय प्रागंण तक परिवहन व्यय सहित होगा। क्रय की जाने वाली सामानों की कोटि निम्नांकित है :–

| क्रम सं0 | सामग्रियों का नाम | सत्र |
|---|---|---|
| 1 | खाद्यान्न सामग्री | जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024 तक के लिए |
| 2 | पावरोटी–ब्राउन/सफेद | जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024तक के लिए |
| 3 | सब्जी एवं फल | जनवरी 2024 से जुलाई 2024 तक के लिए |
| 4 | चिकेन एवं अण्डा | जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024 तक के लिए |
| 5 | लेखन, विद्युत, सफाई एवं जल– कल व्यवस्था संबंधी सामग्री | जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024 तक के लिए |
| 6 | पोषाक धुलाई | जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024 तक के लिए |
| 7 | विद्यालय पाकषाला में लगाए गए गैस चुल्हा, गैस पाईप लाईन इत्यादि का मरम्मत एवं वार्षिक रख–रखाव। | जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024 तक के लिए |

क्रय की जाने वाली सामग्रियों की सूची, ठेके की शर्त, अग्रधन राशि इत्यादि से संबंधित पूर्ण विवरण बिल ऑफ क्वांटिटी में अंकित रहेगी। बिल ऑफ क्वांटिटी दिनांक 27.11.2023 से 03.12.2023 तक कार्यालय खुला रहने के दिन ई–चालान के माध्यम से 50/–रू0 प्रत्येक सामग्री के लिए जमा कर चालान की प्रति कार्यालय में जमा करते हुए हाथों–हाथ प्राप्त किया जा सकता है।

राशि **E-GRAS** में जाकर निम्न हेड में जमा करना है –

1- 58-SCHOOL EDUCATION AND LITERACY DEPARTMENT (SECONDARY EDUCATION DIVISION)
2- MAJOR CODE- 0202 शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति
3. सामान्य– 020201600010101
4- Office Name- HZBEDN137 PRINCIPAL IGBV HZB
5- RECEIPTS TYPE:- 0101-RECEIPT

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य,
इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग

PR 311681 School Education and Literacy (23-24)_D

## न्यूज रील्स

### प्रदूषण मामले में तीन सरकारों को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को दिल्ली प्रदूषण मामले में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और पंजाब सरकार से पूछा कि प्रदूषण की समस्या को रोकने के लिए क्या कदम उठाया जा रहा है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के किसानों के साथ हमदर्दी दिखायी। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को विलेन बना दिया जाता है। कोई उनका पक्ष नहीं सुनता है। किसानों के पास पराली जलाने के लिए कारण जरूर होंगे। कोर्ट ने दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकारते हुए कहा कि बीते छह साल में यह सबसे प्रदूषित नवंबर रहा है। हमें समस्या पता है और उस समस्या को दूर करना आपका काम है।

### एक ट्रैक पर 3 ट्रेनें

**भुवनेश्वर।** राउरकेला एक बड़े हादसे से टल गया 3 ट्रेन । एक ट्रैक पर आमने सामने 3 जात्रीबाही ट्रेनें। सूचना मुताबिक राउरकेला मेमू से टकराने से पहले झारसुगुड़ा ट्रेन को रोक दिया गया था। दोनों ट्रेनों के बीच की दूरी महज 100 मीटर थी। इसके पीछे तीसरी ट्रेन वंदे भारत आ रहा था। लेकिन रेलवे विभाग ने बड़े हादसे से पहले ही इसे रोक लिया है।

# राष्ट्रपति ने बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन से तीन नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

- नये रायरंगपुर डाक मंडल का उद्घाटन किया
- रायरंगपुर डाक प्रभाग का स्मारक विशेष कवर जारी किया
- बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी







आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (21 नवंबर, 2023) बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन, ओड़िशा से तीन नयी ट्रेनों यथा-बादामपहाड़-टाटानगर एमईएमयू, बादामपहाड़-राउरकेला वीकली एक्सप्रेस, और बादामपहाड़-शालीमार वीकली एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने आभासी रूप से नए रायरंगपुर डाक डिवीजन का उद्घाटन किया, रायरंगपुर डाक डिवीजन का स्मारक विशेष कवर जारी किया, और इस अवसर पर बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास उस क्षेत्र की कनेक्टिविटी पर निर्भर करता है। चाहे रेल हो, सड़क हो या डाक सेवाएं हों- ये सभी सेवाएं लोगों के जीवन को सुगम बनाती हैं। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गयी तीन ट्रेनें स्थानीय लोगों को झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे पड़ोसी राज्यों की यात्रा करने में मदद करेंगी। उन्होंने कहा कि ओड़िशा के औद्योगिक शहर राउरकेला जाने में भी लोगों को कोई असुविधा नहीं होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि सेल फोन और कूरियर सेवाओं के बढ़ते चलन के बावजूद, भारतीय डाक की प्रासंगिकता नहीं खोई है। रायरंगपुर में नए डाक डिवीजन का उद्घाटन इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस क्षेत्र के लोगों को अब डाक सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार जनजातीय समुदायों के विकास के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2013-14 के बजट की तुलना में इसके लिए मौजूदा बजट में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जनजातीय लोगों के विकास के बिना समावेशी विकास अधूरा है, इसीलिए सरकार जनजातीय समुदायों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने जनजातीय युवाओं से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्म विकास के लिए व्यक्ति का प्रयास भी आवश्यक है। इसलिए युवाओं को अपने जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने पीवीटीजी के विकास के लिए इस वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पीएम जनमन (पीएम-जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान) शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय भाई-बहनों की प्रगति की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल इस अमृत काल में लोगों को विकास से जोड़ेगी और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद करेगी। कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति ने बादामपहाड़-शालीमार एक्सप्रेस में बादामपहाड़ से रायरंगपुर तक की यात्रा की।

# एनटीपीसी बोंगाइगांव ने क्वालिटी मीट 2023 का आयोजन किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने कॉरपोरेट क्यूएंडआई के सहयोग से 17 और 18 नवंबर, 2023 को एनटीपीसी बोंगाईगांव में दो दिवसीय क्वालिटी मीट 2023 का आयोजन किया। बिजली संयंत्र उपकरण आपूर्ति और निर्माण कमीशनिंग में गुणवत्ता आश्वासन की दिशा में एनटीपीसी द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न मुद्दों, सुझावों और नयी पहलों के बारे में विचार-विमर्श करना। मनीष कुमार श्रीवास्तव ईडी (इंजीनियरिंग) ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई और समापन सत्र में प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। श्रीवास्तव ने संगठन के भीतर गुणवत्ता बनाए रखने में सीक्यूए और एफक्यूए की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गुणवत्ता एनटीपीसी की सफलता की आधारशिला है और एनटीपीसी बिजली संयंत्र के उपकरण आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग में गुणवत्ता पहलुओं को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सुधार और नये उपकरणों और प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीवास्तव ने एनटीपीसी में निरंतर आत्म-विकास, दस्तावेजों के डिजिटलीकरण, मुद्दों को तुरंत संबोधित करने, कुशलता से काम करने और एक मजबूत गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को संगठनों में गुणवत्ता सुधार पहल के लिए सुझाव देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इससे पहले, उद्घाटन सत्र में, एनटीपीसी बोंगाईगांव के बिजनेस यूनिट प्रमुख, करुणाकर दास ने सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कई डोमेन में गुणवत्ता के महत्व पर जोर दिया, एनटीपीसी के कुल गुणवत्ता और सुरक्षा के मूल मूल्य के अनुरूप साइट निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में एफक्यूए की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। बीसी रॉय, जीएम (क्यूए एंड आई) ने फील्ड क्वालिटी की महत्वपूर्ण भूमिका और एक सिस्टम-संचालित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जो लगातार बदलते तकनीकी परिदृश्य के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए निरंतर समीक्षा और अनुकूलन से गुजरता है। उन्होंने कॉर्पोरेट और फील्ड गुणवत्ता अधिकारियों के बीच घनिष्ठ समन्वय पर जोर दिया और विभिन्न मुद्दों को संबोधित करने और उन्हें जल्द से जल्द हल करने के लिए एनटीपीसी के प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं के गुणवत्ता प्रतिनिधियों के साथ घनिष्ठ बातचीत का सुझाव दिया। बैठक में विभिन्न एनटीपीसी स्टेशनों की प्रस्तुतियां शामिल थीं, जिसमें 17 नवंबर को एनटीपीसी परियोजनाओं के सिविल कार्यों में क्यूए प्रथाओं पर सतीश उपाध्याय, ईडी-रम्मम द्वारा एक विचार-विमर्श भी शामिल था। क्वालिटी मीट में एनटीपीसी बोंगाईगांव के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें के सी मुरलीधरन, जीएम (ओ एंड एम) ए बिस्वास, जीएम (ऑपरेशन) और संजय पांडे, जीएम (एफजीडी) शामिल थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न एनटीपीसी स्टेशनों के क्यूए प्रतिनिधि शामिल हुए। कॉर्पोरेट सेंटर, आईटी, विजिलेंस, टीएस के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वीसी के माध्यम से एनटीपीसी स्टेशनों के प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुति दी।

# बनारस-संबलपुर एक्सप्रेस को विशाखापत्तनम तक बढ़ाया गया

## धर्मेंद्र प्रधान और अश्विनी वैष्णव ने संबलपुर से विशाखापत्तनम तक बनारस-संबलपुर एक्सप्रेस के विस्तार का शुभारंभ किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** माननीय केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, भारत सरकार धर्मेंद्र प्रधान और माननीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संबलपुर रेलवे स्टेशन से विशाखापत्तनम तक बनारस-संबलपुर-बनारस द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस के विस्तार का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में सांसद नितेश गंगदेव और माननीय विधायक नाउरी नायक उपस्थित थें जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बरगड रोड स्टेशन पर माननीय सांसद सुरेश पुजारी, संगीता कुमारी सिंह देव और निरंजन बिशी उपस्थित थे बलांगीर स्टेशन पर और बसंत कुमार पंडा केसिंगा स्टेशन पर कार्यक्रम में शामिल हुए। आज उद्घाटन कार्यक्रम में यह ट्रेन संबलपुर से विशाखापत्तनम तक विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी। हालांकि, इस ट्रेन के विस्तार हिस्से पर नियमित सेवाएं 22 नवंबर 2023 से विशाखापत्तनम से और 23 नवंबर 2023 से वाराणसी से शुरू की जाएंगी। ट्रेन को विशाखापत्तनम तक बढ़ाया गया है और संबलपुर और बनारस के बीच समय और ठहराव में कोई बदलाव नहीं किया गया है। विशाखापत्तनम तक इस ट्रेन का विस्तार दक्षिण और पश्चिम ओड़िशा के लोगों के लिए एक युगांतकारी परिवर्तन । संबलपुर से विशाखापत्तनम तक इस ट्रेन का विस्तार पश्चिम और दक्षिण ओड़िशा के निवासियों के लिए व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा जैसे विभिन्न कारणों से यात्रा करने के लिए एक जीवन रेखा के रूप में कार्य करेगा, इसके अलावा बनारस और विशाखापत्तनम के बीच सीधे संपर्क के कारण पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में वृद्धि होगी। विस्तारित ट्रेन अब 18311 विशाखापत्तनम-बनारस एक्सप्रेस, प्रत्येक बुधवार और रविवार को सुबह 0410 बजे विशाखापत्तनम से रवाना होगी। वापसी मार्ग पर 18312 बनारस-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस हर गुरुवार और सोमवार को अपराह्न 3 बजे बनारस से रवाना होगी। इस ट्रेन बरगड रोड, बलांगीर, टिटिलागड, केसिंगा, मुनिगुडा, रायगडा, पार्वतीपुरम, बब्बली, विजयनगरम और कोटावलसा जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी। इस विस्तार से संबलपुर और बनारस के बीच यात्रा की दूरी 895 किलोमीटर से बढ़कर 1400 किलोमीटर हो जायेगी और यात्रा का समय लगभग 28 घंटे और 30 मिनट बढ़ जायेगा। यह ट्रेन अब पहले के पारंपरिक डिब्बों के स्थान पर अत्याधुनिक एलएचबी डिब्बों के साथ दौड़ेगी जिसमें एक एसी-2 टियर, चार एसी-3 टियर, आठ स्लीपर क्लास, छह सेकंड क्लास सीटिंग, एक गार्ड और लगेज और दिव्यांगजन डिब्बे और एक पावर कार शामिल हैं।

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र शोक प्रस्ताव के बाद बुधवार तक के लिए स्थगित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सदन कल सुबह 10 :30 बजे तक के लिए स्थगित। विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने के बाद आज मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सदन में शोक प्रस्ताव पेश किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत नेता के लिए शोक प्रस्ताव पेश किया, जिसका विपक्ष ने समर्थन किया। कांग्रेस विधायकों के नेता नरसिंह मिश्र ने कोशली और उड़िया दोनों भाषाओं में बयान देकर शोक प्रस्ताव के प्रति अपना समर्थन जताया। शोक प्रस्ताव के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करने के लिए सदन के सभी सदस्यों ने शोक दिबंगत नेता के लिए एक मिनट का मौन रखा। जानकारी के लिए बता दें कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र 30 दिसंबर तक चलेगा। इस शीतकालीन सत्र में 30 कार्य दिवस हैं। विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सालुगा प्रधान को विधानसभा का नया उप वाचस्पति चुना गया।





























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**